सत्यमेव जयते

भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक
का
अनुपालन लेखापरीक्षा पर प्रतिवेदन
31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

छत्तीसगढ़ शासन

वर्ष 2023 का प्रतिवेदन संख्या–02

भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक
का
अनुपालन लेखापरीक्षा पर प्रतिवेदन

31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए

छत्तीसगढ़ शासन

वर्ष 2023 का प्रतिवेदन संख्या–02

विषय सूची

विषय	संदर्भ	
	कंडिका क्र.	पृष्ठ क्रमांक
प्राक्कथन		vii
विहंगावलोकन		ix
भाग–1		
अध्याय 1– परिचय		
इस प्रतिवेदन के विषय में	1.1	1
विभागों के व्यय की रूपरेखा	1.2	1
प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) का कार्यालय	1.3	4
लेखापरीक्षा के लिए प्राधिकार	1.4	4
नियोजन एवं लेखापरीक्षा का संचालन	1.5	4
लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर विभागों की प्रतिक्रिया	1.6	6
आभार	1.7	9
अध्याय 2– सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों की अनुपालन लेखापरीक्षा		
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग		
महामारी के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से अतिरिक्त खाद्यान्न वितरण का प्रबंधन	2.1	13
समाज कल्याण विभाग		
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण का कार्यान्वयन	2.2	24
लोक निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग		
कार्यों में उपयोग किये गये गौण खनिजों के रॉयल्टी प्रभारों की कटौती	2.3	39
जल संसाधन विभाग		
मानक विशिष्टियों (भारतीय मानक–456:2000) के अनुसार सीमेंट कंक्रीट कार्यों का निष्पादन	2.4	48

भाग –2

अध्याय 3– सामान्य		
प्रस्तावना	3.1	65
राजस्व प्राप्तियों की प्रवृत्ति	3.2	65
लेखापरीक्षा प्राधिकार	3.3	72
लेखापरीक्षा की योजना एवं संचालन	3.4	72
बकाया राजस्व का विश्लेषण	3.5	74
लेखापरीक्षा के प्रति शासन/विभागों की प्रतिक्रिया	3.6	75
लेखापरीक्षा परिणाम	3.7	76
अध्याय 4– राजस्व क्षेत्र की अनुपालन लेखापरीक्षा		
वाणिज्यिक कर– जीएसटी विभाग		
वस्तु एवं सेवा कर के संक्रमणकालीन क्रेडिट पर विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा	4.1	78
वस्तु एवं सेवा कर के प्रतिदाय पर विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा	4.2	90
वाणिज्यिक कर विभाग की अनुपालन लेखापरीक्षा	4.3	112

भाग –3

अध्याय 5– सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की अनुपालन लेखापरीक्षा		
छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस निगम लिमिटेड		
ब्याज से आय की हानि	5.1	121
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड		
देयकों को पारित करने में समुचित सावधानी का अभाव	5.2	122

परिशिष्ट

परिशिष्ट क्रमांक	विषय	संदर्भ	
		कंडिका क्र.	पृष्ठ क्रमांक
	(भाग–1)		
1.1	लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों एवं कंडिकाओं का विभागवार विवरण (सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र)	1.6.1	125
1.2	लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों एवं कंडिकाओं का विभागवार विवरण (पीएसयू)	1.6.1	126
2.1.1	चयनित जिलों की सूची	2.1.9	127
2.2.1	विभिन्न जिलों में डीबीटी भुगतान में देरी की सीमा	2.2.7.2	128
2.3.1	ठेकेदारों से रॉयल्टी चुकता प्रमाणपत्र (आरसीसी) प्राप्त किये बिना अंतिमीकरण किये गये अनुबंधों की सूची	2.3.6.2	134
2.3.2	ठेकेदारों से रॉयल्टी चुकता प्रमाणपत्र (आरसीसी) प्राप्त किये बिना अंतिमीकरण किये गये अनुबंधों की सूची	2.3.6.2	144
2.3.3	बाजार दर विलंब से जारी करने के कारण खनिजों के बाजार मूल्य की वसूली न होने का विवरण	2.3.6.3(i)	146
2.3.4	जिला कलेक्टरों के बाजार दरों पर आदेशों के बावजूद बाजार मूल्यों की वसूली न होने का विवरण (लोक निर्माण विभाग)	2.3.6.3(ii)	150
2.3.5	जिला कलेक्टरों के बाजार दरों पर आदेशों के बावजूद खनिजों के बाजार मूल्य की वसूली न होने का विवरण (जल संसाधन विभाग)	2.3.6.3(ii)	156
2.3.6	रॉयल्टी राशि को खनिज विभाग के खाते मे प्रेषित नही करते हुए जमा शीर्ष के अंतर्गत रखे जाने का विवरण	2.3.6.4	158
2.4.1	निम्न ग्रेड कंक्रीट के साथ कार्य के पीसीसी और आरसीसी आइटम के निष्पादन का विवरण	2.4.8.2(i)	165
2.4.2	आईएस 456:2000 में निर्दिष्ट संख्या से कम संख्या में क्यूब परीक्षण किए जाने का विवरण	2.4.8.2(ii)	167

2.4.3	कंक्रीट कार्य के निष्पादन में स्टैंडर्ड कम्प्रेसिव स्ट्रेंथ की आवश्यकता का गैर–अनुपालन दर्शाने वाला विवरण	2.4.8.2(iii)	170
2.4.4	डिजाइन मिक्स के स्थान पर नॉमिनल मिक्स से आरसीसी एवं पीसीसी कार्य के निष्पादन के कारण निम्न विशिष्टियों वाले कार्य की स्वीकृति दर्शाने वाला विवरण	2.4.8.2(iv)	172
2.4.5	क्षतिग्रस्त कंक्रीट संरचनाओं का विवरण	2.4.8.2(v)	173
	(भाग–2)		
4.1.1	ऐसे व्यवसायियों का विवरण जिन्होंने त्रैमासिक विवरणी जमा नहीं किया या ट्रान–1 दाखिल करने के बाद विवरणी जमा किया लेकिन एसजीएसटी संक्रमणकालीन क्रेडिट को अग्रेनित किया	4.1.9.2(i)	175
4.1.2	ऐसे व्यवसायियों का विवरण जिन्होंने आईटीआर से अधिक एसजीएसटी संक्रमणकालीन क्रेडिट का दावा किया, जैसा कि वैट विवरणी में अग्रेनित किया गया, को दर्शाने वाला पत्रक	4.1.9.2(ii)	179
4.1.3	लंबित फॉर्म–सी पर अंतर कर के भुगतान किये बिना ट्रान–1 की तालिका 5(ग) के तहत दावा किए गए अधिक संक्रमणकालीन क्रेडिट को दर्शाने वाला विवरण	4.1.9.2(iii)	185
4.1.4	ऐसे व्यवसायियों का विवरण दर्शाने वाला पत्रक जिन्होंने समर्थित बीजक के बिना ट्रान–1 की तालिका 7(ग) के तहत इनपुट स्टॉक पर अयोग्य संक्रमणकालीन क्रेडिट का दावा किया	4.1.9.2(iv)	187
4.1.5	संक्रमणकालीन क्रेडिट की अधिक दावा की वापसी पर ब्याज का भुगतान न किये जाने को दर्शाने वाला पत्रक	4.1.9.2(v)	188
4.1.6	स्टॉक के संक्रमणकालीन क्रेडिट की अनियमित प्राप्ति दर्शाने वाला पत्रक	4.1.9.2(vi)	188
4.1.7	तालिका 6(ख), 7(ख), 7(ग), 10(क) और 11 के तहत दावा किए गए संक्रमणकालीन क्रेडिट से संबंधित अप्रस्तुत अभिलेखों को दर्शाने वाला पत्रक	4.1.9.2(vii)	189
4.2.1ए	आवेदनों की पावती जारी करने में विलंब–प्री–ऑटोमेशन	4.2.9.1(i)	191

4.2.1बी	आवेदनों की पावती जारी करने में विलंब–पोस्ट–ऑटोमेशन	4.2.9.1(i)	194
4.2.2ए	प्रतिदाय आदेश जारी करने में विलंब–प्री–ऑटोमेशन	4.2.9.1(ii)	195
4.2.2बी	प्रतिदाय आदेश जारी करने में विलंब–पोस्ट–ऑटोमेशन	4.2.9.1(ii)	197
4.2.3	प्रतिपक्षी कर प्राधिकरण को प्रतिदाय आदेश संप्रेषित करने में असामान्य विलंब–प्री–ऑटोमेशन	4.2.9.1(iii)	198
4.2.4	कॉमन पोर्टल के माध्यम से पावती/कमी की प्राप्ति नहीं किया जाना–प्री–ऑटोमोशन	4.2.9.7	199
4.2.5	अभिलेखों का प्रस्तुत नहीं किया जाना–प्री–ऑटोमेशन	4.2.9.10	200
4.2.6	प्रतिदाय के प्रकरण जिनमें प्रतिदाय के आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज अपलोड नहीं किये गये	4.2.9.10	201
4.3.1	मूल्य संवर्धित कर के निम्न दर का आरोपण	4.3.7.1	204
4.3.2	प्रवेश कर के गलत दर का आरोपण	4.3.7.2	207
4.3.3	घोषणा फॉर्म 'सी' प्रस्तुत किये बिना ही कर की रियायती दर	4.3.7.3	212
4.3.4	वैधानिक फॉर्म 'ई–1/सी' प्रस्तुत किये बिना कर से छूट	4.3.7.4	214
4.3.5	वैधानिक फॉर्म 'एफ' प्रस्तुत किये बिना कर से छूट	4.3.7.5	215
	(भाग–3)		
5.1	एक्सिस बैंक के चालू खाते में रखे न्यूनतम शेष एवं उस पर ब्याज की हानि को दर्शाने वाला विवरण पत्रक	5.1	217
5.2	मेसर्स एफईईएल के संबंध में 04.07.2017 से 13.08.2019 तक के देयकों का जीएसटी सहित विवरण	5.2	221

प्राक्कथन

राज्य विधानमण्डल के समक्ष रखे जाने हेतु छत्तीसगढ़ के राज्यपाल को प्रस्तुत करने के लिए 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए छत्तीसगढ़ शासन से संबंधित यह प्रतिवेदन तैयार किया गया है। इस प्रतिवेदन में तीन भाग हैं:

भाग–एक में भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अधीन राज्य विधानमण्डल के समक्ष रखे जाने हेतु सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के विभागों की लेखापरीक्षा के परिणामों की चर्चा की गई है। इसमें छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, समाज कल्याण विभाग, लोक निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग के अनुपालन लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणामों को शामिल किया गया है।

भाग–दो में राजस्व क्षेत्र के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर–जीएसटी विभाग के अनुपालन लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणामों को शामिल किया गया है।

भाग–तीन छत्तीसगढ़ शासन के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की लेखापरीक्षा के परिणामों से संबंधित है, जो नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्त्तव्य, शक्तियाँ और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 19(ए) के अंतर्गत राज्य विधानसभा के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है। इसमें छत्तीसगढ़ शासन के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अनुपालन लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणामों को शामिल किया गया है।

इस प्रतिवेदन में उन मामलों का उल्लेख किया गया है जो वर्ष 2019–21 की अवधि के दौरान नमूना लेखापरीक्षा के दौरान ध्यान में आये, साथ ही साथ गत वर्षों के ऐसे मामले जो ध्यान में तो आये थे परंतु पूर्व वर्षों के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में प्रतिवेदित नहीं किये जा सके थे। वर्ष 2019–21 के बाद की अवधि से संबंधित मामलों को भी सम्मिलित किया गया है, जहाँ आवश्यक रहा हो।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी किये गये लेखापरीक्षा मानकों के अनुरूप लेखापरीक्षा संचालित की गई है।

विहंगावलोकन

इस प्रतिवेदन में पाँच अध्याय हैं जिनमें छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य, सामाजिक, आर्थिक एवं राजस्व क्षेत्र के अंतर्गत पाँच विभागों से संबंधित सात अनुपालन लेखापरीक्षाओं के परिणाम तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से संबंधित दो लेखापरीक्षा कंडिकाएं शामिल हैं।

भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के लिए निर्धारित लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार लेखापरीक्षा का संचालन किया गया है। लेखापरीक्षा के नमूने सरल यादृच्छिक नमूनाकरण बिना प्रतिस्थापन विधि और परिमाण सापेक्ष संभाव्यता बिना प्रतिस्थापन विधि के आधार पर लिये गये हैं। अपनाई गई विशिष्ट लेखापरीक्षा पद्धति का उल्लेख अनुपालन लेखापरीक्षाओं में किया गया है। शासन के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए लेखापरीक्षा निष्कर्ष निकाले गये हैं तथा अनुशंसाएं की गयी हैं।

अध्याय 1

यह अध्याय सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र से संबंधित लेखापरीक्षा निरीक्षण प्रतिवेदनों/लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर शासन की प्रतिक्रियाओं के साथ–साथ विभागों के व्यय पर संक्षिप्त विवेचना तथा लेखापरीक्षा की योजना और सीमा प्रस्तुत करता है।

अध्याय 2

यह अध्याय (i) महामारी के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से अतिरिक्त खाद्यान्न वितरण का प्रबंधन; (ii) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण का कार्यान्वयन; (iii) कार्यों में उपयोग किये गये गौण खनिजों के रॉयल्टी प्रभारों की कटौती; एवं (iv) मानक विशिष्टियों (भारतीय मानक–456:2000) के अनुसार सीमेंट कंक्रीट कार्यों का निष्पादन पर चार अनुपालन लेखापरीक्षाओं के निष्कर्षों से संबंधित है। इस अध्याय में सम्मिलित लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणामों का सार नीचे दिया गया है:

2.1 महामारी के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से अतिरिक्त खाद्यान्न वितरण का प्रबंधन

भारत सरकार ने कोविड–19 के प्रसार और लॉकडाउन लगाने के कारण लोगों को होने वाली कठिनाइयों को कम करने के लिए निःशुल्क खाद्यान्न की सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और आत्मनिर्भर भारत योजना (एएनबीएस) शुरू की। महामारी के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से अतिरिक्त खाद्यान्न वितरण प्रबंधन का अनुपालन लेखापरीक्षा इन योजनाओं के तहत लक्षित हितग्राहियों को खाद्यान्न के वितरण का आकलन करने के लिए किया गया।

राज्य सरकार पीएमजीकेएवाई के प्रारंभ किए जाने के पूर्व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए)/छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम (सीजीएफएसए) के हितग्राहियों को अतिरिक्त चावल प्रदान कर रही थी। तदनुसार, एनएफएसए–प्राथमिकता परिवार (पीएचएच) केवल एक व्यक्ति वाले राशन कार्ड धारक को 10 कि.ग्रा., दो व्यक्ति वाले को 20 कि.ग्रा., तीन से पाँच व्यक्ति वाले को 35 कि.ग्रा. तथा पाँच से अधिक व्यक्ति वाले को सात कि.ग्रा. प्रति व्यक्ति प्रति माह चावल प्रदान किया जा रहा था। यद्यपि, पीएमजीकेएवाई के प्रारंभ किए जाने के बाद, राज्य सरकार द्वारा हितग्राहियों को मिलने वाले निःशुल्क चावल की अधिकतम मात्रा की पात्रता को संशोधित किया गया, जिसके

कारण एक से तीन सदस्यों वाले एनएफएसए–पीएचएच राशन कार्ड धारकों को अतिरिक्त चावल का लाभ नहीं मिला तथा तीन से अधिक सदस्यों वाले कार्ड धारकों को पीएमजीकेएवाई के तहत परिकल्पित पाँच कि.ग्रा. प्रति व्यक्ति के स्थान पर तीन कि.ग्रा. प्रति व्यक्ति की दर से अतिरिक्त चावल प्राप्त हुआ। इस प्रकार, राज्य में कुल 31.05 लाख एनएफएसए–पीएचएच (एक से तीन सदस्यो वाले राशनकार्ड धारक) हितग्राहियों को उतनी ही मात्रा में चावल प्रदान किया गया, जितना कि उन्हें पीएमजीकेएवाई के कार्यान्वयन से पहले प्राप्त हो रहा था। इसी प्रकार, 136.27 लाख हितग्राहियों (तीन से अधिक सदस्यों वाले राशन कार्ड धारक) को प्रति माह तीन कि.ग्रा. चावल की अतिरिक्त मात्रा प्रदान की गई। इस प्रकार, राज्य योजना में संशोधन के कारण राज्य में 167.32 लाख एनएफएसए–पीएचएच हितग्राही पीएमजीकेएवाई के तहत अपेक्षित अतिरिक्त सहायता से लाभान्वित नहीं हुए थे।

आगे, लेखापरीक्षित अवधि के दौरान 2.54 लाख परिवारों/हितग्राहियों को 17,803 क्विंटल चना का वितरण नहीं किया गया था। राज्य सरकार एएनबीएस के तहत पंजीकृत 30,218 प्रवासी/फंसे हुए व्यक्तियों को निःशुल्क चावल और एएनबीएस योजना के तहत चिन्हित 20,395 प्रवासी परिवारों को चना वितरित नहीं कर सकी। विभाग के द्वारा 80 प्रतिशत उचित मूल्य दुकानों (एफपीएस) में मासिक निरीक्षण नहीं किया गया था तथा निरीक्षण पंजी का संधारण भी नहीं किया गया था। अट्ठानवे प्रतिशत एफपीएस में सामाजिक अंकेक्षण नहीं किया गया था।

(कंडिका 2.1)

2.2 इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण का कार्यान्वयन

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का अनुपालन लेखापरीक्षा यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया था कि क्या मध्यवर्ती स्तर एवं इच्छित हितग्राहियों को भुगतान में विलंब को कम करने और हितग्राहियों के दोहराव को रोकने के प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के कार्यान्वयन का मूल उद्देश्य प्राप्त किया गया था और डीबीटी का प्रबंधन पर्याप्त और प्रभावी था। लेखापरीक्षा ने पाया कि राज्य में डीबीटी के कार्यान्वयन के बाद 95 प्रतिशत पेंशन भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया। तिरानवे प्रतिशत प्रकरणों में हितग्राहियों की आधार संख्या प्राप्त कर ली गयी थी, जबकि चार प्रतिशत प्रकरणों में आधार सत्यापन लंबित था। कुल 5,335 (2.13 प्रतिशत) हितग्राहियों के संबंध में डीबीटी अंतरण के लिए आवश्यक डेटा का डिजिटलीकरण पूरा नहीं किया गया था। अस्सी वर्ष और उससे अधिक आयु के 6,006 हितग्राही ऐसे थे जिन्हें बढ़ी हुई दरों पर पेंशन नहीं मिल रही थी। आगे, लेखापरीक्षा में हितग्राही की मृत्यु के बाद पेंशन को बंद करने में विलंब, हितग्राहियों को पेंशन की स्वीकृति और संवितरण में विलंब और डुप्लिकेट हितग्राहियों के प्रकरण पाये गये। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम–पेंशन प्रसंस्करण प्रणाली (एनएसएपी–पीपीएस) में आवेदन पत्र उनकी प्राप्ति के तुरंत बाद दर्ज नहीं किए जा रहे थे, बल्कि केवल पात्र आवेदकों के विवरण सहायक दस्तावेजों जैसे फोटोग्राफ, आयु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि को अपलोड किए बिना दर्ज किये गये थे जिसके परिणामस्वरूप ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वीकृति प्रक्रिया की निगरानी नहीं की जा रही थी।

(कंडिका 2.2)

2.3 कार्यों में उपयोग किये गये गौण खनिजों के रॉयल्टी प्रभारों की कटौती

लोक निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग का अनुपालन लेखापरीक्षा यह आकलन करने के लिए किया गया था कि क्या ठेकेदार के देयकों से रॉयल्टी की कटौती अधिनियम, नियमों और राज्य शासन के निर्देशों/आदेश के प्रावधानों के अनुसार की गई थी।

लेखापरीक्षा ने पाया कि दोनों विभागों ने संशोधित नियमों और शासकीय आदेशों के अनुसार निर्माण कार्यों के लिए निष्पादित अनुबंधों में मौजूदा रॉयल्टी अनुच्छेद को संशोधित नहीं किया था। दोनों विभागों में ठेकेदारों से रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र (आरसीसी) प्राप्त किए बिना अंतिम भुगतान किया गया था और 203 अनुबंधों के अंतर्गत कार्यों में उपयोग किए गए गौण खनिजों के बाजार मूल्य ₹ 307.09 करोड़ की भी ठेकेदारों के देयकों से कटौती नहीं की गई थी। बीस संभागों में 66 अनुबंधों के अंतर्गत कलेक्टर द्वारा बाजार दर जारी करने में विलम्ब के कारण गौण खनिजों का बाजार मूल्य वसूल नहीं किया गया जबकि 47 संभागों में 137 अनुबंधों के अंतर्गत कलेक्टरों द्वारा बाजार मूल्य जारी किये जाने के बावजूद भी बाजार मूल्य की वसूली नहीं की गयी थी।

लोक निर्माण विभाग के 44 संभागों में, 142 अनुबंधों के अंतर्गत ठेकेदारों के देयकों से रॉयल्टी प्रभारों की वसूल की गई ₹ 65.39 करोड़ की राशि निर्माण विभाग के जमा शीर्ष (8443–सिविल निक्षेप–108–लोक निर्माण निक्षेप) में रखी गई थी और अंतिम देयकों के भुगतान के एक महीने की अवधि में खनिज साधन विभाग के अंतिम लेखा शीर्ष (0853–अलौह खनन और धातुकर्म उद्योग–102–खनिज रियायत शुल्क, किराया और रॉयल्टी) में जमा नहीं की गई थी।

(कंडिका 2.3)

2.4 मानक विशिष्टियों (भारतीय मानक–456:2000) के अनुसार सीमेंट कंक्रीट कार्यों का निष्पादन

अनुपालन लेखापरीक्षा यह जाँच करने के उद्देश्य से किया गया था कि क्या सीमेंट कंक्रीट कार्य (प्लेन सीमेंट कंक्रीटः पीसीसी और रीइन्फोर्स्ड सीमेंट कंक्रीटः आरसीसी) भारतीय मानक (आईएस) कोड 456:2000 के निर्धारित मानदंडों के अनुसार निष्पादित किए गए थे और क्या सीमेंट कंक्रीट के गुणवत्ता परीक्षण हेतु विभाग के पास पर्याप्त जनशक्ति और उपकरण/मशीनरी उपलब्ध थी।

जल संसाधन विभाग ने सीमेंट कंक्रीट कार्य के निष्पादन में आईएस कोड ऑफ प्रैक्टिस 456:2000 का अनुपालन नहीं किया। विभाग की गुणवत्ता नियंत्रण ईकाइयों में जनशक्ति तथा मशीनों की कमी थी। लेखापरीक्षा ने पाया कि सीमेंट कंक्रीट कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित संख्या में क्यूब परीक्षण नहीं किए जा रहे थे और प्रत्येक नमूने के परीक्षण के लिए तीन प्रतिरूपों का औसत नहीं लिया गया था। नमूना जाँच किये गये कार्यों में विभाग द्वारा जाँचे गये 7,401 नमूनों में से 6,852 (93 प्रतिशत) नमूने स्वीकृति मानदंडों को पूरा करने में असफल रहे, जो यह दर्शाता है कि निष्पादित कार्यों की लक्षित शक्ति प्राप्त नहीं हुई थी। विभाग ने पीसीसी कार्य (एम–15 से कम) और आरसीसी कार्य (एम–25 से कम) निम्न विशिष्टि के साथ प्रावधान कर निष्पादित किए जो आईएस कोड के अनुरूप नहीं हैं। पाँच नमूना जाँच किए गए अनुबंधों में कंक्रीट के उच्च ग्रेड (एम–25 और अधिक) के लिए डिजाइन मिक्स को नहीं अपनाया गया था। इस प्रकार, आईएस कोड 456:2000 का पालन नहीं किये जाने के कारण विभाग द्वारा निष्पादित सीमेंट कंक्रीट कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में गुणवत्ता नियंत्रण ईकाइयां विफल रहीं।

(कंडिका 2.4)

अध्याय 3

यह अध्याय राज्य शासन की राजस्व प्राप्तियों का विहंगावलोकन, पाँच वर्ष की अवधि में प्राप्तियों की प्रवृत्ति का विश्लेषण और राजस्व क्षेत्र से संबंधित लेखापरीक्षा निरीक्षण प्रतिवेदनों/लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर सरकार की प्रतिक्रियाओं के साथ–साथ लेखापरीक्षा की योजना और सीमा के अलावा कर राजस्व के बकाया का विवरण प्रस्तुत करता है।

अध्याय 4

इस अध्याय में (i) वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) के संक्रमणकालीन क्रेडिट; (ii) वस्तु एवं सेवा कर के प्रतिदाय; एवं (iii) वाणिज्यिक कर विभाग पर अनुपालन लेखापरीक्षाएं सम्मिलित हैं।

4.1 वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) के संक्रमणकालीन क्रेडिट पर अनुपालन लेखापरीक्षा

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संक्रमणकालीन क्रेडिट पर विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा, संक्रमणकालीन क्रेडिट के दावों के सत्यापन हेतु विभाग द्वारा परिकल्पित तंत्र की पर्याप्तता और प्रभावशीलता का आकलन करने एवं करदाता द्वारा जीएसटी प्रणाली में ले जाये गये संक्रमणकालीन क्रेडिट की वैधता और स्वीकार्यता की जाँच करने के लिए की गयी।

लेखापरीक्षा ने कई कमियां पायी जैसे वैट विवरणी दाखिल किए बिना संक्रमणकालीन क्रेडिट दावे की अनियमित प्राप्ति; वैट संक्रमणकालीन क्रेडिट का अधिक अग्रेनयन; अंतर कर का भुगतान किए बिना संक्रमणकालीन क्रेडिट का अधिक दावा; स्टॉक में रखे इनपुट पर संक्रमणकालीन क्रेडिट की अनियमित प्राप्ति; अधिक दावा किए गए संक्रमणकालीन क्रेडिट की वापसी पर ब्याज का भुगतान न करना और बिना बीजक के स्टॉक पर ट्रॉन–2 दाखिल कर संक्रमणकालीन क्रेडिट का अनियमित लाभ लेना।

लेखापरीक्षा ने पाया कि विभाग ने सभी संक्रमणकालीन क्रेडिट मामलों का वैट विवरण के साथ प्रति सत्यापन नहीं किया था, जबकि यह अनियमितताओं को सुधारने के लिए एकबारगी महत्वपूर्ण प्रयास था। आगे, यद्यपि विभाग ने सत्यापन के लिए संक्रमणकालीन प्रकरणों की पहचान की थी तथापि जहां अनियमितताएं पाई गई वहां राजस्व की वसूली के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी।

(कंडिका 4.1)

4.2 वस्तु एवं सेवा कर के प्रतिदाय पर अनुपालन लेखापरीक्षा

वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था के अंतर्गत प्रतिदाय प्रकरणों का विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा का उद्देश्य अधिनियम, नियमों, अधिसूचनाओं, परिपत्रों आदि की पर्याप्तता, कर अधिकारियों द्वारा मौजूदा प्रावधानों का अनुपालन, करदाताओं द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रणालियों की प्रभावकारिता और प्रतिदाय के आवेदनों के निराकरण में विभागीय अधिकारियों के प्रदर्शन की जाँच के लिए प्रभावी आंतरिक नियंत्रण तंत्र के अस्तित्व का आकलन करना था।

प्रतिदाय आदेशों की स्वीकृति में 651 दिनों तक का विलंब हुआ था। इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के मामले में नेट इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) में इनपुट सेवाओं पर आईटीसी को शामिल करने के कारण विभाग ने ₹ 0.82 करोड़ का अधिक प्रतिदाय प्रदान किया। विभाग द्वारा ₹ 0.26 करोड़ राशि का अनंतिम प्रतिदाय वस्तुओं और सेवाओं की शून्य रेटेड आपूर्ति से भिन्न अन्य मामलों में प्रदान किया गया। प्रतिदाय के लिए निर्धारित शर्त को पूरा किये बिना क्षतिपूर्ति उपकर की राशि ₹ 1.25 करोड़ का अनियमित प्रतिदाय प्रदान किया गया था। आगे, इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के मामले में विभाग ने ₹ 1.21 करोड़ की आईटीसी का अतिरिक्त प्रतिदाय, इस उद्देश्य के लिये निर्धारित सूत्र का पालन नहीं करने के कारण प्रदान किया।

(कंडिका 4.2)

4.3 वाणिज्यिक कर विभाग की अनुपालन लेखापरीक्षा

वाणिज्यिक कर विभाग की अनुपालन लेखापरीक्षा यह सुनिश्चित एवं मूल्यांकन करने के लिए किया गया था कि क्या मूल्य संवर्धित कर, केन्द्रीय विक्रय कर एवं प्रवेश कर के अंतर्गत करों का आकलन निर्धारित प्रक्रियानुसार किया गया था, कर निर्धारण प्राधिकारी द्वारा प्रदान की गई कर छूट/रियायत की लागू दरें वैध घोषणा फॉर्म से समर्थित थे और दाखिल की गई कर विवरणियों के प्रारंभिक जाँच में कर निर्धारण प्राधिकारी ने यथोचित प्रयास किया था।

लेखापरीक्षा ने वस्तुओं के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के कारण मूल्य संवर्धित कर तथा प्रवेश कर के गलत दर के अनुप्रयोग के प्रकरण पाये जिसके फलस्वरूप ₹ 6.50 करोड़ मूल्य के संवर्धित कर तथा ₹ 2.65 करोड़ मूल्य के प्रवेश कर का कम आरोपण हुआ। कर निर्धारण प्राधिकारियों ने करदाता के द्वारा वैधानिक फॉर्म प्रस्तुत किए बिना अन्तर्राज्यीय विक्रय, शाखा विक्रय एवं पारगमन विक्रय पर केन्द्रीय विक्रय कर के अंतर्गत कर की रियायती दर/कर से छूट की अनुमति दी जिसके फलस्वरूप ₹ 5.22 करोड़ कर की कम वसूली हुई।

(कंडिका 4.3)

अध्याय 5

इस अध्याय में राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से संबंधित दो लेखापरीक्षा कंडिकाएं सम्मिलित है।

5.1 ब्याज से आय की हानि

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस निगम लिमिटेड (कंपनी) विभिन्न बैंकों में अलग–अलग बैंक खाते संचालित करती है एवं ऑटो स्वीप सुविधा का लाभ उठाती है, जिसके अंतर्गत एक निश्चित थ्रेसहोल्ड सीमा से अधिक धनराशि स्वतः ही सावधि जमा (एफडी) में परिवर्तित हो जाती है। कंपनी के एक्सिस बैंक के पाँच खातों में ऑटो स्वीप सुविधा के लिए थ्रेसहोल्ड सीमा ₹ 15.00 करोड़ थी जबकि अन्य बैंक खातों में थ्रेसहोल्ड सीमा ₹ 2.00 लाख से ₹ 10.00 लाख के मध्य थी। इसके परिणामस्वरुप ऑटो स्वीप सुविधा के लिए उच्च थ्रेसहोल्ड सीमा रखने के कारण बैंक निक्षेपों पर ब्याज से होने वाली आय अर्जित न होने से सरकारी खजाने को ₹ 3.82 करोड़ की हानि हुई एवं इसके परिणामस्वरूप बैंक को अनुचित लाभ भी पहुँचा।

(कंडिका 5.1)

5.2 देयकों को पारित करने में समुचित सावधानी का अभाव

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (कंपनी) ने दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत सामग्री की आपूर्ति और लाइनों एवं सबस्टेशनों के निर्माण के लिए ठेकेदार को ₹ 202.97 करोड़ का कार्यादेश जारी किया (दिसंबर 2016)। लेखापरीक्षा ने पाया कि जीएसटी विभाग द्वारा ठेकेदार के जीएसटी पंजीकरण को रद्द कर दिया गया था (जुलाई 2017) एवं बाद में उसे नया पंजीकरण नंबर दिया गया था (अक्टूबर 2020) जिसकी देयता तिथि अगस्त 2019 से प्रभावशील थी। यद्यपि, ठेकेदार ने इन दो वर्षों की अवधि के दौरान पुराने जीएसटी नंबर के साथ देयक प्रस्तुत करना जारी रखा एवं कंपनी ने ठेकेदार द्वारा करों के भुगतान का साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने के बाद भी ठेकेदार को उसके देयकों पर ₹ 10.36 करोड़ के जीएसटी का भुगतान कर दिया। इसके परिणामस्वरुप सीजीएसटी अधिनियम के तहत अपंजीकृत ठेकेदार को ₹ 10.36 करोड़ का अनुचित भुगतान हुआ।

(कंडिका 5.2)

भाग 1– सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र

अध्याय 1

परिचय

अध्याय 1

परिचय

1.1 इस प्रतिवेदन के विषय में

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) के इस प्रतिवेदन में छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व अर्जित करने वाले विभागों और राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) सहित विभिन्न विभागों के अनुपालन लेखापरीक्षा से उजागर हुए मामले शामिल हैं। अनुपालन लेखापरीक्षा एक स्वतंत्र मूल्यांकन है कि क्या दी एक गई विषयवस्तु (एक गतिविधि, वित्तीय या गैर–वित्तीय लेनदेन, एक ईकाई या ईकाइयों के एक समूह के संबंध में जानकारी) सभी रूप में, लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, स्थापित संहिताओं इत्यादि तथा ठोस सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन और लोक सेवकों के आचरण को नियंत्रित करने वाले सामान्य सिद्धांतों का अनुपालन करती है।

इस प्रतिवेदन का प्राथमिक उद्देश्य लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणामों को राज्य विधानमंडल के ध्यान में लाना है। लेखापरीक्षा के निष्कर्षों से यह अपेक्षित है कि वह कार्यपालिका को सुधारात्मक कार्रवाई करने, उचित नीतियां बनाने के साथ–साथ निर्देश जारी करने में सक्षम बनाए जिससे कि संगठनों के बेहतर वित्तीय प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा और बेहतर प्रशासन में योगदान होगा।

इस अध्याय में लेखापरीक्षा की योजना और क्षेत्र, विभिन्न विभागों के अनुपालन लेखापरीक्षा के दौरान निकाले गए लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर विभागों एवं शासन की प्रतिक्रिया की व्याख्या की गई है।

1.2 विभागों के व्यय की रूपरेखा

छत्तीसगढ़ शासन के विभागों द्वारा 2018–19 से 2020–21 तक की तीन वर्ष की अवधि के दौरान, बजट अनुमान के विरूद्ध किये गये व्यय का सारांश **तालिका 1.1** में दर्शाया गया है।

तालिका 1.1 : राज्य में विभिन्न विभागों द्वारा किये गये व्यय

(₹ करोड़ में)

स. क्र.	विभाग का नाम	2018–19		2019–20		2020–21	
		बजट अनुमान	वास्तविक व्यय	बजट अनुमान	वास्तविक व्यय	बजट अनुमान	वास्तविक व्यय
1	सामान्य प्रशासन विभाग	414.73	333.14	459.48	299.78	394.52	248.64
2	गृह विभाग	4377.31	3755.16	4582.22	4400.24	5225.80	4230.72
3	जेल विभाग	219.32	144.65	203.63	170.57	226.06	148.87
4	वित्त विभाग	11525.85	10651.47	16237.25	23268.15	17189.46	20961.62
5	वाणिज्यिक कर विभाग	320.89	166.58	350.87	351.70	369.82	250.74
6	राजस्व विभाग	2084.24	1247.34	1702.42	1413.16	1942.86	1953.85
7	परिवहन विभाग	112.05	41.91	76.17	51.83	103.18	50.70
8	खेल एवं युवा कल्याण विभाग	139.69	74.52	110.71	32.67	203.10	25.91
9	वन विभाग	1563.93	1050.86	1530.98	1701.32	2241.10	1757.11
10	वाणिज्य और उद्योग विभाग	391.08	236.71	378.86	241.37	418.04	227.00
11	खनिज संसाधन विभाग	908.34	277.79	963.11	212.41	795.61	305.08

12	ऊर्जा विभाग	4704.21	3136.78	4352.08	5705.40	5596.53	5454.12
13	कृषि विभाग	4452.63	9115.79	7604.10	2632.32	8003.27	7784.96
14	सहकारिता विभाग	334.18	3276.18	1816.40	2436.02	436.89	226.32
15	श्रम विभाग	174.59	117.27	204.73	140.83	215.85	150.95
16	लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग	3470.33	2930.16	3385.77	3512.34	4023.43	4464.16
17	नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग	3357.68	2424.03	2929.80	2859.26	3582.94	3393.72
18	लोक निर्माण विभाग	7187.10	4654.02	6218.16	4146.55	6410.03	3887.08
19	स्कूल शिक्षा विभाग	12472.66	11502.95	13502.60	14494.23	15599.20	12769.23
20	विधि एवं विधायी कार्य विभाग	641.15	545.82	911.13	614.92	838.86	437.85
21	पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	9222.75	7098.90	8996.66	7596.10	9000.13	6012.25
22	योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग	131.67	119.56	228.33	211.38	238.12	210.20
23	जनसंपर्क विभाग	260.48	259.11	191.83	238.40	238.01	179.88
24	अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग	130.00	986.37	2273.91	1075.71	2373.62	1440.93
25	समाज कल्याण विभाग	0.00	840.93	969.36	974.51	1004.83	1066.39
26	खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग	4752.39	4113.03	5353.45	5749.47	5072.87	4316.76
27	संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग	107.43	61.87	107.12	75.77	156.70	64.29
28	जल संसाधन विभाग	3393.29	2148.11	2994.70	1797.53	3080.59	1667.54
29	आवास एवं पर्यावरण विभाग	851.48	260.45	565.95	332.71	614.91	230.82
30	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग	1030.03	613.27	1002.22	629.80	1021.40	1068.82
31	पशुपालन विभाग	517.62	399.66	613.04	472.94	636.28	458.37
32	मत्स्य विभाग	115.18	75.71	120.19	110.51	142.95	119.10
33	उच्च शिक्षा विभाग	953.99	696.71	1010.70	931.92	1072.55	724.97
34	महिला एवं बाल विकास विभाग	1929.42	1105.18	2062.84	1696.37	2342.29	1452.43
35	कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग	708.24	402.28	691.39	414.01	716.01	376.26
36	इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग	678.66	258.15	129.00	321.39	240.86	105.76
37	विमानन विभाग	59.11	30.79	67.95	41.86	130.01	53.57
38	राज्य विधानमंडल	62.42	39.34	69.24	45.65	62.79	41.54
39	ग्रामोद्योग विभाग	155.96	112.24	167.19	126.88	148.71	119.46
40	चिकित्सा शिक्षा विभाग	1326.02	781.21	1470.41	1096.62	1604.66	1159.65
योग		**85238.10**	**76086.00**	**96605.95**	**92624.60**	**103714.84**	**89597.62**

(स्त्रोत : संबंधित वर्षों के लिए छत्तीसगढ़ शासन की बजट पुस्तिका)

जैसा कि उपरोक्त तालिका से देखा जा सकता है कि 2018–19 से 2020–21 तक, राज्य शासन के विभिन्न विभागों में व्यय 17.75 प्रतिशत से बढ़ा है। हालांकि, उसी अवधि में बजट उपयोग 89 प्रतिशत से घटकर 86 प्रतिशत हो गया।

तालिका 1.2 तीन वर्ष की अवधि 2018–21 के दौरान, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के विरूद्ध राजस्व प्राप्तियों के साथ–साथ राजस्व उत्प्लावकता की प्रवृत्तियों और वृद्धि की जानकारी प्रदान करती है।

तालिका 1.2: राजस्व प्राप्तियों की प्रवृत्तियाँ

विवरण	2018–19	2019–20	2020–21
राजस्व प्राप्तियाँ (₹ करोड़ में)	65,094.93	63,868.70	63,176.18
राजस्व प्राप्तियों की वृद्धि की दर (प्रतिशत)	9.13	(–) 1.88	(–) 1.08
स्वयं के कर राजस्व का बजट अनुमान (₹ करोड़ में)	26,030.00	22,930.00	26,155.00
वास्तविक स्वयं के कर राजस्व (₹ करोड़ में)	21,427.26	22,117.85	22,889.20
संघीय करों और शुल्कों/केन्द्रीय कर स्थानांतरण में राज्य के अंश का बजट अनुमान	22,954.97	27,917.00	26,803.30
संघीय करों और शुल्कों/केन्द्रीय कर स्थानांतरण में राज्य का अंश	23,458.69	20,205.84	20,337.54
कर राजस्व (स्वयं के कर और केन्द्रीय कर स्थानांतरण)	**44885.95**	**42,323.69**	**43,226.74**
कर राजस्व की वृद्धि की दर	**10.42**	(–) **5.71**	**2.13**
सकल राज्य घरेलू उत्पाद (₹ करोड़ में)	3,27,693	3,44,571	3,52,161
सकल राज्य घरेलू उत्पाद की वृद्धि की दर (प्रतिशत)	16.09	5.15	2.20
राजस्व प्राप्तियाँ/सकल राज्य घरेलू उत्पाद (प्रतिशत)	20.46	18.52	18.04
उत्प्लावकता अनुपात			
सकल राज्य घरेलू उत्पाद के संदर्भ में राजस्व उत्प्लावकता (राजस्व प्राप्तियों की वृद्धि की दर/सकल राज्य घरेलू उत्पाद की वृद्धि की दर)	0.57	(–) 0.37	(–) 0.49
सकल राज्य घरेलू उत्पाद के संदर्भ में कर राजस्व उत्प्लावकता (कर राजस्व की वृद्धि की दर/सकल राज्य घरेलू उत्पाद की वृद्धि की दर)	0.65	(–) 1.10	0.97

(स्त्रोत : 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए राज्य वित्त लेखापरीक्षा प्रतिवेदन की तालिका 2.3)

कर राजस्व 2018–19 से 2020–21 के दौरान (–) 5.71 प्रतिशत से 10.42 प्रतिशत तक की वृद्धि दर के साथ उतार–चढ़ाव की प्रवृत्ति दर्शाता है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद के संदर्भ में कर राजस्व अनुपात 2019–20 में नकारात्मक था जो इंगित करता है कि राज्य की राजस्व प्राप्तियां, सकल राज्य घरेलू उत्पाद की वृद्धि के समान गति से नहीं बढ़ी। वर्ष 2020–21 में कर राजस्व उत्प्लावकता सकारात्मक हुई लेकिन यह एक से कम रही।

उत्पलावकता अनुपात किसी राजकोषीय चर के मूल चर में दिये गये परिवर्तन के सापेक्ष प्रतिक्रियात्मकता के लोच अथवा परिमाण को दर्शाता है। उदाहरणार्थ– सकल राज्य घरेलू उत्पाद के सापेक्ष में 0.97 राजस्व उत्प्लावकता का अर्थ है कि यदि सकल घरेलू उत्पाद में एक प्रतिशत की वृद्धि होती है तो कर राजस्व प्राप्तियों में 0.97 प्रतिशत अंक की वृद्धि होती है।

1.3 प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) का कार्यालय

भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के निर्देशों के अधीन, प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), छत्तीसगढ़ का कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य में 42 विभागों[1] एवं उनके अधीन स्थानीय निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों की लेखापरीक्षा संचालित करता है। इनमें से 35 विभाग सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र लेखापरीक्षा के अंतर्गत आते हैं।

1.4 लेखापरीक्षा के लिए प्राधिकार

लेखापरीक्षा के लिए नियंत्रक–महालेखापरीक्षक का प्राधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 एवं 151 तथा नियंत्रक–महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियाँ एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 (डीपीसी एक्ट) से लिया गया है। नियंत्रक–महालेखापरीक्षक डीपीसी एक्ट के निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार शासन के सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में आने वाले विभागों की लेखापरीक्षा करता है:

- व्यय की लेखापरीक्षा डीपीसी एक्ट की धारा 13 के अधीन की जाती है:
- प्राप्तियों की लेखापरीक्षा डीपीसी एक्ट की धारा 16 के अधीन की जाती है:
- स्वायत्त निकायों की लेखापरीक्षा डीपीसी एक्ट की धारा 19(2)[2], 19(3)[3] एवं 20(1)[4] के अधीन की जाती है:
- स्थानीय निकायों की लेखापरीक्षा डीपीसी एक्ट की धारा 20(1) के अधीन की जाती है:
- इसके अतिरिक्त, नियंत्रक–महालेखापरीक्षक अन्य स्वायत्त निकायों, जिन्हें सरकार द्वारा पर्याप्त वित्त पोषित किया जाता है, की लेखापरीक्षा भी डीपीसी एक्ट की धारा 14[5] के अधीन करता है।

विभिन्न लेखापरीक्षाओं के लिए सिद्धांत एवं कार्यप्रणाली, लेखापरीक्षा मानकों तथा लेखापरीक्षा एवं लेखाओं पर विनियम के साथ–साथ नियंत्रक–महालेखापरीक्षक द्वारा अथवा उनकी ओर से जारी किये गये अन्य दिशा–निर्देशों, नियमावली और निर्देशों में निर्धारित हैं।

1.5 नियोजन एवं लेखापरीक्षा का संचालन

लेखापरीक्षा के नियोजन, संचालन और लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को तैयार करने की प्रक्रिया को नीचे दिये गये प्रवाह चित्र में दर्शाया गया है।

---

1 राजस्व क्षेत्र से संबंधित विभागों सहित।

2 संसद द्वारा बनाई गई विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित निगमों (जो कंपनियां न हो) के लेखाओं की लेखापरीक्षा, संबंधित विधानों के उपबंधों के अनुसार की जायेगी।

3 राज्य विधानमण्डल द्वारा बनाई गई विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित निगमों (जो कंपनियां न हो) के लेखाओं की लेखापरीक्षा।

4 राज्यपाल के अनुरोध पर, किसी निकाय अथवा प्राधिकरण के लेखाओं की लेखापरीक्षा ऐसे निबंधनों एवं शर्तों पर जैसा कि नियंत्रक–महालेखापरीक्षक और सरकार के मध्य तय हुआ हो।

5 (i) राज्य की संचित निधि से अनुदान अथवा ऋण द्वारा पर्याप्त वित्त पोषित निकाय/प्राधिकरण के सभी प्राप्तियों एवं व्यय और (ii) जहाँ किसी निकाय अथवा प्राधिकरण को राज्य के संचित निधि से किसी वित्तीय वर्ष में दिया गया अनुदान अथवा ऋण ₹ एक करोड़ से कम न हो, ऐसे निकाय अथवा प्राधिकरण के सभी प्राप्तियों एवं व्यय की लेखापरीक्षा।

चार्ट 1.1: नियोजन, लेखापरीक्षा का संचालन और लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों को तैयार करना



प्रत्येक ईकाई की लेखापरीक्षा पूर्ण होने के बाद एक निरीक्षण प्रतिवेदन जिसमें लेखापरीक्षा निष्कर्ष होते हैं, निरीक्षण प्रतिवेदन के प्राप्त होने के चार सप्ताह के भीतर उत्तर प्रस्तुत करने के अनुरोध के साथ उस ईकाई के प्रमुख को जारी किया जाता है। इन निरीक्षण प्रतिवेदनों में इंगित की गयी महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा टिप्पणियों जिन्हें शासन में उच्चतम स्तर के ध्यान में लाना अपेक्षित हो, को शासन की प्रतिक्रिया पर यथोचित विचार के बाद लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में संभावित समावेशन के पहले शासन को उनकी प्रतिक्रिया के लिए प्रारूप कंडिकाओं के रूप में जारी किया जाता है। इसके अतिरिक्त, विशिष्ट प्रसंगों अथवा विषयों पर अनुपालन लेखापरीक्षाओं को भी लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों

में संभावित समावेशन के पहले शासन को उनकी प्रतिक्रिया के लिए जारी किया जाता है। ये लेखापरीक्षा प्रतिवेदन भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अधीन राज्य विधानमण्डल के पटल पर रखे जाने हेतु छत्तीसगढ़ के राज्यपाल को प्रस्तुत किये जाते हैं।

1.6 लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर विभागों की प्रतिक्रिया

1.6.1 पिछली निरीक्षण प्रतिवेदनों पर प्रतिक्रिया

कार्यालय प्रमुखों एवं अगले उच्च प्राधिकारियों को निरीक्षण प्रतिवेदनों में सम्मलित टिप्पणियों का उत्तर देने एवं उचित सुधारात्मक कार्रवाई करने की आवश्यकता होती है। निरीक्षण प्रतिवेदन में बताये गये लेखापरीक्षा टिप्पणियों की चर्चा प्रधान महालेखाकार कार्यालय के अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ जिला/राज्य स्तर की बैठकों में भी नियत अंतराल पर की जाती है। 30 सितम्बर 2021 तक, पिछले वर्षों के सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों से संबंधित 5,172 निरीक्षण प्रतिवेदन जिनमें 28,870 कंडिकाएं शामिल है, निराकरण हेतु लंबित थे, जैसा नीचे विवरण दिया गया है। इनमें से 1,748 निरीक्षण प्रतिवेदनों (12,331 कंडिकाओं) के संबंध में प्रथम उत्तर प्राप्त नहीं हुआ हैं। विभाग–वार विवरण **परिशिष्ट 1.1** में दिया गया है।

तालिका 1.3 : लंबित कंडिकाओं की स्थिति (सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र)

वर्ष	निराकरण हेतु लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों/कंडिकाओं की संख्या (30 सितम्बर 2021 तक)		प्रथम उत्तर ही प्राप्त नहीं होने वाले निरीक्षण प्रतिवेदन/कंडिकाएं (30 सितम्बर 2021 तक)	
	निरीक्षण प्रतिवेदन	कंडिकाएं	निरीक्षण प्रतिवेदन	कंडिकाएं
2016–17 तक	3667	17512	642	3722
2017–18	440	3424	280	2316
2018–19	291	2149	196	1542
2019–20	478	3547	384	2907
2020–21	296	2238	246	1844
योग	**5172**	**28870**	**1748**	**12331**

इसके अलावा, 30 सितम्बर 2021 तक, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से संबंधित पिछले वर्षों के 254 निरीक्षण प्रतिवेदन जिनमें 1,185 कंडिकाएं शामिल थी, निराकरण हेतु लंबित थे, जैसा नीचे विवरण दिया गया है। विभाग–वार विवरण **परिशिष्ट 1.2** में दिया गया है।

तालिका 1.4 : लंबित कंडिकाओं की स्थिति (पीएसयू)

वर्ष	निराकरण हेतु लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों/कंडिकाओं की संख्या (30 सितम्बर 2021 तक)		प्रथम उत्तर ही प्राप्त नहीं होने वाले निरीक्षण प्रतिवेदन/कंडिकाएं (30 सितम्बर 2021 तक)	
	निरीक्षण प्रतिवेदन	कंडिकाएं	निरीक्षण प्रतिवेदन	कंडिकाएं
2016–17 तक	165	506	–	–
2017–18	30	156	–	–
2018–19	16	134	–	–
2019–20	43	389	–	–
2020–21	–	–	–	–
योग	**254**	**1185**	–	–

निरीक्षण प्रतिवेदनों एवं लेखापरीक्षा कंडिकाओं पर कार्रवाई की कमी इन प्रतिवेदनों में इंगित की गयी गंभीर वित्तीय अनियमितताओं को चिरस्थायी करने के जोखिम से भरी है। इसका परिणाम शासन प्रक्रिया में आंतरिक नियंत्रणों में कमी, सार्वजनिक वस्तुओं/सेवाओं का अक्षम और अप्रभावी वितरण, धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार एवं सरकारी खजाने को नुकसान भी हो सकता है। इसलिए राज्य शासन को इन निरीक्षण प्रतिवेदनों एवं लेखापरीक्षा कंडिकाओं में चिन्हित चिंताओं की समीक्षा एवं उन्हें दूर करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने हेतु एक उपयुक्त तंत्र की स्थापना करने की आवश्यकता है।

1.6.2 लेखापरीक्षा टिप्पणियों पर शासन की प्रतिक्रिया

सभी विभागों को नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में शामिल करने के लिए प्रस्तावित प्रारूप अनुपालन लेखापरीक्षा कंडिकाओं पर अपनी प्रतिक्रिया, उनकी प्राप्ति के छः सप्ताह के भीतर भेजना आवश्यक है। वर्ष 2021–22 के दौरान, सात प्रारूप अनुपालन लेखापरीक्षा कंडिकाएं और 12[6] प्रारूप कंडिकाएं संबंधित विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों/प्रमुख सचिवों/सचिवों को लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर उनका ध्यान आकर्षित करते हुए तथा छः सप्ताह के भीतर अपनी प्रतिक्रिया भेजने के अनुरोध के साथ भेजे गये थे। उनके व्यक्तिगत ध्यान में यह बात लायी गयी थी कि इन प्रारूप अनुपालन लेखापरीक्षा कंडिकाओं को भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन, जिसे राज्य विधानमण्डल के समक्ष रखा जाएगा, में शामिल किये जाने की संभावना है तथा लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर उनकी टिप्पणियों/प्रतिक्रियाओं को शामिल करना वांछनीय होगा। इसके बावजूद, तीन[7] विभागों ने तीन अनुपालन लेखापरीक्षा कंडिकाओं और तीन[8] विभागों ने तीन प्रारूप कंडिकाओं के उत्तर इस प्रतिवेदन को अंतिम रूप दिये जाने की तारीख तक नहीं दिये थे। शासन की प्रतिक्रियाएं जहाँ भी प्राप्त हुई हैं, उचित रूप से प्रतिवेदन में शामिल की जा चुकी हैं।

1.6.3 पिछली लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में दर्शाये गये लेखापरीक्षा कंडिकाओं पर शासन की प्रतिक्रिया

लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के राज्य विधानमण्डल में प्रस्तुतीकरण के बाद उनमें शामिल लेखापरीक्षा कंडिकाओं पर प्रशासनिक विभागों को व्याख्यात्मक टीप प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है जिसमें की गई अथवा प्रस्तावित कार्रवाई को विधिवत दर्शाया जा रहा है। इस प्रयोजन के लिए विभागों को लोक लेखा समिति/सार्वजनिक उपक्रमों की समिति से किसी नोटिस अथवा मांग की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है। वर्ष 2019 तक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में दर्शाये गये 16 कंडिकाओं/निष्पादन लेखापरीक्षाओं के संबंध में 10 विभागों से व्याख्यात्मक टीप (30 सितम्बर 2021 तक) प्राप्त होने बाकी थे, जैसा कि **तालिका 1.5, तालिका 1.6** एवं **तालिका 1.7** में दर्शाया गया है।

---

6 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से संबंधित।

7 लोक निर्माण विभाग, जल संशाधन विभाग और वाणिज्यिक कर–जीएसटी विभाग

8 वाणिज्यिक कर–जीएसटी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा और नगरीय प्रशासन और विकास विभाग

तालिका 1.5: 30 सितम्बर 2021 तक प्राप्त किये जाने वाले व्याख्यात्मक टीप (सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र)

विभाग	कंडिकाओं की संख्या	कंडिकाओं की संख्या	कंडिकाओं की संख्या	कंडिकाओं की संख्या
	लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2014–15 तक	लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2015–16	लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2016–17	लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2017–19
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	0	0	0	1
लोक निर्माण विभाग	0	0	0	1
महिला एवं बाल विकास विभाग	0	0	0	1
जल संसाधन विभाग	0	0	0	2
योग	**0**	**0**	**0**	**5**

तालिका 1.6: 30 सितम्बर 2021 तक प्राप्त किये जाने वाले व्याख्यात्मक टीप (राजस्व क्षेत्र)

विभाग	कंडिकाओं की संख्या	कंडिकाओं की संख्या	कंडिकाओं की संख्या
	लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2016–17 तक	लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2017–18	लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2018–19
वाणिज्यिक कर–जीएटी विभाग	0	0	2
परिवहन विभाग	0	0	1
ऊर्जा विभाग	0	0	1
वन और जलवायु परिवर्तन विभाग	0	0	2
मुद्रांक एवं पंजीयन विभाग	0	0	1
योग	**0**	**0**	**7**

तालिका 1.7: 30 सितम्बर 2021 तक प्राप्त किये जाने वाले व्याख्यात्मक टीप (पीएसयू)

विभाग	कंडिकाओं की संख्या	कंडिकाओं की संख्या	कंडिकाओं की संख्या	कंडिकाओं की संख्या	कंडिकाओं की संख्या
	लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2014–15 तक	लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2015–16	लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2016–17	लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2017–18	लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2018–19
वाणिज्य और उद्योग विभाग	2	0	0	0	2
योग	**2**	**0**	**0**	**0**	**2**

1.6.4 लोक लेखा समिति/ सार्वजनिक उपक्रमों की समिति की सिफारिशों पर शासन की प्रतिक्रिया

प्रशासनिक विभागों को लोक लेखा समिति की सिफारिशें प्राप्त होने की तारीख से छः महीने के भीतर सिफारिशों पर एक्शन टेकन नोट्स (एटीएन) प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है। 30 सितम्बर 2021 तक, 25 विभागों से संबंधित 56 एटीएन प्राप्त होने बाकी थे।

1.6.5 लेखापरीक्षा को जाँच के लिए प्रस्तुत नहीं किये गये दस्तावेज

विभिन्न कार्यालयों की स्थानीय लेखापरीक्षा का कार्यक्रम अग्रिम रूप से तैयार किया जाता है और लेखापरीक्षा जाँच के लिए संबंधित रिकॉर्ड तैयार रखने के लिए विभागों को सूचनाएँ जारी की जाती हैं

वर्ष 2020–21 की अवधि के दौरान विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन से संबंधित 14[9] मूल्यांकन नस्तीयाँ, विवरण, रिफंड, दस्तावेज, पंजियाँ और अन्य दस्तावेज लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराए गए थे। इस मुद्दे को निरीक्षण प्रतिवेदनों में उल्लेखित किया गया था और संबंधित विभागों के सचिवों/विभागाध्यक्षों को सूचित किया गया था। लेखापरीक्षा को अभिलेख प्रस्तुत न करना खतरे का संकेत है क्योंकि लेखापरीक्षा इन लेन–देनों की सत्यता की पुष्टि करने में असमर्थ है और धोखाधड़ी तथा सार्वजनिक धन के दुरुपयोग की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

1.7 आभार

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), छत्तीसगढ़ लेखापरीक्षा के संचालन के दौरान राज्य सरकार तथा विभागों के अधिकारियों के द्वारा प्रदान की गयी सहायता एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता है।

[9] वन विभाग–07 मामलों, खनन विभाग–01 मामला, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग–03 मामलों, सामान्य प्रशासन–01 मामला, सहकारिता विभाग–01 एवं जल संसाधन विभाग–01 मामला

अध्याय 2

सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों की अनुपालन लेखापरीक्षा

अध्याय–2

सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों की अनुपालन लेखापरीक्षा

अध्याय का सारांशः

इस अध्याय में सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों के अंतर्गत विभागों अर्थात् खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, समाज कल्याण विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं जल संसाधन विभाग से संबंधित चार अनुपालन लेखापरीक्षाओं के परिणाम शामिल हैं।

महामारी के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से अतिरिक्त खाद्यान्न वितरण प्रबंधन का अनुपालन लेखापरीक्षा कोविड–19 महामारी के दौरान भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और आत्मनिर्भर भारत योजना (एएनबीएस) के तहत लक्षित हितग्राहियों को खाद्यान्न के वितरण का आकलन करने के लिए किया गया। लेखापरीक्षा में महामारी के दौरान लक्षित हितग्राहियों को अतिरिक्त चावल और चना के वितरण में कमियां देखी गई। राज्य सरकार एएनबीएस के तहत 30,218 प्रवासी व्यक्तियों और 20,395 परिवार, जो योजना के तहत पंजीकृत थे लेकिन उचित मूल्य दुकान तक नहीं पहुंचे, उनको क्रमशः चावल और चना वितरित करने में विफल रही। एएनबीएस के तहत एक ही हितग्राही की अनेक आईडी उत्पन्न होने के कारण 2,644 व्यक्तियों और 1,641 परिवारों को एक से अधिक बार सूचीबद्ध किया गया और चावल (283.01 क्विंटल) और चना (35.98 क्विंटल) की अधिक मात्रा वितरित की गई। नमूना जाँच किए गए उचित मूल्य दुकानों में 88 प्रतिशत पीएमजीकेएवाई और 85 प्रतिशत एएनबीएस के लिए अलग–अलग भंडार और वितरण पंजी नहीं बनाए गए थे।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के कार्यान्वयन का अनुपालन लेखापरीक्षा यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया था कि क्या डीबीटी के माध्यम से योजना के कार्यान्वयन में दक्षता आई है और हितग्राहियों को पेंशन के अंतरण की प्रक्रिया में मध्यवर्ती स्तर और विलंब को कम किया गया है। लेखापरीक्षा ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत डीबीटी के कार्यान्वयन में कमियां देखी जैसे पेंशन की मंजूरी और संवितरण में विलंब; हितग्राहियों का दोहराव; 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनभोगियों को बढ़ी हुई दरों पर पेंशन नहीं मिलना; पेंशनर की मृत्यु के बाद पेंशन बंद करने में विलंब; अपात्र हितग्राहियों (60 वर्ष से कम आयु वाले) को पेंशन स्वीकृत करने के साथ–साथ पेंशनभोगियों के डेटा के सत्यापन एवं डिजिटलीकरण में कमियां।

लोक निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग में कार्यों में उपयोग किए गए गौण खनिजों के रॉयल्टी प्रभारों की कटौती का अनुपालन लेखापरीक्षा यह आकलन करने के लिए किया गया था कि क्या विभाग ठेकेदार के देयकों से रॉयल्टी प्रभारों की कटौती छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के प्रावधानों एवं खनिज साधन विभाग एवं वित्त विभाग के निर्देशों के अनुसार कर रहे हैं। लेखापरीक्षा ने पाया कि दोनों विभागों ने संशोधित नियमों के अनुसार निर्माण कार्यों के लिए निष्पादित अनुबंधों में मौजूदा रॉयल्टी क्लॉज को पुनरीक्षित नहीं किया। ठेकेदारों से रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र (आरसीसी) प्राप्त किए बिना उन्हें अंतिम भुगतान किया गया। शासकीय कार्यों में प्रयुक्त गौण खनिजों का बाजार मूल्य ठेकेदारों के देयकों से नहीं काटा गया। बाजार दर जारी करने में जिला कलेक्टरों के द्वारा विलंब किया गया। ठेकेदारों के देयकों से काटे गए रॉयल्टी प्रभारों को खनिज साधन विभाग के खाते में निश्चित समयावधि के भीतर जमा नहीं किया गया।

''मानक विशिष्टियों (भारतीय मानक–456:2000) के अनुसार सीमेंट कंक्रीट कार्यों के निष्पादन'' के अनुपालन लेखापरीक्षा का उद्देश्य, सीमेंट कंक्रीट कार्यों (प्लेन सीमेंट कंक्रीटः पीसीसी और रीईनफोर्स्ड सीमेंट कंक्रीटः आरसीसी) का आईएस कोड 456:2000 के निर्धारित मानदंड के अनुसार निष्पादन और सीमेंट कंक्रीट के गुणवत्ता परीक्षण हेतु विभाग के पास पर्याप्त श्रमशक्ति और उपकरण/मशीनरी की उपलब्धता की समीक्षा करना था। लेखापरीक्षा में पाया गया कि विभाग की पाँच गुणवत्ता नियंत्रण ईकाइयों में से चार में 80 प्रतिशत तक श्रमशक्ति की कमी थी और गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाओं में आवश्यक संख्या में मशीनरी/उपकरण भी उपलब्ध नहीं थे। श्रमशक्ति और मशीनरी की कमी के कारण कंक्रीट क्यूब्स के परीक्षण की आवृत्ति आईएस कोड में परिकल्पित मानदंडों से कम थी और प्रत्येक नमूने के लिए आवश्यक औसत प्रतिरूप नहीं लिए गए थे। आगे, कंक्रीट क्यूब्स के परीक्षण के परिणामों से यह इंगित हुआ कि 93 प्रतिशत नमूने कंक्रीट की वांछित शक्ति हेतु स्वीकार्य मानदंड प्राप्त करने में विफल रहे। विभाग ने आईएस कोड 456:2000 का पालन नहीं किया और कंक्रीट के निम्न श्रेणी अर्थात पीसीसी कार्यों के लिए एम–7.5 और एम–10 और आरसीसी कार्यों के लिए एम–15 और एम–20 के साथ कार्य निष्पादित किया। पाँच अनुबंधों में ₹ 9.70 करोड़ मूल्य के 6,252 घन मीटर कार्य को डिजाइन मिक्स तैयार किए बिना ही अनियमित रूप से नॉमिनल मिक्स से निष्पादित किया गया।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

2.1 महामारी के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से अतिरिक्त खाद्यान्न वितरण का प्रबंधन

2.1.1 परिचय

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) किफायती मूल्य पर खाद्यान्न के वितरण के माध्यम से कमी के प्रबंधन की एक प्रणाली के रूप में विकसित हुई है तथा इसे केन्द्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त उत्तरदायित्व के तहत संचालित किया जाता है। छत्तीसगढ़ में पीडीएस राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), 2013, छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम (सीजीएफएसए), 2012 तथा भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के परिपत्रों/जारी आदेशों द्वारा नियंत्रित है। एनएफएसए के अंतर्गत दो श्रेणियों यथा अंत्योदय अन्न योजना एवं प्राथमिकता परिवार (पीएचएच) शामिल है। राज्य में एनएफएसए तथा सीजीएफएसए के अंतर्गत अंत्योदय अन्न योजना एवं प्राथमिकता परिवार श्रेणियों में 217.12 लाख हितग्राही थे, जैसा कि **तालिका 2.1.1** में दर्शाया गया है:

तालिका 2.1.1: हितग्राहियों की संख्या (लाख में)

श्रेणी	अंत्योदय अन्न योजना		प्राथमिकता परिवार		योग	
	कार्ड	सदस्य	कार्ड	सदस्य	कार्ड	सदस्य
एनएफएसए	7.25	19.65	40.33	167.31	47.58	186.96
सीजीएफएसए	2.93	8.51	2.35	7.73	5.28	16.24
सीजीएफएसए–एनएफएसए–पीएचएच	3.82	13.92	0	0	3.82	13.92
योग	**14.00**	**42.08**	**42.68**	**175.04**	**56.68**	**217.12**

(स्त्रोत : विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए एवं लेखापरीक्षा द्वारा संकलित आंकड़े)

देश में कोविड–19 महामारी के प्रसार को रोकने के लिए भारत सरकार द्वारा 25 मार्च 2020 से 31 मई 2020 तक चार चरणों[1] में राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन लागू किया गया था। इसके बाद भारत सरकार ने सभी एनएफएसए हितग्राहियों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) तथा सभी प्रवासियों/फंसे हुए प्रवासियों और ऐसे सभी लोग जो एनएफएसए या राज्य पीडीएस योजना के तहत कवर नहीं किये गये थे, के लिए आत्म निर्भर भारत योजना (एएनबीएस) की घोषणा की। ''अनलॉक'' की श्रृंखला में प्रतिबंधों को चरणबद्ध तरीके से जून में हटाना शुरू किया गया जो कि नवंबर 2020 तक चला।

भारत सरकार एवं छत्तीसगढ शासन के उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत, गरीब लोगों को नियमित एनएफएसए/सीजीएफएसए पात्रता के अलावा अतिरिक्त खाद्यान्न निःशुल्क प्रदान किया गया जिससे उन्हें महामारी के दौरान आवश्यक आपूर्ति में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

[1] चरण I: 25 मार्च–14 अप्रैल (21 दिन), चरण II: 15 अप्रैल–3 मई (19 दिन), चरण III: 4 मई–17 मई (14 दिन), चरण IV: 18 मई–31 मई (14 दिन)

2.1.2 कोविड–19 अवधि के दौरान भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पीडीएस के अंतर्गत शुरू योजनाएं

कोविड–19 अवधि के दौरान भारत सरकार और छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा शुरू योजनाओं का विवरण **तालिका 2.1.2** में दर्शाया गया है।

तालिका 2.1.2: महामारी की अवधि के दौरान शुरू योजनाओं का विवरण

योजना	योजना का लाभ	योजना की अवधि	पात्रता
प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई– केन्द्रीय योजना)	पाँच कि.ग्रा. अतिरिक्त चावल प्रति व्यक्ति प्रति माह एवं एक कि.ग्रा. चना प्रति परिवार प्रति माह निःशुल्क	अप्रैल–नवंबर 2020 तथा मई 2021–मार्च 2022	अन्त्योदय अन्न योजना एवं प्राथमिक परिवार अंतर्गत आने वाले सभी एनएफएसए हितग्राही
आत्म निर्भर भारत योजना (एएनबीएस – केन्द्रीय योजना)	पाँच कि.ग्रा. चावल प्रति व्यक्ति प्रति माह तथा एक कि.ग्रा. चना प्रति परिवार प्रति माह निःशुल्क	मई जून–2020	फंसे हुए प्रवासियों जो एनएफएसए या राज्य पीडीएस योजना के तहत कवर नहीं किए गए थे।
मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना (एमकेएसवाई – राज्य योजना)	पाँच कि.ग्रा. अतिरिक्त चावल प्रति व्यक्ति एवं एक कि.ग्रा. चना प्रति परिवार प्रति माह निःशुल्क	अप्रैल–नवंबर 2020 और मई 2021–मार्च 2022	सीजीएफएसए के अंतर्गत कवर सभी राशन कार्ड धारक

2.1.3 छत्तीसगढ़ में पीडीएस का तंत्र

छत्तीसगढ़ राज्य में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग अन्य कार्यों के अतिरिक्त सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रबंधन, समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न का क्रय और एनएफएसए, 2013 और सीजीएफएसए, 2012 के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है। पीडीएस के अंतर्गत लक्षित हितग्राहियों को वितरण के लिए संचालनालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड (सीजीएससीएससीएल) के माध्यम से खाद्यान्न के क्रय, उठाव और उचित मूल्य की दुकानों तक परिवहन किया जाता है। जिले में खाद्य नियंत्रक/खाद्य अधिकारी हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करते हैं। बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण द्वारा हितग्राहियों को राज्य में 13,284 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न वितरित किया जाता है। छत्तीसगढ शासन ने लॉकडाउन अवधि के दौरान पीडीएस में बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण को निलंबित (मार्च 2020) किया था और हितग्राही की फोटोग्राफ या वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) अपलोड कर खाद्यान्न वितरण हेतु निर्देशित किया था।

2.1.4 चावल का आवंटन, उठाव और वितरण

वर्ष 2019–20 और 2020–21 की अवधि के दौरान एनएफएसए और सीजीएफएसए के तहत पीडीएस के माध्यम से नियमित और अतिरिक्त चावल के आवंटन, उठाव और वितरण की कुल मात्रा का विवरण **तालिका 2.1.3** में दर्शाया गया है।

तालिका 2.1.3: चावल का आवंटन, उठाव एवं वितरण

(मात्रा क्विंटल में)

2019–20	एनएफएसए (नियमित एवं अतिरिक्त	सीजीएफएसए (नियमित एवं अतिरिक्त)	कुल मात्रा
आवंटन	13988539	8266284	22254823
उठाव	13847531	8085609	21933140
वितरण	13846516	8127101	21973617
2020–21			
आवंटन	19923658	7729477	27653135
उठाव	19818942	7721795	27540737
वितरण	18581415	8819868	27401283
2021–22 (जून 2021 तक)			
आवंटन	4447693	2547417	6995110
उठाव	4451773	2537694	6989467
वितरण	4410620	2528679	6939299

(स्त्रोतः आंकड़े खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, छत्तीसगढ़ की आधिकारिक वेबसाइट https://khadya.cg.nic.in/ से संकलित किए गए हैं)

2.1.5 संगठनात्मक संरचना

सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, प्रशासनिक प्रमुख हैं तथा राज्य में एनएफएसए और सीजीएफएसए के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चत करके पीडीएस को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं। संचालक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं अपभोक्ता संरक्षण विभाग, छत्तीसगढ़ को राज्य में पीडीएस के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी प्रदान की गई है जिन्हें 28 जिलों में 28 खाद्य नियंत्रक/खाद्य अधिकारी द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। पीडीएस के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण का निरीक्षण करने के लिए प्रत्येक जिले में खाद्य निरीक्षक हैं। सीजीएससीएससीएल, विभाग के अधीन एक कंपनी है जो वितरण के लिए उचित मूल्य की दुकानों को आवंटित खाद्यान्नों का क्रय, उठाव और परिवहन करती है।

2.1.6 लेखापरीक्षा उद्देश्य

कोविड–19 महामारी के दौरान, पीडीएस के तहत प्रदाय किए गए अतिरिक्त खाद्यान्न पर केन्द्रित करते हुए अनुपालन लेखापरीक्षा योजनाओं के अनुरूप अतिरिक्त खाद्यान्न के वितरण का आकलन करने के लिए किया गया।

2.1.7 लेखापरीक्षा मापदंड

लेखापरीक्षा मापदंड निम्नलिखित स्त्रोतों से प्राप्त किए गए थेः

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013, एवं छत्तीसगढ़ खाद्य और पोषण सुरक्षा अधिनियम, 2012 तथा उसके तहत जारी पीडीएस (नियंत्रण) आदेश।
एम–20	20 न्यूटन/वर्ग मिमी	4	26.6	23.5
एम–25	25 न्यूटन/वर्ग मिमी	4	31.6	28.5
एम–30	30 न्यूटन/वर्ग मिमी	5	38.3	34
एम–35	35 न्यूटन/वर्ग मिमी	5	43.3	39.1

एसओआर में कंक्रीट की श्रेणी की सिर्फ कैरेक्टरिस्टिक स्ट्रेंथ और उससे संबंधित मिश्रण का उल्लेख किया गया था। आईएस कोड में दिए गए टारगेट मीन स्ट्रेंथ और स्वीकार्य मानदंड का एसओआर में कहीं भी उल्लेख नहीं किया गया था। हालांकि प्रमुख अभियंता ने आईएस कोड 456:2000 के अनुसार स्वीकार्य मानदंड और टारगेट मीन स्ट्रेंथ दर्शाते हुए एसओआर में एक संशोधन परिपत्र जारी किया था (मई 2019), जैसा कि **तालिका 2.4.6** में दिया गया है।

[34] f_{ck} कैरेक्टरिस्टिक कॉम्प्रेसिव स्ट्रेंथ को सूचित करता है, sd – स्टैन्डर्ड डेविएशन

तालिका 2.4.6: संशोधन के अनुसार 28 दिनों में कंक्रीट क्यूब की स्ट्रेंथ का टारगेटेड मीन स्ट्रेंथ तथा स्वीकार्य मानदंड

कंक्रीट मिक्स	28 दिनों में कंक्रीट क्यूब का टारगेटेड मीन स्ट्रेंथ	28 दिनों में कंक्रीट क्यूब के स्ट्रेंथ के लिए स्वीकार्य मानदंड
एम–20	26.6 न्यूटन/वर्ग मिमी	24 न्यूटन/वर्ग मिमी
एम–25	31.6 न्यूटन/वर्ग मिमी	29 न्यूटन/वर्ग मिमी
एम–30	38.5 न्यूटन/वर्ग मिमी	34 न्यूटन/वर्ग मिमी

(स्त्रोतः प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग द्वारा प्रदत्त जानकारी)

लेखापरीक्षा ने पाया कि 48 संभागों द्वारा निष्पादित 152 अनुबंधों में ₹ 527.57 करोड़ मूल्य के 14.53 लाख घनमीटर पीसीसी मद तथा 1.69 लाख घनमीटर आरसीसी मद के कंक्रीट कार्य (जैसा कि **परिशिष्ट 2.4.3** में दर्शाया गया है) का निष्पादन किया गया। नमूना जाँच किए गए अनुबंधों में टेस्ट रिपोर्ट परिणामों की लेखापरीक्षा जाँच से पता चला कि परीक्षण किए गए 7,401 प्रतिरूपों में से केवल नौ प्रतिरूपों में टारगेटेड मीन स्ट्रेंथ प्राप्त किया गया था और 540 प्रतिरूपों ने स्वीकार्य मानदंड प्राप्त किया था जबकि शेष 6,852 प्रतिरूप (93 प्रतिशत) स्वीकार्य मानदंड प्राप्त करने में विफल रहे थे जैसा कि **तालिका 2.4.5** में गणना किया गया है। इस प्रकार वांछित शक्ति (टारगेट स्ट्रेंथ) अप्राप्त रहने के कारण राशि ₹ 527.57 करोड़ मूल्य के निम्न गुणवत्ता वाले कंक्रीट कार्य का निष्पादन किया गया तथा विभाग द्वारा स्वीकार किया गया।

इस प्रकार, आईएस कोड के अनुसार परीक्षण के मानक के अनुपालन के बिना और स्टैंडर्ड कॉम्प्रेसिव स्ट्रेंथ सुनिश्चित किए बिना कंक्रीट के निम्न श्रेणी के साथ कंक्रीट कार्यों के निष्पादन के कारण कंक्रीट संरचना को उनके अनुमानित जीवन के पूरा होने से पहले क्षति का खतरा निहित करता है। आगे, क्षतिग्रस्त संरचना की मरम्मत और रखरखाव से परियोजना की लागत में भी वृद्धि होगी।

प्रमुख अभियंता ने बताया (मार्च 2022) कि प्रमुख अभियंता द्वारा वांछित स्ट्रेंथ एवं स्वीकार्य मानदंड के संबंध में संशोधन परिपत्र जारी किए जाने के पूर्व संबंधित संभागों ने कैरेक्टरिस्टिक स्ट्रेंथ को वांछित स्ट्रेंथ मानते हुए पीसीसी एवं आरसीसी कार्यों का निष्पादन कर लिया था, जैसा कि एसओआर 2010 में विनिर्दिष्ट था। आगे, उन्होंने यह भी बताया कि विभाग ने लेखापरीक्षा के आपत्ति उपरांत दिनांक 26.05.2019 को संशोधन जारी कर डिजाइन स्ट्रेंथ तथा कंक्रीट कार्य के स्वीकार्य मानदंड को अलग से परिभाषित किया और तदनुसार सभी अधीनस्थ कार्यालयों को उपरोक्त संशोधनों का पालन करने का निर्देश दिया था। उक्त निर्देश जारी होने के बाद, परीक्षण रिपोर्ट में पर्याप्त सुधार देखा गया है। इसके अलावा विभाग ने रायपुर प्रशिक्षण केन्द्र में वर्ष 2021–22 से फील्ड इंजीनियरों एवं गुणवत्ता नियंत्रण अधिकारियों के लिए पक्के कार्यों की गुणवत्ता नियंत्रण के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया है।

लेखापरीक्षा नें संशोधन जारी होने के उपरांत पीसीसी और आरसीसी कार्यों के निष्पादन की भी जाँच की और पाया कि कंक्रीट क्यूब के केवल 2,235 प्रतिरूपों का परीक्षण किया गया जिनमें से एक भी प्रतिरूप वांछित टारगेट स्ट्रेंथ प्राप्त नहीं कर सका, 332 प्रतिरूपों ने स्वीकार्य मानदंड प्राप्त किए जबकि शेष 1,903 प्रतिरूप स्वीकार्य मानदंड प्राप्त करने में भी विफल रहे।

2.4.8.2 (iv) आरसीसी एवं पीसीसी कार्य का निष्पादन डिजाइन मिक्स के स्थान पर नॉमिनल मिक्स के साथ किए जाने के कारण निम्न विशिष्टियों के कार्य को स्वीकार किया जाना

आईएस कोड 456:2000 की कंडिका 9.1.1 के अनुसार डिजाइन मिक्स कंक्रीट को नॉमिनल मिक्स के स्थान पर प्राथमिकता दी जाती है। यदि एम–20 या उससे नीचे के श्रेणी के लिए किसी भी कारण से डिजाइन मिक्स कंक्रीट का उपयोग नहीं किया जा सकता है तो प्रभारी अभियंता की अनुमति से नॉमिनल मिक्स का उपयोग किया जा सकता है।

उपरोक्त प्रावधान के विपरीत, पाँच अनुबंधों में 2,948 घनमीटर का पीसीसी एम–25, 3,053.11 घनमीटर का आरसीसी एम–25 तथा 250.52 घनमीटर का आरसीसी एम–30 का कार्य डिजाइन मिक्स तैयार किए बिना नॉमिनल मिक्स[35] के माध्यम से निष्पादित किया गया (जैसा कि **परिशिष्ट 2.4.4** में दर्शाया गया है)।

प्रमुख अभियंता द्वारा लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार करते हुए यह बताया (मार्च 2022) गया कि नॉमिनल मिक्स के साथ आरसीसी/पीसीसी के निष्पादन में उपयोग की गई कंक्रीट की मात्रा बहुत कम थी। तथापि, संभागों को इस तरह की गलतियों की पुनरावृत्ति भविष्य में नहीं किए जाने हेतु निर्देशित किया जाएगा।

2.4.8.2 (v) क्षतिग्रस्त कंक्रीट संरचनाएं

अनुपालन लेखापरीक्षा के दौरान पाँच[36] क्षतिग्रस्त संरचनाओं से संबंधित अभिलेखों का परीक्षण किया गया। लेखापरीक्षा द्वारा विभाग के निरीक्षण प्रतिवेदनों के माध्यम से यह देखा गया कि पाँच में से एक प्रकरण में संरचना के क्षतिग्रस्त/दरार होने के उपरांत विभाग की ओर से कोई आधिकारिक निरीक्षण नहीं किया गया था किन्तु क्षति की लागत का आंकलन करने तथा अनुमान तैयार करने हेतु अस्थायी सर्वे किया गया था। निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार दो मामलों में भारी वर्षा को संरचना के क्षतिग्रस्त होने का जिम्मेदार ठहराया गया। एक मामले (चाटापारा II एनीकट) में निरीक्षण प्रतिवेदन में संरचना क्षतिग्रस्त होने का कारण योजना में कमी तथा विभागीय मानक के अनुसार कंक्रीट का परीक्षण नहीं किये जाने के कारण कार्य की गुणवत्ता को बताया गया था। एक अन्य मामले में क्षति का कारण ठेकेदार द्वारा समय पर कार्य पूर्ण नहीं किया जाना बताया गया।

पीसीसी और आरसीसी कार्य के निष्पादन में आईएस कोड का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये भी इन मामलों की जाँच की गयी (जैसा कि **परिशिष्ट 2.4.5** में दर्शाया गया है)। लेखापरीक्षा ने यह देखा कि कंक्रीट के न्यूनतम श्रेणी के उपयोग, कंक्रीट क्यूब के परीक्षण और कॉम्प्रेसिव स्ट्रेंथ आवश्यकता से संबंधित आईएस मानकों का अनुपालन नहीं किया गया था। पाँच मामलों में से चार मामलों का भौतिक सत्यापन किया गया जबकि शेष एक मामला कार्यालयीन अभिलेखों से सत्यापित किया गया। चार प्रकरणों का विवरण नीचे दर्शाया गया है:

---

[35] नॉमिनल मिक्स: धारा 9.1 के अनुसार कंक्रीट के लिए आवश्यक घटक के मिश्रण के अनुपात को बदले बिना वांछित शक्ति प्राप्त करने के आश्वासन के साथ नॉमिनल मिक्स विधि का उपयोग किया गया था।

[36] 1. चाटापारा II एनीकट, 2. अरपा नदी में बाढ़ सुरक्षा कार्य का निर्माण, 3. हटकुल व्यपवर्तन योजना, 4. तूरी व्यपवर्तन योजना तथा 5. तारागाँव एनीकट

पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त चाटापारा एनीकट

छायाचित्र दिनांक: 28.07.2020

अनुबंध क्रमांक.	03 डीएल/2009–10
संभाग का नाम	जल संसाधन संभाग–कोटा
कार्य का नाम	चाटापारा II एनीकट योजना
कार्य की कुल वास्तविक लागत	₹ 7.10 करोड़
पूर्णता दिनांक	25.03.2013
क्षतिग्रस्त होने का दिनांक	25.05.2014

पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त तुरी व्यपवर्तन योजना

छायाचित्र दिनांक: 27.07.2021

अनुबंध क्रमांक	18 डीएल/2012–13
संभाग का नाम	जल संसाधन संभाग–कांकेर
कार्य का नाम	तूरी व्यपवर्तन योजना का निर्माण (शीर्ष कार्य)
कार्य की कुल वास्तविक लागत	₹ 3.74 करोड़
पूर्णता दिनांक	23.05.2014
क्षतिग्रस्त होने का दिनांक	13.08.2018

पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हटकुल व्यपवर्तन योजना

छायाचित्र दिनांक: 27.07.2021

अनुबंध क्रमांक	24 डीएल/2010–11
संभाग का नाम	जल संसाधन संभाग–कांकेर
कार्य का नाम	हटकुल व्यपवर्तन योजना का निर्माण
कार्य की कुल वास्तविक लागत	₹ 1.72 करोड़
पूर्णता दिनांक	11.09.2012
क्षतिग्रस्त होने का दिनांक	12.08.2018

तारागाँव एनीकट का क्षतिग्रस्त भाग

छायाचित्र दिनांक: 05.08.2021

अनुबंध क्रमांक	07 डीएल/2013–14
संभाग का नाम	जल संसाधन संभाग–नारायणपुर
कार्य का नाम	तारागाँव एनीकट का निर्माण
कार्य की कुल वास्तविक लागत	₹ 2.67 करोड़
पूर्णता दिनांक	17.06.2015
क्षतिग्रस्त होने का दिनांक	24.07.2021

आई एस कोड 456:2000 का अनुपालन नहीं किए जाने के कारण कंक्रीट संरचना के खण्डित होने के संबंध में लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर प्रमुख अभियंता ने बताया (मार्च 2022) कि एसओआर में विसंगति के कारण पीसीसी और आरसीसी की निम्न श्रेणी की मदें प्रदान की गयी थी क्योंकि ये मदें किफायती हैं तथा वर्ष 2010 के पूर्व प्रचलित एसओआर में प्रावधानित थी। आगे एसओआर में स्वीकार्य मानदंड तथा टारगेटेड मीन स्ट्रेंथ के संदर्भ में स्पष्टता नहीं होने के कारण संशोधन जारी कर इसे सुधारा गया था।

2.4.9 निष्कर्ष

जल संसाधन विभाग ने सीमेंट कंक्रीट कार्य के निष्पादन में आईएस कोड ऑफ प्रैक्टिस 456:2000 का अनुपालन नहीं किया था। विभाग के गुणवत्ता नियंत्रण ईकाइयों में कर्मचारियों तथा मशीनरी की कमी थी। लेखापरीक्षा ने देखा कि सीमेंट कंक्रीट कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित संख्या में क्यूब टेस्ट नहीं किए जा रहे थे और परीक्षण किए जाने वाले प्रत्येक नमूने के लिए तीन प्रतिरूपों का औसत नहीं लिया गया था। नमूना जाँच किए गए कार्यों में विभाग द्वारा परीक्षण किए गए 7,401 नमूनों में से 6,852 (93 प्रतिशत) नमूने स्वीकार्य मानदंड को पूरा करने में विफल रहे जो दर्शाता है कि निष्पादित कार्य का टारगेट स्ट्रेंथ प्राप्त नहीं हुआ था। विभाग ने पीसीसी कार्य (एम–15 से कम) तथा आरसीसी कार्य (एम–25 से कम) के निम्न विशिष्टियों अथवा श्रेणी का प्रावधान एवं निष्पादन किया जो कि आईएस कोड के अनुरूप नहीं था।

पाँच नमूना जाँच किए गए कार्यों में कंक्रीट के उच्च श्रेणी (एम–25 और अधिक) के लिए डिजाइन मिक्स को नहीं अपनाया गया था। इस प्रकार, आईएस कोड 456:2000 का पालन नहीं करने के कारण विभाग द्वारा निष्पादित सीमेंट कंक्रीट कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में गुणवत्ता नियंत्रण ईकाइयां विफल रहीं।

2.4.10 अनुशंसाएं

1. *एसओआर को प्रासंगिक आईएस कोड के अनुरूप समय–समय पर संशोधित एवं अद्यतन किया जाना चाहिए।*
2. *गुणवत्ता नियंत्रण ईकाइयों के प्रभावी कामकाज हेतु आवश्यक परीक्षण आवृति बनाये रखने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण ईकाइयों को पर्याप्त कर्मचारियों और मशीनरी/उपकरणों से सशक्त किया जाना चाहिए।*
3. *विभाग को सिंचाई परियोजनाओं में कंक्रीट कार्य की आवश्यक गुणवत्ता को सुनिश्चित करने हेतु आईएस कोड में निर्दिष्ट कंक्रीट क्यूब्स का समुचित परीक्षण सुनिश्चित करना चाहिए।*
4. *विभाग को सिंचाई परियोजनाओं के अंतर्गत सीमेंट कंक्रीट कार्यों के निष्पादन में आईएस कोड विशिष्टियों का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए।*

भाग 2– राजस्व क्षेत्र

अध्याय 3

सामान्य

अध्याय 3

सामान्य

3.1 प्रस्तावना

इस प्रतिवेदन के भाग–तीन में दो अध्याय क्रमशः अध्याय–तीन सामान्य और अध्याय–चार राजस्व क्षेत्र की अनुपालन लेखापरीक्षा हैं। अध्याय–तीन छत्तीसगढ़ शासन की वर्ष 2020–21 के दौरान राजस्व प्राप्तियों का विहंगावलोकन, 2016–17 से 2020–21 की पाँच वर्ष की अवधि में प्राप्तियों के प्रवृत्ति का विश्लेषण एवं बकाया करों, जो 31 मार्च 2021 की स्थिति में वसूली हेतु लंबित हैं, का विवरण प्रस्तुत करता है। आगे, राज्य के राजस्व प्राप्तियों की जाँच हेतु लेखापरीक्षा दृष्टिकोण को रेखांकित एवं लेखापरीक्षा निष्कर्ष पर राज्य शासन की प्रतिक्रिया पर चर्चा की गई है।

अध्याय–चार में ''वस्तु एवं सेवा कर के संक्रमणकालीन क्रेडिट'', ''वस्तु एवं सेवा कर का प्रतिदाय'' और ''वाणिज्यिक कर विभाग'' के तीन अनुपालन लेखापरीक्षा कंडिकाएं शामिल हैं। अनुपालन लेखापरीक्षा एक स्वंतत्र मूल्यांकन है कि क्या दी गई विषय वस्तु (गतिविधि, वित्तीय एवं गैर वित्तीय लेन–देन, किसी ईकाई अथवा ईकाइयों के समूह के संबंध में जानकारी) लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, स्थापित संहिताओं इत्यादि एवं सुदृढ़ लोक वित्तीय प्रबंधन के सामान्य सिद्धांतो एवं लोक अधिकारियों के आचरण का सभी तरह से अनुपालन करता है।

भाग–तीन की लेखापरीक्षा आपत्तियां संबंधित शासकीय विभागों द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के नमूना जाँच परिणामों पर आधारित है। इन विभागों की अन्य ईकाइयां जो नमूना जाँच में सम्मिलित नहीं थी, में भी समान अनियमितताएं, त्रुटियां/चूक हो सकती है। अतः विभागों को सभी ईकाइयों का परीक्षण करना चाहिए जिससे सुनिश्चित हो कि कर का आंकलन, निर्धारण, संग्रहण एवं लेखाबद्ध किया जाना अधिनियमों एवं नियमों के प्रावधानों के अनुसार किया जा रहा है।

3.2 राजस्व प्राप्तियों की प्रवृत्ति

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संग्रहित राजस्व (कर तथा कर–भिन्न राजस्व, राज्य को दिये गये विभाज्य संघीय करों एवं शुल्कों में राज्य के हिस्से का निवल आगम, वर्ष 2016–17 से 2020–21 तक पिछले पाँच वर्षों के दौरान भारत सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान) और पूर्ववर्ती तीन वर्षों हेतु छत्तीसगढ़ शासन से संबंधित आंकड़ों का संक्षिप्त विवरण **तालिका 3.1** में वर्णित है:

तालिका 3.1: राजस्व प्राप्तियों की प्रवृत्ति

(₹ करोड़ में)

स. क्र.	विवरण	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2020–21
1.	राज्य शासन द्वारा संग्रहित राजस्व					
	कर राजस्व	18,945.21	19,894.68	21,427.26	22,117.85	22,889.20
	विगत वर्ष की तुलना में वृद्धि का प्रतिशत	**10.95**	**5.01**	**7.70**	**3.22**	**3.49**
	कर–भिन्न राजस्व	5,669.25	6,340.42	7,703.02	7,933.77	7,136.95
	विगत वर्ष की तुलना में वृद्धि का प्रतिशत	**8.71**	**11.84**	**21.49**	**3.00**	**–10.04**
	योग	**24,614.46**	**26,235.10**	**29,130.28**	**30,051.62**	**30,026.15**
2.	भारत सरकार से प्राप्तियाँ					
	विभाज्य संघीय करों एवं शुल्कों में राज्य के हिस्सा का निवल आगम	18,809.16	20,754.81	23,458.69	20,205.84	20,337.54
	सहायता अनुदान[1]	10,261.63	12,657.17	12,505.96	13,611.24	12,812.49
	योग	**29,070.79**	**33,411.98**	**35,964.65**	**33,817.08**	**33,150.03**
3.	राज्य की कुल राजस्व प्राप्तियाँ (1 + 2)	**53,685.25**	**59,647.08**	**65,094.93**	**63,868.70**	**63,176.18**
4.	1 का 3 से प्रतिशत	**46**	**44**	**45**	**47**	**48**

(स्त्रोतः छत्तीसगढ़ शासन के वित्त लेखे)

संसाधनों के संग्रहण में राज्य के प्रदर्शन का आकलन वित्त आयोग के अनुशंसा पर आधारित राज्य के हिस्से का केन्द्रीय कर एवं सहायता अनुदान को छोड़कर कर राजस्व एवं कर–भिन्न राजस्व के आधार पर किया जाता है।

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि:

- राज्य के कर राजस्व में 2016–21 के दौरान वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गई और पिछले वर्ष की तुलना में 2020–21 के दौरान 3.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- वर्ष 2016–20 के दौरान राज्य के कर–भिन्न राजस्व में भी वृद्धि हुई थी परंतु पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2020–21 के दौरान 10.04 प्रतिशत की कमी मुख्य रूप से गैर–लौह खनन एवं धातुकर्म उद्योगों, ब्याज प्राप्तियों, लघु सिंचाई, लोक निर्माण आदि के अंतर्गत प्राप्तियों में कमी के कारण हुई।
- जबकि 2020–21 के दौरान राजस्व प्राप्तियों का 48 प्रतिशत कर और कर–भिन्न राजस्व सहित राज्य के अपने संसाधनों से जबकि कुल राजस्व का 52 प्रतिशत विभाज्य केन्द्रीय करों और शुल्कों का निबल आय के हिस्से एवं भारत सरकार के सहायता अनुदान से प्राप्त हुआ।

वर्ष 2020–21 के लिए राज्य के राजस्व प्राप्तियों के विभिन्न घटकों का चित्रांकन **चार्ट 3.1** में दिया गया है:

[1] केन्द्रीय प्रवर्तित योजना, राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश जहाँ विधानसभा हो, को वित्त आयोग अनुदान एवं अन्य अंतरण/अनुदान (इसमें भारत सरकार से प्राप्त वस्तु एवं सेवा कर पर क्षतिपूर्ति भी शामिल है)।

चार्ट 3.1 वर्ष 2020–21 के राज्य के राजस्व का विच्छेद



3.2.1 कर राजस्व

वर्ष 2020–21 के लिए कर राजस्व के विभिन्न घटकों का चित्रांकन **चार्ट 3.2** में दिया गया है:

चार्ट 3.2 वर्ष 2020–21 के कर राजस्वों का विच्छेद (₹ करोड़ में)



वर्ष 2016–21 की अवधि के दौरान कर राजस्व का बजट अनुमान एवं वास्तविक प्राप्तियाँ **तालिका 3.2** में दी गई है:

तालिका 3.2: शासन द्वारा संग्रहित कर राजस्व का विवरण

(₹ करोड़ में)

राजस्व शीर्ष		2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2020–21	वर्ष 2019–20 की तुलना में वर्ष 2020–21 में अंतर का प्रतिशत
बिक्री, व्यापार आदि पर कर	**बजट अनुमान**	11,928.37	13,444.70	3,718.42	3,788.30	4,144.86	
	वास्तविक	9,927.21	6,449.60	4,087.72	3,931.37	4,236.04	(+) 7.75
राज्य वस्तु एवं सेवा कर[2]	**बजट अनुमान**	लागू नहीं	3,212.82	5,006.65	8,201.70	10,700.92	
	वास्तविक	लागू नहीं	4,386.56	8,203.41	7,894.82	7,925.01	(+) 0.38
राज्य उत्पाद शुल्क	**बजट अनुमान**	3,870.00	3,168.50	4,355.00	5,000.00	5,199.72	
	वास्तविक	3,443.51	4,054.01	4,489.03	4,952.36	4,635.80	(–) 6.39
विद्युत कर तथा शुल्क	**बजट अनुमान**	1,575.00	1,650.00	1,850.00	2,090.00	2,200.00	
	वास्तविक	1,495.48	1,688.95	1,790.27	1,837.00	2,341.41	(+) 27.46
स्टाम्प तथा पंजीकरण शुल्क	**बजट अनुमान**	1,485.00	1,550.00	1,790.00	1,550.00	1,705.00	**(-) 3.04**
	वास्तविक	1,211.35	1,197.47	1,108.46	1,634.63	1,584.94	
वस्तु तथा यात्री कर[3]	**बजट अनुमान**	1,563.77	1,767.06	5.63	0	3.00	**(+) 97.08**
	वास्तविक	1,340.35	477.66	54.51	40.51	79.83	
वाहन कर	**बजट अनुमान**	954.11	1,200.00	1,500.00	1,600.00	1,600.00	**(-) 9.95**
	वास्तविक	985.27	1,180.01	1,204.85	1,274.85	1,148.07	
भू–राजस्व	**बजट अनुमान**	550.00	600.00	660.00	700.00	600.00	**(+) 70.03**
	वास्तविक	503.66	446.41	487.57	551.50	937.71	
अन्य कर राजस्व[4]	**बजट अनुमान**	37.85	40.38	0.00	0.00	1.50	**(-) 51.85**
	वास्तविक	38.38	14.01	1.44	0.81	0.39	
योग	**बजट अनुमान**	**21,964.10**	**26,633.46**	**18,885.70**	**22930.00**	**26,155.00**	**(+) 3.49**
	वास्तविक	**18,945.21**	**19,894.68**	**21.427.26**	**22,117.85**	**22,889.20**	

(स्त्रोतः छत्तीसगढ़ शासन के वित्त लेखे और छत्तीसगढ़ शासन की बजट पुस्तिका के अनुसार बजट अनुमान)

बिक्री, व्यापार आदि पर कर के अंतर्गत वर्ष 2016–18 के दौरान प्राप्तियां, राज्य सरकार द्वारा अपने बजट में दर्शाई गई अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं थी परंतु 2018–19 से 2020–21 के दौरान बजटीय अनुमानों से अधिक थी। राज्य वस्तु एवं सेवा कर के तहत प्राप्तियां 2019–21 के दौरान अपने बजटीय अनुमानों में दर्शाई गई अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं थी लेकिन 2019–21 के दौरान राज्य के लिए राजस्व का सबसे बड़ा स्त्रोत बन गई थी। 2018–21 के दौरान माल और यात्रियों पर कर बजटीय अनुमानों से अधिक था, जबकि वाहनों पर कर 2017–21 के दौरान अनुमानित अपेक्षाओं से मेल

---

[2] राज्य वस्तु एवं सेवा कर 01 जुलाई 2017 से प्रभावी रूप से लागू किया गया था। केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर जैसे की केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, औषधीय और प्रसाधन निर्मितियां अधिनियम के तहत लगाया गया उत्पाद शुल्क, सेवा कर, अतिरिक्त सीमा शुल्क (सीवीडी), सीमा शुल्क का विशेष अतिरिक्त शुल्क (एसएडी), राज्य अप्रत्यक्ष कर जैसे की मूल्य संवर्धित कर, केन्द्रीय बिक्री कर, प्रवेश कर, मनोरंजन कर एवं क्रय कर को राज्य वस्तु एवं सेवा कर में शामिल किया गया है।

[3] 2020–21 की अवधि के दौरान माल तथा यात्री कर का प्रमुख भाग (84 प्रतिशत) प्रवेश कर से है, जिसे समाप्त कर 01 जुलाई 2017 से वस्तु एवं सेवा कर में सम्मिलित कर दिया गया है।

[4] 'अन्य' में वर्ष 2020–21 के दौरान निम्नलिखित राजस्व मदों में वास्तविक प्राप्तियाँ सम्मिलित हैः होटल प्राप्ति कर (₹ 18.08 लाख); आय और व्यय पर अन्य कर (₹ 20.77 लाख) और वस्तुओं और अन्य सेवाओं पर अन्य कर एवं शुल्क (₹ 0.27 लाख)।

नही खा सके। बजट अनुमान के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा जुटाए गए वास्तविक राजस्व की वर्षवार तुलना नीचे **चार्ट 3.3** में दर्शाई गई है।



जैसा कि **चार्ट–3.3** से देखा जा सकता है, वर्ष 2018–19 को छोड़कर, शासन द्वारा उद्ग्रहित कर राजस्व बजट में दर्शाये गए मूल अनुमानों के समतुल्य नहीं रहा था। जबकि शासन की वास्तविक कर प्राप्तियों ने 2016–21 के दौरान निरंतर वृद्धि दर्ज की।

संबंधित विभागों द्वारा वर्ष 2020–21 के दौरान बजट अनुमान एवं वास्तविक राजस्व प्राप्तियों में अंतर के साथ ही कुछ मामलों मे पूर्व वर्ष से प्राप्ति में कमी के निम्नलिखित कारण सूचित किये गये।

बिक्री, व्यापार आदि पर करः वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के लागू होने से पहले सभी वस्तुओं पर मूल्य सवंर्धित कर लागू था। राज्य शासन ने 1 जुलाई 2017 से पेट्रोल, डीजल, विमानन टरबाइन ईधन, प्राकृतिक गैस एवं मदिरा को छोड़कर सभी वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर लागू किया। 2019–20 की तुलना में 2020–21 के दौरान बिक्री, व्यापार आदि पर कर से प्राप्तियां 7.75 प्रतिशत बढ़ी।

राज्य वस्तु एवं सेवा करः 2020–21 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से प्राप्तियां 2019–20 की तुलना में 0.38 प्रतिशत बढ़ी, जिसका मुख्य कारण कोविड–19 महामारी के दौरान व्यापार पर कम प्रभाव पड़ना था।

राज्य उत्पाद शुल्कः राज्य उत्पाद शुल्क से राजस्व में 6.39 प्रतिशत की कमी का कारण मुख्य रूप से राज्य शासन द्वारा कोविड–19 के दौरान, 1 अप्रैल 2020 से 3 मई 2020 तक देशी/विदेशी मदिरा की दुकानों को बंद किया जाना तथा जिला कलेक्टर द्वारा जिला स्तर पर लगाया गया लॉक डाउन था।

विद्युत कर तथा शुल्कः उद्योगों से लंबित बकायों की वसूली के कारण पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2020–21 में कर राजस्व में 27.46 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

वाहनों पर करः कोविड–19 महामारी के कारण 2020–21 के दौरान राजस्व में 9.95 प्रतिशत की कमी आई।

माल तथा यात्री करः वर्ष 2020–21 में 97.11 फीसदी की वृद्धि हुई थी। विभाग से राजस्व वृद्धि के कारणों का अनुरोध किया गया था (मई 2022)। उत्तर अभी प्रतीक्षित है।

स्टाम्प तथा पंजीकरण शुल्क: वर्ष 2020–21 में कर राजस्व में 3.04 प्रतिशत की कमी हुई क्योंकि पिछले वर्ष खनन पट्टों से प्राप्तियों के कारण राजस्व में समुचित वृद्धि हुई थी जबकि 2020–21 के दौरान प्राप्तियां सामान्य थीं।

3.2.2 कर–भिन्न राजस्व

वर्ष 2020–21 के कर–भिन्न राजस्व का विच्छेद **चार्ट 3.4** में दर्शाया गया है।

चार्ट 3.4 वर्ष 2020–21 के कर–भिन्न राजस्वों का विच्छेद (₹ करोड़ में)



वर्ष 2016–21 की अवधि के दौरान उद्ग्रहित कर–भिन्न राजस्व का विवरण **तालिका 3.3** में दर्शाया गया है:

तालिका 3.3: शासन द्वारा उद्ग्रहित कर–भिन्न राजस्व का विवरण

(₹ करोड़ में)

राजस्व शीर्ष		2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2020–21	2019–20 की तुलना में 2020–21 में अन्तर का प्रतिशत
अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग	**बजट अनुमान**	5,500.00	5,600.00	6,000.00	6,500.00	6,670.00	(–) **10.60**
	वास्तविक	4,141.47	4,911.44	6,110.24	6.195.73	5,538.49	
वानिकी तथा वन्य जीव	**बजट अनुमान**	550.00	600.00	600.00	600.00	700.00	(+) **11.11**
	वास्तविक	405.15	291.17	236.73	249.37	277.08	
ब्याज प्राप्तियाँ	**बजट अनुमान**	249.38	137.25	132.93	126.83	194.49	(–) **61.37**
	वास्तविक	157.24	180.44	189.55	232.41	89.77	
वृहद सिंचाई	**बजट अनुमान**	586.47	703.68	738.89	791.67	749.94	(+) **2.03**
	वास्तविक	437.35	461.23	521.81	437.04	445.91	
लघु सिंचाई	**बजट अनुमान**	288.34	288.34	302.76	324.39	330.42	(–) **19.06**
	वास्तविक	180.84	121.73	164.06	287.54	232.72	
चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य	**बजट अनुमान**	15.93	29.33	45.99	44.73	62.10	(+) **7.72**
	वास्तविक	46.50	52.56	52.86	88.88	95.75	

लोक निर्माण कार्य	**बजट अनुमान**	43.72	73.70	43.00	50.00	95.83	(–) **29.92**
	वास्तविक	41.12	54.29	73.57	45.98	32.23	
अन्य प्रशासनिक सेवायें	**बजट अनुमान**	23.69	65.43	42.82	28.41	47.34	(–) **0.22**
	वास्तविक	36.66	39.81	42.10	35.75	35.67	
अन्य सामाजिक सेवायें	**बजट अनुमान**	4.30	30.00	30.00	20.50	11.01	(–) **4.22**
	वास्तविक	28.71	17.42	8.12	16.73	16.02	
शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति	**बजट अनुमान**	7.60	6.97	28.03	21.20	16.09	(+) **24.59**
	वास्तविक	27.04	17.15	14.04	14.83	18.63	
अन्य कर–भिन्न प्राप्तियाँ	**बजट अनुमान**	150.71	169.50	205.58	317.27	337.38	(+) **7.64**
	वास्तविक	167.17	193.18	289.94	329.51	354.68[5]	
योग	**बजट अनुमान**	**7,420.14**	**7,704.20**	**8,170.00**	**8,825.00**	**9,214.00**	(–) **10.04**
	वास्तविक	**5,669.25**	**6,340.42**	**7,703.02**	**7,933.77**	**7,136.95**	

(स्त्रोतः छत्तीसगढ़ शासन के वित्त लेखे और छत्तीसगढ़ शासन की बजट पुस्तिका के अनुसार बजट अनुमान)

संबंधित विभागों द्वारा वर्ष 2020–21 के दौरान बजट अनुमान एवं वास्तविक राजस्व प्राप्तियों में अंतर एवं कुछ मामलों में पूर्व वर्ष से प्राप्ति में कमी के निम्नलिखित कारण सूचित किये गये।

अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योगः वर्ष 2020–21 में कोविड–19 महामारी के कारण पिछले वर्ष की तुलना में राजस्व प्राप्ति में 10.61 प्रतिशत की कमी हुई और लक्षित राशि को भी घटाकर ₹ 5,500 करोड़ किया गया।

वानिकी तथा वन्य जीवः पिछले वर्ष की तुलना में 2020–21 में प्राप्तियों में 11.11 प्रतिशत की वृद्धि हुई, चूंकि कूपों में कटाई और परिवहन निर्धारित समय में किया गया।

लघु सिंचाईः इस शीर्ष के तहत प्राप्तियों में 2020–21 में 19.06 प्रतिशत की कमी औद्योगिक संस्थाओं और स्थानीय निकायों के द्वारा जलकर जमा न करने के कारण हुई। साथ ही, किसानों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कर भुगतान से छूट भी दी गई थी।

[5] अन्य कर–भिन्न प्राप्तियों में वर्ष 2020–21 में निम्न मदों में वास्तविक प्राप्तियाँ सम्मिलित है: लाभांश तथा लाभ (₹ 2.29 करोड़); लोक सेवा आयोग (₹ 8.25 करोड़); पुलिस (₹ 29.06 करोड़); जेल (₹ 4.89 करोड़); लेखन सामग्री तथा मुद्रण (₹ 1.99 करोड़); पेंशन तथा अन्य सेवा निवृत्ति लाभों के संबंध में अंशदान और वसूली (₹ 61.84 करोड़); विविध सामान्य सेवायें (₹ 75.20 करोड़); परिवार कल्याण (₹ 0.00 करोड़); जल पूर्ति तथा सफाई (₹ 5.06 करोड़); आवास (₹ 4.77 करोड़); नगर विकास (₹ 10.20 करोड़); सूचना एवं प्रचार (₹ 0.04 करोड़); श्रम तथा रोजगार (₹ 22.46 करोड़); सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण (₹ 13.34 करोड़); फसल कृषि कर्म (₹ 23.23 करोड़); पशुपालन (₹ 9.72 करोड़); मछली पालन (₹ 5.77 करोड़); खाद्य भंडारण तथा भंडागारण (₹ 1.30 करोड़); सहकारिता (₹ 2.88 करोड़); अन्य कृषि कार्यक्रम (₹ 1.86 करोड़); अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम (₹ 37.70 करोड); मध्यम सिंचाई (₹ 5.16 करोड़); ग्रामोद्योग तथा लघु उद्योग (₹ 2.84 करोड़); उद्योग (₹ 12.08 करोड़); नगर विमानन (₹ 0.00 करोड़); सड़क तथा पुल (₹ 0.89 करोड़) एवं अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें (₹ 11.86 करोड़)।

वृहद सिंचाईः वर्ष 2020–21 में 2.03 प्रतिशत की वृद्धि कोरबा एवं रायपुर नगर निगम के द्वारा शेष जलकर की राशि जमा करने के कारण हुई। बजट अनुमान के सापेक्ष कर वसूली में कमी (40.54 प्रतिशत) राज्य शासन द्वारा छूट दिये जाने एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेटिंग कंपनी लिमिटेड, द्वारा जल कर के बकाया राजस्व का भुगतान नहीं करने के कारण हुई।

शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृतिः पिछले वर्ष की तुलना में 2020–21 के दौरान राजस्व में 24.59 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके कारणों हेतु विभाग से अनुरोध किया गया था (मई 2022)। उत्तर अभी भी प्रतीक्षित है।

अन्य कर–भिन्न प्राप्तियाँः 2020–21 में 7.64 प्रतिशत की वृद्धि मुख्यतः पुलिस, विविध सामान्य सेवाओं, जल आपूर्ति और स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा और कल्याण, मत्स्य पालन, सहकारिता, अन्य कृषि कार्यक्रमों , अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रमों और उद्योग प्रमुखों के तहत राजस्व में वृद्धि के कारण हुई।

3.3 लेखापरीक्षा प्राधिकार

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा प्राधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 से 151 एवं नियंत्रक महालेखापरीक्षक (कर्त्तव्य, शक्तियाँ एवं सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 (डीपीसी अधिनियम) से व्युत्पन्न होते हैं। नियंत्रक महालेखापरीक्षक सरकार की प्राप्तियों को डीपीसी अधिनियम की धारा 16 के अंतर्गत लेखापरीक्षा करते हैं।

3.4 लेखापरीक्षा की योजना एवं संचालन

निम्नलिखित **प्रवाह चित्र** योजना, लेखापरीक्षा का संचालन एवं लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को तैयार करने की प्रक्रिया को दर्शाता है।

चार्ट–3.5 योजना, लेखापरीक्षा का संचालन एवं लेखापरीक्षा प्रतिवेदन की तैयारी



प्रत्येक ईकाई की लेखापरीक्षा पूर्ण होने पर ईकाई के प्रमुख को लेखापरीक्षा टिप्पणियाँ सम्मिलित करते हुए निरीक्षण प्रतिवेदन एक माह के भीतर उत्तर प्रस्तुत करने हेतु निवेदन कर जारी किया जाता है। इन निरीक्षण प्रतिवेदनों में इंगित महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा टिप्पणियाँ जिसे शासन के उच्चतम स्तर पर ध्यान आकृष्ट करने की

आवश्यकता हो, लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में शामिल करने के लिए कार्रवाई की जाती है। इन लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों को विधान सभा के पटल पर रखे जाने हेतु भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के राज्यपाल को प्रस्तुत किया जाता है।

वर्ष 2019–20 के दौरान सात विभागों के अंतर्गत कुल 544 लेखापरीक्षा योग्य ईकाइयों में से 119 ईकाइयों की लेखापरीक्षा की योजना की बनाई गई जिसमें मुद्रांक शुल्क और पंजीकरण शुल्क के आकलन, आरोपण और संग्रह पर निष्पादन लेखापरीक्षा के लिए 15 ईकाइयों सहित 134 ईकाइयों की लेखापरीक्षा की गई। वर्ष 2020–21 के दौरान दो विभागों[6] के अंतर्गत कुल 222 लेखापरीक्षा योग्य ईकाइयों में से 38 ईकाइयों का लेखापरीक्षा की योजना बनाई गई और वाणिज्यिक कर की ईकाइयों के अलावा 36 ईकाइयों का लेखापरीक्षा किया गया, इसके अलावा वाणिज्यिक कर वस्तु एवं सेवा कर विभाग की ईकाइयों को तीन अनुपालन लेखापरीक्षा में शामिल किया गया।

3.5 बकाया राजस्व का विश्लेषण

31 मार्च 2021 की स्थिति में छः विभागों का बकाया राजस्व ₹ 9,924.74 करोड़ था, जिसमें से ₹ 4,502.10 करोड़ (45.36 प्रतिशत) पाँच वर्षों से अधिक समय से बकाया था, जैसा कि **तालिका 3.4** में वर्णन किया गया है:

तालिका 3.4: 31 मार्च 2021 की स्थिति में बकाया राजस्व

(₹ करोड़ में)

स. क्र.	राजस्व शीर्ष	कुल बकाया राजस्व	पाँच वर्ष से अधिक समय से बकाया राशि	बकाया प्रकरणों की वस्तु–स्थिति के संबंध में विभाग का उत्तर
1.	विद्युत कर तथा शुल्क	6,574.47	3,218.36	10 मामलों मे राजस्व वसूली प्रमाणपत्र (आरआरसी) जारी, आठ प्रकरण न्यायालय में लंबित, तीन प्रकरणों में न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश तथा 40 प्रकरण 'अन्य' में लंबित।
2.	बिक्री, व्यापार आदि पर कर	3,208.62	1,205.58	न्यायालय में लंबित (₹ 425.13 करोड़); दोषियों की चल एवं अचल संपत्ति का विवरण नहीं (₹ 201.29 करोड़); 29157 मामलों में आरआरसी जारी, न्यायालय द्वारा स्थगन (₹ 1142.67 करोड़); अन्य राज्यों को जारी आरआरसी (₹ 235.16 करोड़); रूग्ण उद्योग (₹ 23.13 करोड़); बट्टे खाते में डाला गया (₹ 2.20 करोड़); अपील अनुश्रवण में स्थगित राशि (₹ 253.11 करोड़); अन्य अंचलों/मंडलों को भेजी गई आरआरसी की राशि (₹ 24.97 करोड़); फर्मों द्वारा कारोबार बंद करना (₹ 813.88 करोड़)
3.	स्टाम्प तथा पंजीकरण शुल्क	68.01	31.72	763 मामलों में आरआरसी जारी; 96 मामले अदालत में लंबित 10 प्रकरणों में न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश तथा दो प्रकरणों में दोषियों की चल/अचल संपत्तियों का विवरण उपलब्ध नहीं।
4.	राज्य उत्पाद शुल्क	56.48	43.37	109 मामलों में आरआरसी जारी; 19 मामले न्यायालय में विचाराधीन है।
5.	अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग	0.88	0.88	विभाग ने बताया जनवरी 2022 कि खनन अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर बकाये की वसूली के निर्देश दिये गये हैं। आगे, समीक्षा बैठक में सचिव, खनिज साधन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन ने जिलों को निर्देश दिये हैं कि अति पुराने बकाये को बट्टे खाते में डालने का प्रस्ताव भेजा जाये।
6.	वाहन कर	16.28	2.19	न्यायालय में लंबित (0.84 करोड़)
योग		**9,924.74**	**4,502.10**	

(स्त्रोतः संबंधित विभागों द्वारा प्रदायित जानकारी)

[6] भौमिकी तथा खनिकर्म, वन विभाग

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन एवं वानिकी वन्य जीव से संबंधित विभागों ने मामले को शासन स्तर पर उठाने (जनवरी 2022) के बाद भी कोई जानकारी नहीं दी। परिवहन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों में विसंगति थी और इसलिए इसे शामिल नहीं किया जा सका। शासन स्तर पर फॉलोअप किया गया लेकिन कोई सूचना नहीं मिली।

3.6 लेखापरीक्षा के प्रति शासन/विभागों की प्रतिक्रिया

3.6.1 बकाया निरीक्षण प्रतिवेदनों की स्थिति

शासकीय विभागों एवं कार्यालयों के लेखापरीक्षा समाप्ति उपरांत संबंधित कार्यालय प्रमुखों को निरीक्षण प्रतिवेदन जारी किया जाता है तथा उसकी प्रति संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित की जाती है, ताकि उस पर सुधारात्मक कार्यवाही एवं निगरानी की जा सके। गंभीर वित्तीय अनियमिततायें विभाग के प्रमुख और शासन को प्रतिवेदित की जाती हैं।

31 मार्च 2021 तक कि स्थिति में जारी निरीक्षण प्रतिवेदनों के विश्लेषण में पाया गया कि 1994–95 से 2020–21 के दौरान जारी 2,766 निरीक्षण प्रतिवेदनों की 11,386 कंडिकाएँ जून 2021 के अंत तक बकाया थे। विभागवार लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों एवं लेखापरीक्षा प्रेक्षणों का विवरण नीचे **तालिका 3.5** में वर्णित है:

तालिका 3.5: विभागवार लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों की स्थिति

(₹ करोड़ में)

स. क्र.	विभाग का नाम	राजस्व की प्रकृति	निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रकार	बकाया निरीक्षण प्रतिवेदन 2020–21 की संख्या	बकाया लेखापरीक्षा टिप्पणियों की संख्या 2020–21	सन्निहित राशि 2020–21
1.	स्टाम्प एवं पंजीकरण शुल्क	स्टाम्प तथा पंजीकरण शुल्क	**राजस्व**	254	757	108.94
			व्यय	13	58	26.01
2.	मोटर वाहन तथा परिवहन	वाहन कर	**राजस्व**	198	1464	297.63
			व्यय	66	145	0.33
3.	वन	वानिकी तथा वन्य प्राणी	**राजस्व**	429	1326	1333.33
			व्यय	499	2621	1284.81
4.	वाणिज्यिक कर	बिक्री, व्यापार आदि पर कर	**राजस्व**	537	3590	728.72
			व्यय	73	113	556.20
5.	खनन	पंजीकरण शुल्क	**राजस्व**	174	650	1435.04
			व्यय	61	184	689.78
6.	आबकारी	राज्य उत्पाद	**राजस्व**	165	415	2247.74
		मनोरंजन कर	**राजस्व**	103	165	4.20
		उत्पाद एवं मनोरंजन कर	**व्यय**	50	87	27.74
7.	भू–राजस्व	भू–राजस्व	**राजस्व**	597	1886	1115.65
			व्यय	48	122	13.82
8.	ऊर्जा	विद्युत कर तथा शुल्क	**राजस्व**	21	91	2348.82
			व्यय	7	19	8031.58
9.	अन्य कर विभाग	अन्य प्राप्तियाँ	**राजस्व**	288	1042	651.19
			व्यय	1	10	0.13
राजस्व				**2766**	**11386**	**10271.26**
व्यय				**818**	**3359**	**10630.40**
योग				**3584**	**14745**	**20901.66**

वर्ष 2020–21 के दौरान जारी किये गये लेखापरीक्षा के 36 निरीक्षण प्रतिवेदनों से 30[7] निरीक्षण प्रतिवेदनों (83.34 प्रतिशत) के प्रथम उत्तर कार्यालय प्रमुख से प्राप्त नहीं हुए है।

निरीक्षण प्रतिवेदन एवं लेखापरीक्षा कंडिकाओं में कार्यवाही की कमी इन प्रतिवेदनों में इंगित किये गये गंभीर वित्तीय अनियमितताओं को निरंतर किए जाने के जोखिम से युक्त है। इससे शासन प्रक्रिया के आंतरिक नियंत्रणों में कमी, सार्वजनिक वस्तुओं/सेवाओं का अकुशल एवं अप्रभावी वितरण, धोखा, भ्रष्टाचार एवं सरकारी खजाने को हानि भी हो सकती है।

राज्य शासन लेखापरीक्षा टिप्पणियों पर त्वरित एवं उचित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करें तथा जो निरीक्षण प्रतिवेदन/कंडिकाएँ पर उत्तर निर्धारित समय में प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं, उनके विरूद्ध कार्रवाई करें।

3.6.2 विभागीय लेखापरीक्षा समिति की बैठकें

शासन लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों और कंडिकाओं की प्रगति की निगरानी और उसे त्वरित करने के लिए लेखापरीक्षा समिति का गठन करती है। वर्ष 2020–21 के दौरान खनन विभाग का लेखापरीक्षा समिति की बैठक की गई, जिसमें 230 कंडिकाओं पर चर्चा की गई और 122 कंडिकाओं तथा 12 निरीक्षण प्रतिवेदनों का निराकरण किया गया।

बकाया कंडिकाओं के निस्तारण के लिए लेखापरीक्षा समिति बैठक आयोजित करने का प्रयास किया गया तथा विभागाध्यक्षों के साथ मामले को उठाया गया। हालांकि, 2020–21 के दौरान, कोविड–19 महामारी के कारण, केवल खनन विभाग की लेखापरीक्षा समिति बैठक आयोजित की गई।

राज्य शासन समस्त विभागों को निर्देशित करे कि समय–समय पर आयोजित लेखापरीक्षा समिति बैठकों द्वारा लंबित लेखापरीक्षा टिप्पणियों का निराकरण करे एवं सुनिश्चित करे कि समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन कर लंबित कंडिकाओं के निराकरण हेतु लेखापरीक्षा को प्रस्तुत करें।

3.7 लेखापरीक्षा परिणाम

वर्ष 2020–21 के दौरान वन विभाग से संबंधित 20 ईकाइयों के अभिलेखों की नमूना जाँच में राजस्व हानि, अन्य अनियमितताएं, अनियमित/निष्फल व्यय आदि के ₹ 185.67 करोड़ की राशि के 1,183 प्रकरण सामने आए। संबंधित विभागों ने 14 मामलों में ₹ 0.74 करोड़ के कम आकलन एवं अन्य कमियों को स्वीकार किया।

[7] वन–17; खनिज साधन–13

अध्याय 4

राजस्व क्षेत्र की अनुपालन लेखापरीक्षा

अध्याय 4

राजस्व क्षेत्र की अनुपालन लेखापरीक्षा

अध्याय का सारांशः

इस अध्याय में राजस्व क्षेत्र के अंतर्गत वाणिज्यिक कर–जीएसटी विभाग से संबंधित तीन अनुपालन लेखापरीक्षा के परिणाम शामिल हैं।

वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) के संक्रमणकालीन क्रेडिट पर विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा (एसएससीए) विद्यमान विधियों के अंतर्गत भुगतान किए गए विभिन्न करों जैसे मूल्य सवंर्धित कर (वैट) के लिए अर्जित संक्रमणकालीन क्रेडिट दावों के सत्यापन के लिए विभागीय तंत्र की पर्याप्तता और प्रभावशीलता का आकलन और जीएसटी व्यवस्था में करदाता द्वारा अग्रेनित किए गए संक्रमणकालीन क्रेडिट की वैधता और स्वीकार्यता का आकलन करने के लिए की गई थी। लेखापरीक्षा ने कई कमियां देखी जैसे कि संक्रमणकालीन क्रेडिट दावों की अनियमित प्राप्ति; वैट संक्रमणकालीन क्रेडिट का अधिक अग्रेनयन; अधिक दावा किए गए संक्रमणकालीन क्रेडिट के वापसी पर ब्याज का भुगतान न करना और विभाग ने वैट विवरणी के साथ सभी संक्रमणकालीन क्रेडिट प्रकरणों को प्रति सत्यापित नहीं किया था।

वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था के अंतर्गत कर–वापसी (प्रतिदाय) के प्रकरणों की विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा का उद्देश्य अधिनियम, नियमों, अधिसूचनाओं, परिपत्रों आदि की पर्याप्तता; कर अधिकारियों द्वारा वर्तमान प्रावधानों का अनुपालन; करदाताओं द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रणालियों की प्रभावकारिता और व्यापार की सुविधा के लिए प्रतिदायों के आवेदनों को निराकरण में विभागीय अधिकारियों के प्रदर्शन की जाँच के लिए प्रभावी आंतरिक नियंत्रण तंत्र के अस्तित्व का आकलन करना था। लेखापरीक्षा ने कमियां देखी जैसे (i) प्रतिदाय दावे की पावती जारी करने, प्रतिदाय आदेश की स्वीकृति और संबंधित विभाग को प्रतिदाय आदेशों की सूचना देने में विलंब, तथा उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना प्रतिदाय दावों की अस्वीकृति; (ii) अधिनियम/नियमों का पालन न करने और गणना में त्रुटि के कारण अधिक प्रतिदाय के प्रकरण और (iii) वस्तुओं और सेवाओं की शून्य रेटेड आपूर्ति के अलावा अन्य प्रकरणों में अनंतिम प्रतिदाय की स्वीकृति के कारण अनियमित रूप से प्रतिदाय देना आदि।

वाणिज्यिक कर विभाग की अनुपालन लेखापरीक्षा यह सुनिश्चित एवं मूल्यांकन करने के लिए किया गया कि क्या करों का निर्धारण मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम एवं प्रवेश कर अधिनियम में निर्धारित प्रक्रियानुसार किया गया; कर निर्धारण प्राधिकारी द्वारा प्रदान की गई कर छूट/रियायत की लागू दरें वैध घोषणा फार्म द्वारा समर्थित थे और प्रस्तुत की गई कर विवरणियों की प्रारंभिक जाँच में कर निर्धारण प्राधिकारी ने यथोचित प्रयास किया था। लेखापरीक्षा ने पाया कि वस्तुओं के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के कारण विभाग ने मूल्य संवर्धित कर तथा प्रवेश कर की गलत दर अधिरोपित की तथा बिना वैधानिक फॉर्म के केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अंतर्गत अंतर्राज्यीय विक्रय पर, भंडार के अंतरण पर, पारगमन विक्रय पर कर की रियायती दर की अनुमति प्रदान की।

4.1 वस्तु एवं सेवा कर के संक्रमणकालीन क्रेडिट पर विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा

4.1.1 प्रस्तावना

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की प्रस्तुति अप्रत्यक्ष करों के क्षेत्र में हमारे देश में एक महत्वपूर्ण सुधार है, जिसने केन्द्र और राज्यों द्वारा लगाए और एकत्र किए गए कई करों को प्रतिस्थापित किया। जीएसटी वस्तुओं या सेवाओं या दोनों की आपूर्ति पर एक गंतव्य आधारित कर है, जिसे बहु–स्तरों पर लगाया जाता है जहाँ आपूर्ति के साथ ही कर आगे बढ़ेंगे। कर उसी कर प्राधिकारी को देय होगा जिसका आपूर्ति के स्थान पर क्षेत्राधिकार है। यह कर केन्द्र और राज्यों के द्वारा एक साथ समान आधार पर लगाया जाता है। केन्द्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) और राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) राज्य के भीतर आपूर्तियों पर लगाया जाता है और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) अंतर्राज्यीय आपूर्तियों पर लगाया जाता है। आउटपुट कर देयता के विरुद्ध समायोजन के लिए इनपुट, इनपुट सेवाओं और पूंजीगत वस्तुओं पर भुगतान किए गए करों के इनपुट कर क्रेडिट की उपलब्धता जीएसटी की एक प्रमुख विशेषता है। यह करों के ऊपर पुनः कर लगने के प्रभाव को हटाएगा तथा यह विक्रेता से क्रेता की ओर क्रेडिट का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित करता है। जीएसटी व्यवस्था में विद्यमान कानूनों से इनपुट कर के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए जीएसटी अधिनियम में 'इनपुट कर के लिए संक्रमणकालीन व्यवस्था' को सम्मिलित किया गया था ताकि विद्यमान कानूनों के अंतर्गत प्रदत्त उपयुक्त करों अथवा शुल्कों के संबंध में इनपुट कर की हकदारी और दावा करने के तरीके का प्रावधान किया जा सके। शासन और व्यवसाय दोनों के लिए संक्रमणकालीन क्रेडिट के प्रावधान महत्वपूर्ण है। व्यवसाय के लिए, संक्रमणकालीन क्रेडिट के प्रावधान पुराने विवरणी में संचित क्रेडिट, कच्चे माल, प्रगतिरत कार्य, नियत दिन पर स्टॉक में रखे तैयार वस्तुओं के संबंध में इनपुट कर के साथ–साथ पूंजीगत वस्तुओं के संबंध में क्रेडिट का जीएसटी व्यवस्था मे स्थानांतरण को सुनिश्चित करते हैं। यह प्रावधान करदाताओं को ऐसे इनपुट कर क्रेडिट को तभी स्थानांतरित करने में सक्षम बनाते हैं जब उनका उपयोग सामान्यतः व्यवसाय के दौरान या व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए किया जाता है।

4.1.2 कर प्रशासन

राज्य कर विभाग के अंतर्गत पाँच संभाग और 30 वृत्त हैं। शासन के स्तर पर राज्य कर विभाग, प्रमुख सचिव द्वारा प्रशासित होता है। आयुक्त, राज्य कर विभाग का प्रमुख होता है और उसकी सहायता के लिए एक विशेष आयुक्त, तीन अतिरिक्त आयुक्त, 12 संयुक्त आयुक्त, 26 उपायुक्त, 72 सहायक आयुक्त, 121 राज्य कर अधिकारी, 174 राज्य कर निरीक्षक है जो छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर (सीजीजीएसटी) अधिनियम, 2017 में निहित किये गये कार्यों के अनुसार कार्य करते हैं। दिनांक 4 अक्टूबर, 2021 की स्थिति अनुसार उपरोक्त स्वीकृत पद के विरुद्ध विभाग में 10 संयुक्त आयुक्त, 20 उपायुक्त, 54 सहायक आयुक्त, 71 राज्य कर अधिकारी एवं 115 राज्य कर निरीक्षक कार्यरत हैं।

4.1.3 इनपुट कर के लिए संक्रमणकालीन व्यवस्थाएं–कानूनी प्रावधान

सीजीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 140 करदाताओं को जीएसटी व्यवस्था में विद्यमान कानूनों के अंतर्गत अर्जित इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) को अग्रेनित करने को सक्षम बनाती है। छत्तीसगढ़ जीएसटी नियम, 2017 के नियम 117 के साथ सहपठित, यह धारा इस संबंध मे विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित करती है। आईटीसी के लिए

संक्रमणकालीन व्यवस्था के अंतर्गत विद्यमान कानूनों के तहत भुगतान किए गए विभिन्न करों जैसे मूल्य संवर्धित कर (वैट क्रेडिट) के आईटीसी को निम्नानुसार जीएसटी व्यवस्था में अग्रेनित किया जा सकता हैः

क) **अंतिम विवरणी में क्रेडिट का अंत–शेषः** विद्यमान कानूनों के तहत नियत दिन से ठीक पहले के माह के लिए जमा किये गये विवरणियों में उपलब्ध वैट क्रेडिट का अंत–शेष इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में क्रेडिट के तौर पर लिया जा सकता है।

ख) **पूंजीगत वस्तुओं पर अप्रयुक्त क्रेडिटः** पूंजीगत वस्तुओं पर अप्रयुक्त क्रेडिट की शेष किश्त जीएसटी ट्रान–1 में अपेक्षित घोषणा करके लिया जा सकता है।

ग) **कर भुगतान किए गए स्टॉक पर क्रेडिटः** निर्माता या सेवा प्रदाता के अलावा एक पंजीकृत कर योग्य व्यक्ति, बीजक के आधार पर स्टॉक में रखे गए वस्तुओं पर भुगतान किए गए कर का क्रेडिट ले सकता है।

घ) **कर भुगतान किए गए स्टॉक पर क्रेडिट जब पंजीकृत व्यक्ति के पास वैट भुगतान के साक्ष्य का अभिलेख नहीं हैः** जिन व्यापारियों के पास वैट बीजक नहीं हैं, उनके लिए कर भुगतान किये गए स्टॉक पर क्रेडिट की अनुमति देने के लिए एक तंत्र है।

ङ) **विद्यमान कानूनों के तहत छूट प्राप्त वस्तुओं से संबंधित क्रेडिट जो अब कर योग्य हैंः** छूट प्राप्त वस्तुओं या सेवाओं के इनपुट, अर्ध–तैयार और तैयार वस्तुओं के स्टॉक के संबंध में वैट का इनपुट कर क्रेडिट जो अब जीएसटी में कर योग्य है।

च) **मार्गस्थ इनपुट/इनपुट सेवाएंः** नियत दिन को या उसके बाद प्राप्त इनपुट या इनपुट सेवाएं लेकिन उस पर शुल्क या कर का भुगतान आपूर्तिकर्ता द्वारा विद्यमान विधि के तहत किया गया था।

छ) **विद्यमान कानून के तहत कम्पोजिशन योजना के तहत चुकाये गये करः** जिन करदाताओं ने विद्यमान कानून के तहत देय कर के बदले निश्चित दर या निश्चित राशि पर कर का भुगतान किया था, अब जीएसटी के तहत सामान्य योजना के तहत काम कर रहे हैं, वे नियत तिथि पर अपने इनपुट स्टॉक, अर्ध–निर्मित और तैयार स्टॉक पर क्रेडिट का दावा कर सकते हैं।

ज) **मूल्य संवर्धित कर अधिनियम और वित्त अधिनियम, 1994 के तहत किसी भी आपूर्ति पर भुगतान किए गए कर के संबंध में क्रेडिटः** आपूर्ति के संबंध में संक्रमणकालीन क्रेडिट जो विद्यमान कानूनों के तहत वैट और सेवा कर दोनों को आकर्षित करता है, जिसके लिए नियत तिथि से पहले कर का भुगतान किया गया था और जिसकी आपूर्ति नियत तिथि के बाद की गई है।

करदाता, अधिनियम की धारा 140 की प्रासंगिक उप–धाराओं के तहत संक्रमणकालीन क्रेडिट के घटकों का दावा नीचे उल्लिखित उपयुक्त तालिका में फॉर्म–ट्रान–1 और ट्रान–2 में कर सकते हैं।

विवरणी	तालिका संख्या	संक्रमणकालीन क्रेडिट घटक
ट्रान–1	5(ग)	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अग्रेनित कर क्रेडिट
ट्रान–1	6(ख)	राज्य/संघ राज्य के अप्रयुक्त कर क्रेडिट
ट्रान–1	7(ख)	इनपुट के संबंध में योग्य शुल्क और कर/वैट/प्रवेश कर
ट्रान–1	7(ग)	बीजक द्वारा समर्थित इनपुट पर वैट और प्रवेश कर की भुगतान राशि

ट्रान–2	7(घ)	वस्तुओं का स्टॉक जिनके कर भुगतान के प्रमाण बीजक/दस्तावेजों से समर्थित नहीं है
ट्रान–1	10(क)	प्रधान की ओर से स्टॉक में रखे गए सामान
ट्रान–1	11	धारा 142 (11) (सी) के तहत लिए गए क्रेडिट का विवरण

कम्पोजिशन योजना (अधिनियम की धारा 10 के तहत) के तहत कर के भुगतान का विकल्प चुनने वालों को छोड़कर सभी पंजीकृत करदाता, नियत दिन से 90 दिनों के भीतर ट्रान–1 विवरणी दाखिल करके संक्रमणकालीन क्रेडिट का दावा करने के पात्र हैं। प्रारंभ में ट्रान–1 विवरणी दाखिल करने की समय सीमा 27 दिसंबर, 2017 तक बढ़ा दी गई थी। हालांकि, कई करदाता तकनीकी कठिनाइयों के कारण नियत तारीख के भीतर विवरणी दाखिल नहीं कर सके। इसलिए, ऐसे करदाताओं को समाहित करने के लिए सीजीजीएसटी नियम, 2017 के नियम 117 के तहत उप–नियम 1ए को अधिसूचना क्रमांक 48/2018 सीटी दिनांक 10 सितंबर 2018 द्वारा सम्मिलित किया गया एवं समय सीमा को बढ़ाकर 31 मार्च, 2019 किया गया था।

4.1.4 लेखापरीक्षा उद्देश्य

संक्रमणकालीन क्रेडिट दावे सीधे तौर पर जीएसटी राजस्व को प्रभावित करते हैं क्योंकि यह क्रेडिट करदाताओं की आउटपुट कर देयता के विरुद्ध समायोजन के योग्य है। इस प्रकार, संक्रमणकालीन क्रेडिट की लेखापरीक्षा निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ यह आश्वासन प्राप्त करने हेतु की गई कि:

i) क्या संक्रमणकालीन क्रेडिट दावों के सत्यापन के लिए विभाग द्वारा परिकल्पित तंत्र पर्याप्त और प्रभावी था; तथा

ii) क्या करदाताओं द्वारा जीएसटी व्यवस्था में अग्रेनित किए गए संक्रमणकालीन क्रेडिट वैध और स्वीकार्य थे।

4.1.5 लेखापरीक्षा का कार्य क्षेत्र

लेखापरीक्षा के कार्यक्षेत्र में सीजीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 140 के तहत करदाताओं द्वारा नियत तिथि[1] से लेकर मार्च 2020 के अंत तक दाखिल किए गए संक्रमणकालीन क्रेडिट विवरण की समीक्षा शामिल है। इसमें संक्रमणकालीन क्रेडिट के लिए अधिनियम के तहत निर्दिष्ट नियमों की पर्याप्तता, विभागीय सत्यापन प्रक्रिया की प्रभावशीलता, पाए गए विचलनों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई, संक्रमणकालीन क्रेडिट के संबंध में अंतर–क्षेत्राधिकारिता कार्यों के कार्यान्वयन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया और अनुपालन आश्वासन हेतु चयनित संक्रमणकालीन क्रेडिट दावों की स्वतंत्र जाँच शामिल है।

4.1.6 लेखापरीक्षा पद्धति

संक्रमणकालीन क्रेडिट दावों की लेखापरीक्षा के लिए अपनायी गयी कार्यप्रणाली में चयनित नमूनों का डेटा विश्लेषण, अंतर्निहित अभिलेखों के किए जाने वाले लेखापरीक्षा की प्रकृति और सीमा शामिल थी। मूल लेखापरीक्षा में क्षेत्र संरचनाओं में संधारित किए गए संक्रमणकालीन क्रेडिट से संबंधित अभिलेखों की जाँच, संक्रमणकालीन क्रेडिट के संबंध में अंतर–क्षेत्राधिकारिता कार्यों के कार्यान्वयन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया, विभाग द्वारा अपनाई गई संक्रमणकालीन विवरणियों का सत्यापन प्रक्रिया और पाये गए विचलन पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई शामिल है। इसमें अनुपालन आश्वासन के लिए चयनित

[1] वह तिथि जब से इस अधिनियम के प्रावधान प्रवृत्त हुए

संक्रमणकालीन क्रेडिट दावों की एक स्वतंत्र जाँच भी शामिल थी। संक्रमणकालीन विवरणियों का सत्यापन आयुक्त और वृत्त/क्षेत्राधिकार कार्यालयों में किया गया।

4.1.7 लेखापरीक्षा मानदंड

मानदंड, जिसके विरुद्ध लेखापरीक्षा उद्देश्यों और उप–उद्देश्यों को सत्यापित किया जाना है, में सीजीजीएसटी नियम, 2017 के नियम 117 के साथ सहपठित सीजीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 140 के प्रावधान तथा समय–समय पर विभाग और राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना/परिपत्र सम्मिलित हैं।

4.1.8 लेखापरीक्षा नमूना

अनुपालन लेखापरीक्षा के लिए राज्य के 21 वृत्त के 2,826 संक्रमणकालीन प्रकरणों में से कुल 365 संक्रमणकालीन नमूना प्रकरणों का चयन किया गया था। अनुपालन लेखापरीक्षा के लिए चयनित संक्रमणकालीन प्रकरणों का वृत्तवार विवरण **तालिका 4.1.1** में दर्शाया गया है।

तालिका 4.1.1: सत्यापन के लिए चयनित संक्रमणकालीन प्रकरणों की संख्या

स.क्र.	वृत्त का नाम	वृत्त में कुल संक्रमणकालीन प्रकरणों की संख्या	सत्यापन के लिए चयनित संक्रमणकालीन प्रकरणों की संख्या
1	अम्बिकापुर	62	9
2	बिलासपुर–1 से 3	354	45
3	धमतरी	77	9
4	दुर्ग–1 से 4	720	99
5	रायगढ़–1 और 2	213	19
6	रायपुर–1 से 9	1239	167
7	राजनांदगांव	161	17
कुल योग		**2826**	**365**

4.1.9 लेखापरीक्षा निष्कर्ष

लेखापरीक्षा के निष्कर्षों को, लेखापरीक्षा के उद्देश्यों के आधार पर प्रणालीगत और अनुपालन मुद्दों के रूप में दो व्यापक क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है। प्रणालीगत मुद्दे परिकल्पित सत्यापन तंत्र की पर्याप्तता और प्रभावशीलता को इंगित करते हैं जबकि अनुपालन मुद्दे अधिनियम/नियमों के प्रावधानों से विचलन को दर्शाते हैं।

4.1.9.1 प्रणालीगत मुद्दे

प्रणालीगत मुद्दों में दोहरे नियंत्रण के लिए लागू प्रावधानों, विभाग द्वारा परिकल्पित सत्यापन तंत्र के संदर्भ में लक्ष्यों के विरूद्ध कवरेज की व्यापकता, सत्यापन तंत्र में नीति/प्रक्रियागत अंतर और वसूली प्रक्रिया की दक्षता हेतु लागू प्रावधानों की समीक्षा शामिल है।

4.1.9.1 (i) विभाग द्वारा परिकल्पित सत्यापन तंत्र

विरासतीय और जीएसटी दोनों कानूनों के तहत निर्धारित वैधानिक आवश्यकताओं के अलावा, विभाग ने वर्ष 2018–19 के लिए संक्रमणकालीन क्रेडिट सत्यापन को प्रमुख लक्षित क्षेत्र (फोकस एरिया) के रूप में विनिर्दिष्ट किया था। संक्रमणकालीन क्रेडिट डेटा

की जाँच में पाया गया कि 3,335 करदाताओं ने एसजीएसटी के रूप में राशि ₹ 285.13 करोड़ के संक्रमणकालीन क्रेडिट का दावा किया था। विभाग ने 3,335 प्रकरणों में से, सत्यापन हेतु अंतिम विरासतीय विवरणी (2017–18 की पहली तिमाही विवरणी) के साथ आईटीसी के असंगत आंकड़ों के आधार पर सभी वृत्तों में केवल 222 (6.66 प्रतिशत) प्रकरणों की पहचान की थी। विभाग द्वारा सत्यापन हेतु चयनित प्रकरणों का विवरण **तालिका 4.1.2** में दिया गया है।

तालिका 4.1.2 विभाग द्वारा सत्यापन के लिए चयनित किये गये संक्रमणकालीन क्रेडिट प्रकरणों की संख्या

करदाताओं द्वारा संक्रमणकालीन क्रेडिट का दावा	ट्रान–1 प्रकरणों की कुल संख्या	इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में संक्रमणकालीन क्रेडिट (₹ करोड़ में)	विभाग द्वारा सत्यापन के लिए चयनित प्रकरणों की संख्या	विरासती विवरणी के साथ असंगत संक्रमणकालीन क्रेडिट (₹ करोड़ में)
₹ 10 लाख से ऊपर	405	236.11	18	29.91
₹ एक से ₹ 10 लाख के बीच	2,926	49.11	204	2.68
शून्य दावा	3,117	(–) 0.09	0	0
कुल	**6,448**	**285.13**	**222**	**32.59**

(स्त्रोतः वाणिज्यिक कर–जीएसटी विभाग द्वारा दी गई सूचना)

उपायुक्त, राज्य कर (जीएसटीएन), छत्तीसगढ़, रायपुर ने 22 जुलाई 2019 को कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा), छत्तीसगढ़, रायपुर के उप महालेखाकार (आरएस) को सूचित किया कि उन प्रकरणों की जाँच, जहाँ संक्रमणकालीन क्रेडिट का दावा 2017–18 की पहली विवरण में उपलब्ध क्रेडिट से अधिक था और अंतर ₹ 10 लाख से अधिक था, मुख्यालय स्तर पर किया जाना था। इसके अलावा, आयुक्त (राज्य कर) द्वारा जारी निर्देशों (जुलाई 2018) के अनुसार, जहाँ संक्रमणकालीन क्रेडिट का दावा 2017–18 की पहली विवरण में उपलब्ध क्रेडिट से अधिक था और अंतर ₹ 10 लाख से कम था, की जाँच वृत्त स्तर पर की जानी थी। इसके अलावा, आयुक्त (राज्य कर) ने वृत्तों को निर्देशित किया था कि उन संक्रमणकालीन क्रेडिट की वसूली करें जहाँ यह अधिक पाया गया था और इसकी सूचना दें।

लेखापरीक्षा ने पाया कि सहायक आयुक्त (राज्य कर) ने लेखापरीक्षित 21 वृत्तों में पहचाने गए 189 प्रकरणों (₹ 10 लाख से कम अंतर वाले) में से 165 संक्रमणकालीन क्रेडिट प्रकरणों का सत्यापन किया। लेखापरीक्षा को 24 प्रकरणों की जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गयी तथा शेष 165 संक्रमणकालीन क्रेडिट प्रकरणों में से 31 प्रकरणों में कोई अनियमितता नहीं पायी गयी तथा ये प्रकरण विभाग द्वारा नस्तीबद्ध कर दिये गये। 134 प्रकरणों में, ₹ 6.89 करोड़ मूल्य के संक्रमणकालीन क्रेडिट के अधिक दावों का पता लगाया गया था, जिनमें से 62 प्रकरणों से ₹ 1.18 करोड़ (ब्याज और शास्ति सहित) की वसूली की गई थी। शेष 72 प्रकरणों में करदाताओं को मांग पत्र जारी किए गए थे। हालांकि, दो वर्ष से अधिक समय व्यतीत होने के बाद भी, करदाताओं से ₹ 5.71 करोड़ की शेष राशि की वसूली हेतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

इसके अलावा, संक्रमणकालीन क्रेडिट, कर प्रशासन का लक्षित क्षेत्र होने के बावजूद लेखापरीक्षित 21 वृत्तों में 13 प्रतिशत दावों (24 प्रकरणों) का सत्यापन किया जाना शेष है।

लेखापरीक्षा ने विभाग द्वारा नस्तीबद्ध किए गए 31 प्रकरणों की जाँच की और दो प्रकरणों में अनियमितताएं पाई, जिनका विवरण नीचे दिया गया हैः

क) वृत्त–4, रायपुर में लेखापरीक्षा में पाया गया कि एक करदाता मैसर्स शिवम इंडस्ट्रीज (जीएसटीआईएन: 22BBJPJ9167J1ZB) ने ट्रान–1 में ₹ 2.78 लाख आईटीसी के रूप में दावा किया और इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में अग्रेनित किया। आगे, डीलर ने संशोधित ट्रान–1 दाखिल किया और आईटीसी के रूप में ₹ 1.43 लाख का दावा किया लेकिन उसके इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में क्रेडिट किए गए अतिरिक्त आईटीसी को कम/वापस नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 1.35 लाख का अतिरिक्त आईटीसी क्रेडिट हुआ जिसे ब्याज सहित वसूल किया जाना चाहिए।

ख) लेखापरीक्षा ने वृत्त–1, रायगढ़ में पाया कि एक करदाता मैसर्स राजेश सेल्स (जीएसटीआईएनः 22CRKPP4428C1ZZ) ने ट्रान–1 दाखिल करके अपने इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में ₹ 1.99 लाख आईटीसी जमा किया। करदाता ने आगे संशोधित ट्रान–1 दाखिल किया और ₹ 0.44 लाख के लिए आईटीसी का दावा किया और ₹ 1.55 लाख के इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में क्रेडिट की गई अतिरिक्त राशि को वापस (डेबिट) कर दिया। हांलांकि, डीलर ने अपने इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में तीन महीने के लिए बनाए गए अतिरिक्त आईटीसी पर ब्याज का भुगतान नहीं किया, जिसका उपयोग भी उसके द्वारा किया गया था। इसके परिणामस्वरूप ₹ 9,323 के ब्याज का भुगतान नहीं हुआ।

इंगित किये जाने पर विभाग ने उत्तर दिया (जनवरी 2023) कि 5,351 प्रकरणों का सत्यापन प्रारंभ कर दिया गया है। कुल 5,351 प्रकरणों में से, 3,726 प्रकरणों (70 प्रतिशत) का सत्यापन किया जा चुका है और 1,625 प्रकरण जाँच के अधीन हैं।

प्रकरण शासन (दिसम्बर 2021) को प्रतिवेदित किया गया। उत्तर प्रतीक्षित है (दिसम्बर 2022)।

4.1.9.2 अनुपालन मुद्दे

अनुपालन मुद्दे जीएसटी व्यवस्था में करदाताओं द्वारा अग्रेनित किए गए संक्रमणकालीन क्रेडिट की वैधता और स्वीकार्यता से संबंधित हैं। करदाताओं को ट्रान–1 एवं ट्रान–2 की विभिन्न निर्दिष्ट तालिकाओं, जैसा लागू हो, में संक्रमणकालीन क्रेडिट का दावा किया जाना आवश्यक था। व्यापक तौर पर, ये तालिकाएं विरासतीय विवरणी से अग्रेनित वैट क्रेडिट, पूंजीगत वस्तुओं से संबंधित अप्रयुक्त वैट क्रेडिट, स्टाक में रखे इनपुट/अर्ध–तैयार माल/तैयार माल के संबंध में वैट/प्रवेश कर क्रेडिट तथा पारगमन में इनपुट या इनपुट सेवाओं की वैट क्रेडिट के संबंध में क्रेडिट प्रदान करती हैं। लेखापरीक्षा हेतु चयनित नमूनों में इन तालिकाओं में से प्रत्येक के तहत दावे शामिल थे ताकि समग्र अनुपालन आश्वासन के लिए तालिकावार लागू प्रावधानों की पर्याप्तता की जाँच की जा सके।

लेखापरीक्षा ने व्यापक तौर पर सीजीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धाराओं 140(1), 140(3) के साथ–साथ धारा 50(3) के तहत विभिन्न श्रेणियों के करदाताओं के संक्रमणकालीन क्रेडिट दावों में विभिन्न कमियों का खुलासा किया। अनुपालन से विचलन की प्रकृति की ये कमियां विरासतीय विवरणी से क्रेडिट के अंत–शेष के संक्रमण, समर्थन दस्तावेजों के साथ या उसके बिना वैट भुगतान किए गए स्टॉक पर क्रेडिट, अनियमित संक्रमणकालीन क्रेडिट पर ब्याज का भुगतान नहीं किये जाने और बाद में वापस लेने तथा अभिलेखों को प्रस्तुत न करने में देखी गयी।

लेखापरीक्षा ने 21[2] लेखापरीक्षित वृत्तों के 365 प्रकरणों में से 175 प्रकरणों में राशि ₹ 26.33 करोड़ के अनुपालन विचलन देखे, जिसमें त्रुटि दर 48 प्रतिशत थी। ये अनुपालन विचलन आगामी कंडिकाओं में वर्णित हैं।

4.1.9.2 (i) वैट विवरणी दाखिल किए बिना संक्रमणकालीन क्रेडिट का अनियमित लाभ

सीजीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 140 (1) के अनुसार, एक पंजीकृत व्यक्ति को, अधिनियम की धारा 10 के तहत कर का भुगतान करने का विकल्प चुनने वाले व्यक्ति के अलावा, वैट यदि कोई हो, जैसा कि विद्यमान कानून के तहत उसके द्वारा अंतिम विवरणी में दर्शाये क्रेडिट को इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में अग्रेनित किया गया हो, का क्रेडिट लेने की अनुमति है, यदि,

(i) नए कानून के तहत क्रेडिट अन्यथा स्वीकार्य है;

(ii) विद्यमान कानून के तहत पिछले छः माहों की विवरणी दाखिल की गई है;

(iii) क्रेडिट छूट प्राप्त विनिर्मित वस्तुओं के क्रेडिट से संबंधित नहीं है; तथा

(iv) क्रेडिट उस माल से संबंधित नहीं है जिसके संबंध में ऐसे पंजीकृत व्यक्ति को कोई सहायता या प्रोत्साहन देय है। उपरोक्त वैट संक्रमणकालीन क्रेडिट को ट्रान–1 विवरणी दाखिल करके पंजीकृत व्यक्ति के इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में स्थानांतरित किया जाना है।

आगे, धारा 50(3) निर्धारित करती है कि एक कर योग्य व्यक्ति जो धारा 42 की उप–धारा (10) के तहत इनपुट कर क्रेडिट का अनुचित या अधिक दावा करता है या धारा 43 की उप–धारा (10) के तहत आउटपुटकर दायित्व में अनुचित या अधिक कमी करता है, इस तरह के अनुचित या अधिक दावे पर या ऐसे अदेय या अधिक कमी पर, जैसी भी स्थिति हो, ऐसी दर पर ब्याज का भुगतान करना होगा जो 24 प्रतिशत से अधिक न हो।

लेखापरीक्षित 21 वृत्तों के 2,826 संक्रमणकालीन प्रकरणों में से 365 संक्रमणकालीन क्रेडिट प्रकरणों की जाँच के दौरान लेखापरीक्षा ने पाया कि 14 वृत्तों[3] के 36 करदाताओं ने अपने पिछले छः माह के विवरणी जमा नहीं किये या ट्रान–1 दाखिल करने के बाद विवरणी जमा किए परंतु ट्रान–1 दाखिल करके अपने इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में ₹ 7.92 करोड़ का संक्रमणकालीन क्रेडिट (आईटीसी) दावा/प्राप्त किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 7.92 करोड़ के संक्रमणकालीन क्रेडिट का अनियमित लाभ लिया गया, जैसा कि **परिशिष्ट 4.1.1** में वर्णित है, जिसे ब्याज सहित वसूल किया जा सकता है।

इंगित किये जाने पर शासन ने बताया (जून 2022) कि अब तक दो प्रकरणों में ₹ 6.86 लाख की वसूली की जा चुकी है, 20 प्रकरणों में ₹ 10.56 करोड़ की मांग की जा चुकी है तथा शेष 14 प्रकरणों में कार्यवाही की जा रही है।

एक निदर्शी प्रकरण नीचे दिया गया है:

वृत्त–9, रायपुर में संक्रमणकालीन क्रेडिट प्रकरणों की नमूना जाँच के दौरान लेखापरीक्षा ने पाया कि एक डीलर मैसर्स रुक्मणी इलेक्ट्रिकल एंड कॉर्पोरेशन प्रा. लिमिटेड (जीएसटीआईएनः 22AABCR6640R1Z1) ने ₹ 2.62 करोड़ के संक्रमणकालीन क्रेडिट को ट्रान–1 दाखिल करके अपने इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर को अग्रेनित किया। विवरणी की आगे की जाँच में पता चला कि डीलर ने 2017–18 की पहली तिमाही के लिए

---

[2] वृत– अम्बिकापुर, बिलासपुर 1 से 3, धमतरी, दुर्ग 1 से 4, रायगढ़ 1 से 2, रायपुर 1 से 9 और राजनांदगांव

[3] वृत– रायपुर 2 से 5,7,8 एवं 9, वृत्त दुर्ग 2 एवं 3, , वृत्त बिलासपुर 1 से 3, अम्बिकापुर, धमतरी, और राजनांदगांव

तिमाही विवरणी दाखिल नहीं किया था। इसलिए, उपरोक्त प्रावधान के अनुसार करदाता संक्रमणकालीन क्रेडिट प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं है। इसके परिणामस्वरूप ₹ 2.62 करोड़ के संक्रमणकालीन क्रेडिट की अनियमित लाभ लिया जिसे ब्याज सहित वापस/वसूली किया जा सकता है।

4.1.9.2 (ii) वैट संक्रमणकालीन क्रेडिट का अधिक अग्रेनित किया जाना

लेखापरीक्षा ने 21 वृत्तों के 2,826 संक्रमणकालीन प्रकरणों में से 365 संक्रमणकालीन क्रेडिट प्रकरणों की जाँच के दौरान पाया कि 21 वृत्तों[4] में 47 करदाताओं ने ट्रान–1 दाखिल करके अपने इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में ₹ 7.03 करोड़ अधिक संक्रमणकालीन क्रेडिट प्राप्त किया। करदाताओं ने अपने पिछले वैट विवरणी में उपलब्ध क्रेडिट से अधिक संक्रमणकालीन क्रेडिट को अग्रेनित किया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 7.03 करोड़ के संक्रमणकालीन क्रेडिट को अनियमित रूप से अग्रेनित किया गया, जैसा कि **परिशिष्ट 4.1.2** में वर्णित है, जिसे ब्याज सहित वसूल किया जा सकता है।

इसे इंगित किये जाने पर शासन ने बताया (जून 2022) कि अब तक सात प्रकरणों में ₹ 43.43 लाख की वसूली की जा चुकी है, 15 प्रकरणों में ₹ 3.92 करोड़ की माँग की गई है तथा शेष 25 प्रकरणों में कार्यवाही की जा रही है।

एक निदर्शी प्रकरण नीचे दिया गया है:

वृत्त–9, रायपुर में संक्रमणकालीन क्रेडिट प्रकरणों की नमूना जाँच के दौरान लेखापरीक्षा ने देखा कि एक करदाता मेसर्स बीपीएल मेडिकल इक्विपमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (जीएसटीआईएनः 22AAFCB3158EZ5) ने ट्रान–1 दाखिल करके अपने इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में अतिरिक्त राशि को अग्रेनित किया। करदाता के पिछले विवरणी (2017–18 की पहली तिमाही) में अंतिम शेष 'निरंक' था जबकि संक्रमणकालीन क्रेडिट ₹ 0.21 करोड़ अग्रेनित किया गया था। इसके परिणामस्वरूप ₹ 0.21 करोड़ अधिक क्रेडिट अग्रेनित किया गया जिसे ब्याज सहित वापस/वसूली किया जा सकता है।

4.1.9.2 (iii) लंबित फॉर्म–सी पर अंतर कर के भुगतान किये बिना ट्रान–1 की तालिका 5(ग) के तहत संक्रमणकालीन क्रेडिट का अधिक दावा किया जाना

छत्तीसगढ़ जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 140 (1) के अनुसार, एक पंजीकृत व्यक्ति को, उक्त अधिनियम की धारा 10 के तहत कर का भुगतान करने का विकल्प चुनने वाले व्यक्ति के अलावा, वैट का क्रेडिट, यदि कोई हो, जिसे उसके द्वारा विद्यमान कानून के तहत इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में प्रस्तुत उनकी अंतिम विवरणी में अग्रेनित किया गया हो, लेने की अनुमति है। इसके अलावा, यदि किसी राज्य वैट के तहत एक पंजीकृत करदाता का कोई फॉर्म–सी/फॉर्म–एफ/फॉर्म–एच या आई बकाया हो तो उसे अंतर कर का भुगतान करना होगा क्योंकि वह रियायती केन्द्रीय विक्रय कर दर का दावा करने के लिए पात्र नहीं है। इस तरह के देय अंतर कर को उसके द्वारा दाखिल अंतिम विवरणी में उपलब्ध आईटीसी शेष से घटाया जाएगा और शेष क्रेडिट को संक्रमणकालीन क्रेडिट के रूप में जीएसटी व्यवस्था के तहत अग्रेनित किया जाएगा।

इसके अलावा, धारा 50(3) निर्धारित करती है कि एक कर योग्य व्यक्ति जो धारा 42 की उप–धारा (10) के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट का अनुचित या अधिक दावा करता है या धारा 43 की उप–धारा (10) के तहत आउटपुट कर दायित्व में अनुचित या अधिक

[4] वृत– अम्बिकापुर, वृत्त बिलासपुर 1 से 3, वृत्त धमतरी, वृत्त दुर्ग 1 से 4, वृत्त रायगढ़ 1 से 2, वृत्त रायपुर 1 से 9 और वृत्त राजनांदगांव

कमी करता है, इस तरह के अनुचित या अधिक दावे पर या ऐसी अनुचित या अधिक कमी पर, जैसा भी मामला हो, ऐसी दर पर ब्याज का भुगतान करना होगा जो 24 प्रतिशत से अधिक न हो।

आगे, केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 प्रपत्र 'सी' में घोषणा के विरुद्ध की गई वस्तुओं की अंतर्राज्यीय विक्रय पर जून 2008 से दो प्रतिशत की दर से कर लगाने का प्रावधान करता है। फॉर्म–सी के अभाव में, करदाता उस वस्तु के लिए सीजी वैट अधिनियम में निर्धारित दरों पर कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

लेखापरीक्षा ने 21 वृत्तों के 2,826 प्रकरणों में से 365 प्रकरणों के अभिलेखों की नमूना जाँच किया और पाया कि चार वृत्तों[5] में 31 करदाताओं ने 2016–17 (चौथी तिमाही) और 2017–18 (पहली तिमाही) की अवधि के दौरान ₹ 269.05 करोड़ की अंतर्राज्यीय विक्रय के लिए अपेक्षित फॉर्म–सी प्रस्तुत नहीं किया लेकिन दो प्रतिशत की रियायती दर पर कर का भुगतान किया। फॉर्म–सी के अभाव में करदाता ₹ 8.10 करोड़ के अंतर कर का भुगतान करने या अंतिम वैट विवरणी में उपलब्ध आईटीसी से इसे समायोजित करने और शेष आईटीसी को जीएसटी व्यवस्था में आगे ले जाने के लिए उत्तरदायी हैं। तथापि, यह देखा गया कि करदाताओं ने न तो अंतर कर का भुगतान किया और न ही उनके पिछले विवरणी में उपलब्ध आईटीसी से कर को समायोजित किया अपितु ट्रान–1 दाखिल करके आईटीसी को इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में अग्रेनित किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 5.63 करोड़ के अधिक संक्रमणकालीन क्रेडिट का दावा किया गया, जैसा कि **परिशिष्ट 4.1.3** में वर्णित है, जिसे ब्याज सहित वसूल किया जा सकता है।

इसे इंगित किये जाने पर शासन ने बताया (जून 2022) कि एक प्रकरण में अब तक ₹ 0.82 लाख की वसूली की जा चुकी है, 21 प्रकरणों में वर्ष 2016–17 का निर्धारण कर कार्यवाही की जा चुकी है एवं वर्ष 2017–18 के प्रकरणों का सहायक आयुक्त को प्राथमिकता के आधार पर मूल्यांकन करने के लिए आवंटित किया गया और नौ प्रकरणों में करदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं।

एक निदर्शी प्रकरण नीचे दिया गया है:

वृत्त–3, दुर्ग में संक्रमणकालीन क्रेडिट प्रकरणों की नमूना जाँच के दौरान लेखापरीक्षा ने पाया कि एक करदाता मेसर्स शिवम हाई–टेक स्टील्स प्रा. लिमिटेड (जीएसटीआइएनः 22AAJCS7718R1ZN) ने 2016–17 (चौथी तिमाही) और 2017–18 (पहली तिमाही) के दौरान की गई अंतर्राज्यीय विक्रय के लिए ₹ 41.44 करोड़ के फॉर्म–सी जमा नहीं किए थे, हालांकि, दो प्रतिशत की रियायती दर पर कर का भुगतान किया। फॉर्म–सी के अभाव में, करदाता ₹ 1.24 करोड़ के अंतर कर का भुगतान करने अथवा अपने पिछले विवरणी में उपलब्ध आईटीसी से कर को समायोजित करने के लिए उत्तरदायी था। लेकिन, यह देखा गया कि करदाता ने न तो अंतर कर का भुगतान किया और न ही उपलब्ध आईटीसी से कर को समायोजित किया लेकिन ट्रान–1 दाखिल करके अपने इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में आईटीसी को अग्रेनित किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 1.24 करोड़ के संक्रमणकालीन क्रेडिट को अनियमित रूप से प्राप्त किया गया, जिसे ब्याज सहित वसूल किया जा सकता है।

4.1.9.2 (iv) स्टॉक में रखे इनपुट पर संक्रमणकालीन क्रेडिट का अनियमित लाभ

सीजीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 140 (3) के अनुसार, एक पंजीकृत व्यक्ति, जो विद्यमान कानून के तहत पंजीकृत होने के लिए उत्तरदायी नहीं था, अथवा जो छूट

[5] वृत्त रायपुर–8, वृत्त दुर्ग–2, 3 एवं 4

प्राप्त वस्तुओं या कर मुक्त वस्तुओं जो किसी भी नाम से जानी जाती हों, अथवा ऐसी वस्तुओं जिन पर राज्य में उनके विक्रय के प्रथम बिन्दु पर कर लगाया गया है और बाद का विक्रय विद्यमान कानून के तहत राज्य में कर के अधीन नहीं हैं लेकिन जो इस अधिनियम के तहत कर के लिए उत्तरदायी हैं, के विक्रय में संलग्न था अथवा जहाँ व्यक्ति माल के विक्रय के समय इनपुट कर क्रेडिट का हकदार था, यदि कोई हो, अपने इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में, स्टॉक में रखे गए इनपुट और नियत दिन पर स्टॉक में रखे गये अर्ध–तैयार या तैयार माल में सन्निहित इनपुट के संबंध में निम्नलिखित शर्तों के अधीन वैट का क्रेडिट लेने का हकदार होगा यथाः

(i) ऐसे इनपुट या वस्तुएं जो इस अधिनियम के तहत कर योग्य आपूर्ति करने के लिए उपयोग किए जाते हैं अथवा उपयोग किए जाने हेतु उद्दिष्ट हैं;

(ii) इस अधिनियम के तहत उक्त पंजीकृत व्यक्ति ऐसे इनपुट पर इनपुट कर क्रेडिट के लिए पात्र है;

(iii) उक्त पंजीकृत व्यक्ति के पास ऐसे इनपुट के संबंध में विद्यमान कानून के तहत कर के भुगतान के साक्ष्य के रूप में बीजक या अन्य निर्धारित दस्तावेज हैं; तथा

(iv) ऐसे बीजक या अन्य निर्धारित दस्तावेज नियत दिन से ठीक पहले के बारह महीने से पहले जारी नहीं किए गए थे।

लेखापरीक्षा ने संवीक्षा के दौरान 21 वृत्तों के 2,826 प्रकरणों में से 365 प्रकरणों में देखा कि नौ वृत्तों[6] के 16 करदाताओं ने ट्रान–1 विवरणी में तालिका 7(ग) के तहत ₹ 1.59 करोड़ के संक्रमणकालीन क्रेडिट का दावा किया। ट्रान–1 विवरणी की तालिका 7 (ग) के तहत स्टॉक में रखे वैट भुगतान किए गए वस्तुओं के संबंध में संक्रमणकालीन क्रेडिट प्राप्त करने के लिए आवश्यक शर्त यह है कि पंजीकृत व्यक्ति के पास ऐसे इनपुट के संबंध में विद्यमान कानून के तहत वैट के भुगतान के साक्ष्य वाले बीजक या अन्य निर्धारित दस्तावेज थे। हालांकि, संक्रमणकालीन क्रेडिट दावे की जाँच के लिए लेखापरीक्षा को ऐसा कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये गये, जिसके अभाव में ऐसे क्रेडिट की प्रामाणिकता का पता नहीं लगाया जा सका। इसके परिणामस्वरूप ₹ 1.59 करोड़ के संक्रमणकालीन क्रेडिट का संभावित अनियमित लाभ लिया गया, जैसा कि **परिशिष्ट 4.1.4** में वर्णित है।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित (दिसम्बर 2021) किये जाने पर शासन ने उत्तर दिया (जून 2022) कि 12 प्रकरणों में ₹ 2.25 करोड़ की माँग की गयी है तथा शेष चार प्रकरणों में कार्यवाही की जा रही है।

एक निदर्शी प्रकरण नीचे दिया गया हैः

वृत–4, दुर्ग में संक्रमणकालीन क्रेडिट प्रकरणों की नमूना जाँच के दौरान लेखापरीक्षा ने देखा कि एक करदाता मैसर्स सुरजीत एग्रीकल्चर इंडस्ट्रीज (जीएसटीआईएनः 22ABMPH0624A1Z1) ने तालिका 7(ग) के अंतर्गत ₹ 0.23 करोड़ के संक्रमणकालीन क्रेडिट का दावा किया। हांलांकि, संक्रमणकालीन क्रेडिट दावे की जाँच के लिए लेखापरीक्षा को ऐसा कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया, जिसके अभाव में ऐसे क्रेडिट की प्रामाणिकता का पता नहीं लगाया जा सका। इसके परिणामस्वरूप ₹ 0.23 करोड़ के क्रेडिट का संभावित अनियमित लाभ लिया गया।

[6] वृत– बिलासपुर 1 और 3, वृत्त दुर्ग 2 और 4 और वृत्त रायपुर 3, 4 एव 7

4.1.9.2 (v) दावा किए गए अधिक संक्रमणकालीन क्रेडिट को वापस करने पर ब्याज का भुगतान न करना

छत्तीसगढ़ जीएसटी नियम, 2017 के नियम 121 के अनुसार, नियम 117 के उप–नियम (3) के तहत क्रेडिट की गई राशि की वसूली सीजीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 73 या धारा 74, जैसा भी मामला हो, के तहत प्रारंभ की जा सकती है। धारा 73 या 74 के तहत कार्यवाही में करदाता को क्रेडिट के साथ सीजीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 50(3) के तहत राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित दर पर देय ब्याज का भी भुगतान करने की आवश्यकता होगी।

आगे, अधिसूचना क्र. एफ–10/44/2017/सीटी/वी(87) दिनांक 29 जून 2017 के अनुसार धारा 50 की उप–धारा (3) के तहत ब्याज की दर 24 प्रतिशत है।

लेखापरीक्षा ने 21 वृत्तों के 2,826 प्रकरणों में से 365 प्रकरणों के अभिलेखों की नमूना जाँच की और पाया कि तीन वृत्तों[7] में तीन करदाताओं ने अपने इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में संक्रमणकालीन क्रेडिट की अधिक राशि क्रेडिट की और बाद में अधिक क्रेडिट को वापस (डेबिट) कर दिया। हालांकि, करदाताओं ने ₹ 8.52 लाख के अपने इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में क्रेडिट की गई अधिक राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया, जिसके कारण ₹ 67,547 के ब्याज का भुगतान नहीं हुआ, जैसा कि **परिशिष्ट 4.1.5** में वर्णित है।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित (दिसम्बर 2021) किये जाने पर शासन ने उत्तर दिया (जून 2022) कि दो प्रकरणों में ₹ 0.76 लाख की माँग की गयी है तथा एक प्रकरण में करदाता को नोटिस जारी किया गया है।

4.1.9.2 (vi) ट्रान–2 दाखिल करके बिना बीजक के स्टॉक के संक्रमणकालीन क्रेडिट की अनियमित प्राप्ति

सीजीजीएसटी नियम, 2017 के नियम 117(4) (बी) (iii) में निर्दिष्ट है कि जिन पंजीकृत व्यक्तियों के पास बीजक या इनपुट के संबंध में कर के भुगतान का साक्ष्य देने वाला कोई अन्य अभिलेख नहीं है, उन्हें प्रारंभ में प्रपत्र जीएसटी ट्रान–1 के तालिका 7(घ) के तहत ऐसे स्टॉक का विवरण जमा करना होगा तथा उसके बाद नियत तिथि से छः करावधि के भीतर इन वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावी होने पर, प्रत्येक कर अवधि में आपूर्ति की गई वस्तुओं का विवरण दिखाते हुए प्रपत्र जीएसटी ट्रान–2 में विवरणी दाखिल करना होगा।

इक्कीस वृत्तों के 2,826 प्रकरणों में से 365 प्रकरणों की संवीक्षा के दौरान लेखापरीक्षा ने पाया कि तीन वृत्तों[8] के तीन करदाताओं ने ट्रान–2 फाइल करके ₹ 0.16 करोड़ के संक्रमणकालीन क्रेडिट का दावा किया। हालांकि, यह देखा गया कि करदाताओं ने ट्रान–1 की तालिका 7(घ) में स्टॉक में रखे अपने वस्तुएं की घोषणा नहीं की, लेकिन ट्रान–2 के माध्यम से दावा किया और आईटीसी का लाभ उठाया, जो उपरोक्त नियम के प्रावधान के विरुद्ध है। इसके परिणामस्वरूप **परिशिष्ट 4.1.6** में वर्णित ₹ 0.16 करोड़ के संक्रमणकालीन क्रेडिट की अनियमित लाभ लिया गया जिसे ब्याज सहित वसूल किया जाना चाहिए।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित (दिसम्बर 2021) किये जाने पर शासन ने उत्तर दिया (जून 2022) कि एक प्रकरण में ₹ 9.14 लाख की माँग जारी की जा चुकी है तथा शेष दो प्रकरणों में नोटिस जारी कर दिये गये हैं।

---

[7] वृत्त– रायपुर 2 और वृत्त बिलासपुर 2 एव 3

[8] वृत्त– दुर्ग–1, धमतरी, और राजनांदगांव

एक निदर्शी प्रकरण नीचे दिया गया है:

धमतरी वृत्त के अभिलेखों की जाँच के दौरान यह पाया गया कि एक करदाता मैसर्स दिनेश मेडिकल स्टोर्स (जीएसटीआईएन: 22AFPPK7470Q1ZP) ने ट्रान–2 दाखिल करके ₹ 0.08 करोड़ के वैट संक्रमणकालीन क्रेडिट का दावा किया था। हालांकि, यह देखा गया कि करदाता ने ट्रान–1 विवरणी के तालिका 7(घ) में स्टॉक में रखे माल की घोषणा नहीं की लेकिन केवल ट्रान–2 विवरणी के माध्यम से दावा किया और ₹ 0.08 करोड़ आईटीसी का लाभ उठाया, जो नियमों के प्रावधानों के विरुद्ध है और ब्याज सहित वसूल किया जाना चाहिए।

4.1.9.2 (vii) संवीक्षा के लिए लेखापरीक्षा को अभिलेख प्रस्तुत न करना

लेखापरीक्षा ने 21 वृत्तों के 2,826 प्रकरणों में से 365 प्रकरणों के अभिलेखों की नमूना जाँच किया और पाया कि 14 वृत्तों[9] ने 39 करदाताओं द्वारा ट्रान–1 के तालिका संख्या 6(ख), 7(ख), 7(ग), 7(घ), 10(क) और 11(ग) के तहत दावा किये गए ₹ 3.99 करोड़ के संक्रमणकालीन क्रेडिट के अभिलेख जैसे स्टॉक रजिस्टर, बीजक (क्रय/विक्रय), बही–खाते आदि उपलब्ध नहीं कराए। विभाग द्वारा अभिलेखों को प्रस्तुत न करने के कारण, लेखापरीक्षा करदाताओं द्वारा प्राप्त संक्रमणकालीन क्रेडिट की प्रमाणिकता का सत्यापन नहीं कर सका। विवरण **परिशिष्ट 4.1.7** में दिया गया है।

इसे इंगित किये जाने पर शासन ने बताया (जून 2022) कि अब तक दो प्रकरणों में ₹ 14.70 लाख की वसूली की जा चुकी है, 21 प्रकरणों में ₹ 4.62 करोड़ की मांग की जा चुकी है तथा शेष 16 प्रकरणों में कार्यवाही की जा रही है।

4.1.10 निष्कर्ष

लेखापरीक्षा ने देखा कि विभाग ने वैट विवरण के साथ सभी संक्रमणकालीन क्रेडिट प्रकरणों का प्रतिसत्यापन नहीं किया था, जबकि यह अनियमितताओं को सुधारने के लिए एक बार किए जाने वाली महत्वपूर्ण कार्रवाई थी। लेखापरीक्षा ने आगे देखा कि यद्यपि विभाग ने 222 संक्रमणकालीन प्रकरणों का सत्यापन किया था, परंतु जहाँ अनियमितताएं पायी गयी थी वहां राजस्व की वसूली के लिये कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी थी।

4.1.11 अनुशंसाएं

1. *विभाग वास्तविक इनपुट कर क्रेडिट की मात्रा निर्धारित करने के लिए सभी लंबित संक्रमणकालीन क्रेडिट प्रकरणों को सत्यापित कर सकता है।*
2. *विभाग द्वारा जिन प्रकरणों में अनियमितताओं का पता लगाया गया है, उन प्रकरणों में विभाग राजस्व की वसूली के लिए उचित कार्रवाई कर सकता है।*

[9] वृत्त– बिलासपुर 1 एवं 3, दुर्ग 2 ,3 एवं 4 और रायपुर 1 से 9

4.2 वस्तु एवं सेवा कर के प्रतिदाय पर विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा

4.2.1 परिचय

कर प्रशासन में समयोचित कर–वापसी (प्रतिदाय) तंत्र आवश्यक है, क्योंकि यह अवरूद्ध निधियों को कार्यशील पूंजी तथा मौजूदा व्यवसाय के विस्तार और आधुनिकीकरण हेतु जारी कर व्यापार को सुगम करता है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम, 2017 प्रतिदाय प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और मानकीकृत करने के लिये एक तंत्र प्रदान करता है।

प्रत्येक दावे को एक मानकीकृत रूप में ऑनलाइन दाखिल करना होता है। हालांकि, ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक प्रतिदाय प्रणाली की अनुपलब्धता के कारण, आवेदकों को जीएसटी अधिनियम के फार्म जीएसटी–आरएफडी–1ए में प्रतिदाय के लिये आवेदन दाखिल कर इसका प्रिंट आउट लेकर समस्त सहायक दस्तावेजों के साथ अधिकार क्षेत्र के कार्यालय में भौतिक रूप से जमा करने की आवश्यकता थी। उन सभी प्रतिदाय आवेदनों का प्रसंस्करण मैनुअल रूप से किया गया था। समस्त सहायक दस्तावेज के साथ फॉर्म जीएसटी आरएफडी–1ए में प्रतिदाय आवेदन इलेक्ट्रॉनिक[10] रूप से जमा किए जाने थे। हालांकि आवेदनों के प्रस्तुत करने के पश्चात् भी प्रतिदाय आवेदनों के प्रसंस्करण की प्रक्रिया मैनुअल रूप से जारी रहा। प्रतिदाय प्रक्रिया दिनांक 26 सितंबर 2019 से पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक हो गई, जिसमें आवेदन जमा करने से प्रसंस्करण तक सभी कार्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से किये गये।

4.2.2 कर प्रशासन

राज्य कर विभाग के अंतर्गत पाँच संभाग और 30 वृत्त हैं। राज्य कर विभाग को शासन स्तर पर प्रमुख सचिव द्वारा प्रशासित किया जाता है। राज्य कर आयुक्त विभाग का प्रमुख होता है और उनकी सहायता के लिये एक विशेष आयुक्त, तीन अतिरिक्त आयुक्त, 12 संयुक्त आयुक्त, 26 उपायुक्त, 72 सहायक आयुक्त, 121 राज्य कर आधिकारी, 174 राज्य कर निरीक्षक होते हैं जो छत्तीसगढ़ जीएसटी अधिनियम 2017 के अंतर्गत सौंपे गये समस्त कार्यों का निष्पादन करते हैं। उपरोक्त स्वीकृत पदों के विरूद्ध 10 संयुक्त आयुक्त, 20 उपायुक्त, 54 सहायक आयुक्त, 71 राज्य कर आधिकारी एवं 115 राज्य कर निरीक्षक वर्तमान में विभाग में अक्टूबर 2021 तक कार्यरत हैं।

4.2.3 वैधानिक प्रावधान

प्रतिदाय से संबंधित प्रावधान छत्तीसगढ़/केन्द्रीय जीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 54 से 58 और आईजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 15 और 16 में निहित है। प्रतिदाय के लिये दावा निम्न परिस्थितियों में उत्पन्न हो सकता है :

1. वस्तु या सेवाओं का निर्यात;
2. विशेष आर्थिक क्षेत्र ईकाइयों (एसईजेड) और विकासकर्ताओं को आपूर्ति;
3. मानद निर्यात;
4. संयुक्त राष्ट्र या दूतावासों आदि द्वारा किए गए क्रय पर करों का प्रतिदाय
5. अपीलीय प्राधिकरण, अपीलीय न्यायाधिकरण या किसी अदालत के निर्णय, हुक्मनामा, आदेश या निर्देश के कारण उत्पन्न होने वाला प्रतिदाय;

[10] परिपत्र क्र. 79/53/2018– जीएसटी, दिनांक 31 दिसम्बर 2018

6. इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर/रिवर्स चार्जेस मामलों के कारण जीएसटी के संचित इनपुट कर क्रेडिट का प्रतिदाय;
7. अनंतिम आकलन को अंतिम रूप दिये जाने पर;
8. इलेक्ट्रॉनिक कैश लेजर में शेष राशि की वापसी;
9. पूर्व जमा राशि की वापसी;
10. अधिक जीएसटी भुगतान;
11. अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों द्वारा भारत से लौटते समय अपने साथ विदेश ले जायी गई वस्तुओं पर भुगतान किये गये जीएसटी की वापसी;
12. अग्रिम जिनके विरूद्ध वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति नहीं की गई है, पर भुगतान किये गये करों की वापसी के लिये प्रतिदाय व्हाउचर जारी करने के कारण प्रतिदाय;
13. आपूर्ति को अंतर्राज्यीय आपूर्ति के रूप में मानते हुए भुगतान किये गये सीजीएसटी और एसजीएसटी की वापसी जिसे बाद में राज्यान्तरिक आपूर्ति मान लिया गया हो एवं इसके विपरीत।

4.2.4 प्रतिदाय प्रक्रिया

जीएसटी के प्रतिदाय के लिये आवेदन सक्षम अधिकारी को अग्रेषित किया जाएगा, जो उक्त आवेदन के प्रस्तुत होने के 15 दिनों की अवधि के भीतर आवेदन की पूर्णता की जाँच करेगा और यदि आवेदन सभी तरह से पूर्ण पाया जाता है तो इलेक्ट्रॉनिक रूप से सामान्य पोर्टल के माध्यम से आवेदक को पावती उपलब्ध कराया जायेगा। हालांकि, जब तक जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) पोर्टल पर प्रतिदाय प्रणाली प्रारंभ नहीं हो जाती है, प्रतिदाय दावों को मैनुअल पद्धति से दाखिल करने की सुविधा प्रदान की गई है। सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिदाय दावे की जाँच कर दावा की गई राशि का प्रथम दृष्टया सही होना सुनिश्चित होने के पश्चात् आवेदन प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर उचित सत्यापन और दावे की जाँच के पश्चात् अंतिम वापसी को मंजूरी देने का आदेश जारी करना होगा। ऐसा न करने पर प्रतिदाय के भुगतान की 60 दिनों की समाप्ति पर प्रतिदाय के साथ छः प्रतिशत की दर से ब्याज देय होगा।

4.2.5 प्रतिदाय की प्रवृत्तियाँ

दिनांक 31 जुलाई 2020 तक कुल ₹ 678.89 करोड़ के 3,616 प्रतिदाय दावे प्राप्त हुये (₹ 458.91 करोड़ के 2,386 प्री–ऑटोमेशन प्रकरण तथा ₹ 219.98 करोड़ के 1,230 पोस्ट–ऑटोमेशन प्रकरण)। इनमें से ₹ 609.07 करोड़ के 3,102 आवेदनों को दिनांक 31 जुलाई 2020 तक स्वीकृत तथा प्रतिदाय किया गया (₹ 405.50 करोड़ के 2,144 प्री–ऑटोमेशन प्रकरण तथा ₹ 204.02 करोड़ के 958 पोस्ट–ऑटोमेशन प्रकरण)।

माह जुलाई 2017 से माह जुलाई 2020 की अवधि के दौरान प्राप्त प्रतिदाय दावों की संख्या और स्वीकृत प्रतिदाय की राशि का विवरण **तालिका 4.2.1** में दर्शाया गया है।

तालिका 4.2.1: प्रतिदाय की प्रवृत्ति

(₹ करोड़ में)

अवधि	वर्ष	पंजीकृत कर दाताओं की संख्या	प्राप्त प्रतिदाय दावे		स्वीकृत प्रतिदाय	
			प्रकरणों की संख्या	दावों की राशि	प्रकरणों की संख्या	स्वीकृत राशि
प्री–ऑटोमेशन अवधि (दिनांक 1 जुलाई 2017 से 25 सितंबर 2019 तक)	2017–18 (जुलाई 2017 से मार्च 2018 तक)	96,897	602	80.03	567	79.08
	2018–19 (अप्रैल 2018 से मार्च 2019 तक)	1,01327	1,224	155.59	1,096	114.45
	2019–20 (25 सितम्बर 2019 तक)	1,10,197	560	223.29	481	211.52
प्रतिदाय दावों की कुल संख्या (प्री–ऑटोमेशन अवधि)			**2,386**	**458.91**	**2,144**	**405.05**
पोस्ट–ऑटोमेशन अवधि (दिनांक 26 सितंबर 2019 से आगे)	2019–20 (दिनांक 26 सितंबर 2019 से मार्च 2020 तक)	119841	665	77.61	540	73.43
	2020–21 (जुलाई 2020 तक)	124710	565	142.37	418	130.59
प्रतिदाय दावों की कुल संख्या (पोस्ट–ऑटोमेशन अवधि)			**1,230**	**219.98**	**958**	**204.02**
कुल			**3,616**	**678.89**	**3,102**	**609.07**

4.2.6 लेखापरीक्षा के उद्देश्य

जीएसटी व्यवस्था के तहत प्रतिदाय मामलों की लेखापरीक्षा यह आकलन करने के लिये की गई थी कि:

1. प्रतिदाय प्रदान करने के संबंध मे जारी अधिनियमों, नियमों, अधिसूचनाओं, परिपत्रों आदि की पर्याप्तता;
2. कर अधिकारियों द्वारा मौजूदा प्रावधानों का अनुपालन और करदाताओं द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये स्थापित प्रणालियों की प्रभावकारिता; एवं
3. क्या प्रतिदाय आवेदनों के निपटारे में विभागीय अधिकारियों के प्रदर्शन जाँचने के लिये प्रभावी आंतरिक नियंत्रण तंत्र मौजूद है।

4.2.7 मानदंड

निम्नलिखित अधिनियमों, नियमों और राज्य कर विभाग के परिपत्रों के प्रावधानों को लेखापरीक्षा मानदंडों के स्त्रोत के रूप में उपयोग किया गया था:

- छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर (सीजीजीएसटी) अधिनियम, 2017;
- केन्द्रीय जीएसटी अधिनियम, 2017;
- छत्तीसगढ़ जीएसटी नियम, 2017;
- एकीकृत जीएसटी अधिनियम, 2017; और
- केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी अधिसूचनाएं/परिपत्र/आदेश और निर्देश।

4.2.8 लेखापरीक्षा का कार्य क्षेत्र

जीएसटीएन ने माह जुलाई 2017 से माह जुलाई 2020 तक की अवधि के लिये अखिल भारतीय प्रतिदाय डेटा प्रदान किया। दिनांक 26 सितंबर 2019 से पूर्व की अवधि अर्थात प्री–ऑटोमेशन की अवधि के लिये प्रत्येक श्रेणी के तहत प्रतिदाय को करदाताओं द्वारा

दावा की गई प्रतिदाय राशि के घटते क्रम में क्रमबद्ध किया गया था। नमूना लेने के लिये क्रमबद्ध प्रतिदाय आवेदनो को चार चतुर्थकों में विभाजित किया गया था।

दिनांक 26 सितंबर 2019 के पश्चात् दाखिल किये गये प्रतिदाय आवेदनों का चयन करने के लिये प्रतिदाय दावे की राशि (60 प्रतिशत), प्रतिदाय की स्वीकृति में विलंब (15 प्रतिशत), स्वीकृत प्रतिदाय और प्रतिदाय दावे की राशि का अनुपात (10 प्रतिशत) जैसे जोखिम मापदण्डों का उपयोग करके एक समग्र जोखिम अंक तैयार किया गया और कमियों का ज्ञापन जारी किया गया। इस प्रक्रिया के अनुसार प्राप्त जोखिम अंक के आधार पर प्रतिदाय आवेदनों का चयन किया गया।

उपरोक्त प्रक्रिया के आधार पर राज्य के पाँच जीएसटी संभागों के अंतर्गत 30 वृत्तों में माह जुलाई 2020 तक प्रोसेस किये गये 292 प्रतिदाय प्रकरणों में से 153 प्री–ऑटोमेशन प्रतिदाय मामलों (1 जुलाई 2017 से 25 सितंबर 2019 तक प्राप्त) और 139 पोस्ट–ऑटोमेशन प्रतिदाय मामलों (26 सितंबर 2019 से 31 जुलाई 2020 तक प्राप्त) की नमूना जाँच की गई। पोस्ट–ऑटोमेशन प्रतिदाय दावों की लेखापरीक्षा ऑनलाईन की गई। जीएसटी प्रतिदाय पर विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा के लिये चयनित प्रतिदाय प्रकरणों का वृत्तवार विवरण **तालिका 4.2.2** में दर्शाया गया है।

तालिका 4.2.2: प्री–ऑटोमेशन और पोस्ट–ऑटोमेशन मामले

क्र. सं.	संभाग का नाम	वृत्त का नाम	प्री–ऑटोमेशन		पोस्ट ऑटोमेशन	
			चयनित मामलों की संख्या	लेखापरीक्षित मामलों की संख्या	चयनित मामलों की संख्या	लेखापरीक्षित मामलों की संख्या
1	**रायपुर –1**	रायपुर –1	4	4	2	2
2		रायपुर –2	4	4	2	2
3		रायपुर –3	14	14	12	12
4		रायपुर –4	1	1	0	0
5		रायपुर –5	9	9	6	6
6		महासमुंद	1	1	0	0
7	**रायपुर –2**	रायपुर –6	14	14	0	0
8		रायपुर –7	20	20	10	10
9		रायपुर –8	2	2	3	3
10		रायपुर –9	6	6	13	13
11		धमतरी	3	3	5	5
12		जगदलपुर–1	1	1	5	5
13		जगदलपुर–2	2	2	1	1
14		भाटापारा	7	7	0	0
15	**बिलासपुर–1**	बिलासपुर–1	4	4	6	6
16		बिलासपुर–2	10	10	10	10
17		अम्बिकापुर	1	1	6	6
18		मनेन्द्रगढ़	0	0	2	2
19	**बिलासपुर–2**	बिलासपुर–3	8	8	10	10
20		कोरबा–1	1	1	2	2
21		कोरबा–2	2	2	6	6

22		रायगढ़–1	4	4	1	1
23		रायगढ़–2	3	3	5	5
24		जांजगीर	2	2	4	4
25	दुर्ग	दुर्ग–1	5	5	2	2
26		दुर्ग–2	7	7	0	0
27		दुर्ग–3	7	7	6	6
28		दुर्ग–4	6	6	13	13
29		कवर्धा	1	1	0	0
30		राजनांदगांव	4	4	7	7
कुल योग			**153**	**153**	**139**	**139**

4.2.9 लेखापरीक्षा निष्कर्ष

4.2.9.1 प्रतिदाय मामलों के अनुपालन में विलंब

प्रतिदाय एक समयबद्ध प्रक्रिया है जहाँ आवेदन को 15 दिनों के भीतर स्वीकार किया जाना चाहिए और प्रतिदाय को आवेदन की तारीख से 60 दिनों के भीतर स्वीकृत या निरस्त कर दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, स्वीकृत प्रतिदाय को सात दिनों के भीतर समकक्ष कर प्राधिकरण को सूचित किया जाना चाहिए। उपरोक्त वैधानिक प्रावधानों के आधार पर लेखापरीक्षा टिप्पणियों को नीचे दर्शाया गया है।

4.2.9.1 (i) पावती जारी करने में विलंब

छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर (सीजीजीएसटी) नियम, 2017 के नियम 90(1) और (2) में कहा गया है कि यदि आवेदन सभी तरह से पूर्ण पाया जाता है, तो सामान्य पोर्टल के माध्यम से सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिदाय दावा दाखिल करने के 15 दिनों के भीतर पावती जारी की जाएगी। प्री–ऑटोमेशन के मामले में, 15 दिनों की निर्धारित अवधि की गणना सभी सहायक दस्तावेजों के साथ प्रतिदाय आवेदन को मैनुअल रूप से जमा करने की तारीख से की जाएगी।

प्रतिदाय मामलों की जाँच के दौरान लेखापरीक्षा ने देखा कि 19 वृत्तों के 60 प्रतिदाय मामलों में (15 वृत्तों में 50 प्री–ऑटोमेशन के मामले और 07 वृत्तों में 10 पोस्ट–ऑटामेशन के मामले) पावती जारी करने में 4 से लेकर 232 दिन का विलंब किया गया। विवरण **परिशिष्ट 4.2.1ए** और **परिशिष्ट 4.2.1बी** में दिए गए हैं। विलंब से पावती जारी करने से संबंधित प्रेक्षणों का आयुवार विश्लेषण निम्नानुसार है:

तालिका 4.2.3: पावती जारी करने में विलंब का आयुवार विश्लेषण

क्र.सं.	विलंब अवधि	प्रतिदाय मामलों की संख्या		
		प्री–ऑटोमेशन	पोस्ट–ऑटोमेशन	कुल
1.	3 महीनों तक	38	9	47
2.	3–6 महीने	9	1	10
3.	6 महीने से ज्यादा	3	0	03
कुल		**50**	**10**	**60**

इंगित किए जाने पर राज्य कर विभाग के संबंधित सहायक आयुक्तों ने कहा कि विलंब का मुख्य कारण करदाताओं द्वारा बैंक खातों को अद्यतन न करने, चालानों की विस्तृत

जाँच करना, करदाता द्वारा दिए गए गलत/अधूरे बैंक विवरण, सहायक आयुक्तों का अक्सर स्थानांतरण होना और जीएसटीएन माड्यूल का विलंब से आवंटन था।

उत्तर स्वीकार्य नहीं हैं, क्योंकि अधिनियम/नियमों में समय–सीमा निर्दिष्ट की गई है जिसके अनुसार पावती 15 दिनों के भीतर जारी की जानी है। इसके परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर (सीजीजीएसटी) नियम, 2017 के नियम 90 के प्रावधान का पालन नहीं किया गया। इसके अलावा, यह देखा गया है कि प्रतिदाय आवेदनों की पावती जारी करने में विलंब के उपरोक्त 60 मामलों में से 29 प्रतिदाय मामलों में प्रतिदाय स्वीकृति आदेश जारी करने में भी विलंब हुआ है। इसलिए, इस विलंब से छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर (सीजीजीएसटी) अधिनियम, 2017 की धारा 56 के तहत ब्याज देयता के रूप में सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है।

4.2.9.1 (ii) प्रतिदाय आदेश की स्वीकृति में विलंब

छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर नियम 2017 के नियम 92 के साथ पठित छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 54(7) निर्धारित करती है कि प्रतिदाय आवेदन जमा करने पर, अधिकारी जाँच प्रक्रिया को पूरा करेगा और यदि सही/गलत पाया जाता है तो प्रतिदाय स्वीकृत आदेश/अस्वीकृति आदेश तदनुसार, आवेदन प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर जीएसटी के फॉर्म आरएफडी 06 में जारी किया जाएगा। अन्यथा छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 56 के अनुसार, विभाग करदाताओं को छः प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

16 वृत्तों में प्रतिदाय मामलों की जाँच के दौरान, लेखापरीक्षा ने देखा कि 46 प्रतिदाय मामलों में (12 वृत्तों में 33 प्री–ऑटोमेशन के मामले और छः वृत्तों में 13 पोस्ट–ऑटमेशन के मामले) प्रतिदाय की मंजूरी में 4 से 651 दिनों तक का विलंब हुआ, जिनमें से 21 मामलों में तीन माह से अधिक का विलंब था। इसके परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर (सीजीजीएसटी) नियम 2017 के नियम 92 के साथ पठित छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर (सीजीजीएसटी) अधिनियम 2017 की धारा 54(7) के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया। परिणामस्वरूप, विभाग द्वारा दावेदारों को धारा 56 के तहत ब्याज का भुगतान नहीं किया गया था जिससे कि राजकोष पर राशि ₹ 0.35 करोड़ की देनदारी बनती है (जुलाई 2021)। प्री–ऑटोमेशन और पोस्ट–ऑटामेशन के प्रतिदाय मामलों का विवरण क्रमशः **परिशिष्ट 4.2.2ए** और **परिशिष्ट 4.2.2बी** में दिया गया है। विलंब से संबंधित प्रेक्षणों का आयुवार विश्लेषण **तालिका 4.2.4** में उल्लिखित है।

तालिका 4.2.4: प्रतिदाय आदेशों की स्वीकृति में विलंब का आयुवार विश्लेषण

क्र. सं.	विलंब के अवधि	प्रतिदाय के मामलों की संख्या जिनमें विलंब देखा गया		
		प्री–ऑटोमेशन	पोस्ट–ऑटामेशन	कुल
1.	3 महीनों तक	15	10	25
2.	3–6 महीने	5	2	07
3.	6 महीने से ज्यादा	13	1	14
कुल		**33**	**13**	**46**

इंगित किए जाने पर राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्तों ने पावती जारी करने में विलंब के समान कारण बताए **(पैरा 4.2.9.1 (i))**।

सहायक आयुक्तों के उत्तर स्वीकार्य नहीं हैं क्योंकि प्रतिदाय आवेदन का अधिनियम एवं नियमों के अनुसार समय सीमा के भीतर निपटान नहीं किया गया था। प्रतिदाय

मामलों को मंजूर करने में विलंब का स्वरूपवार ब्यौरा **तालिका 4.2.5** में दर्शाया गया है।

तालिका 4.2.5: प्रतिदाय स्वीकृत करने में विलंब का स्वरूपवार ब्यौरा

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	प्रतिदाय का स्वरूप	चयनित मामलों की कुल संख्या	ऐसे मामलों की संख्या जिनमें विलंब देखा गया	विलंब की अवधि	प्रतिदाय की कुल राशि
1.	कर के भुगतान के बिना वस्तु और सेवाओं का निर्यात (EXWOP)	57	27	10 दिन से 1 साल और 286 दिन	30.70
2.	इन्वर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के कारण प्रतिदाय (INVITC)	64	3	5 दिन से 74 दिन	0.02
3.	कैश लेजर में अतिरिक्त बैलेंस के कारण प्रतिदाय (EXBCL)	132	12	4 दिन से 160 दिन	0.35
4.	कर का अधिक भुगतान (XSPAY)	11	2	64 दिन से 94 दिन	0.05
5.	कोई अन्य (ANYOTH) और ASSORD	28	2	29 दिन से 68 दिन	0.12
कुल		**292**	**46**	**4 दिन से 1 साल और 286 दिन**	**31.24**

4.2.9.1 (iii) समकक्ष कर प्राधिकरण को प्रतिदाय आदेश संप्रेषित करने में विलंब

केन्द्रीय उत्पाद और सीमा शुल्क बोर्ड के परिपत्र क्रमांक 24/24/2017 जीएसटी दिनांक 21.12.2017 के अनुसार, केन्द्रीय कर प्राधिकरण या राज्य कर/संघ राज्य क्षेत्र कर प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए प्रतिदाय आदेश को सात कार्य दिवस के भीतर संबंधित समकक्ष कर प्राधिकरण को कर या उपकर जैसा भी मामला हो, की प्रासंगिक स्वीकृत राशि के भुगतान के प्रयोजन के लिए सूचित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर (सीजीजीएसटी) अधिनियम एवं नियम में भी क्रमशः धारा 54(7) और नियम 91(2) के तहत प्रतिदाय आदेशों की स्वीकृति के लिए निर्दिष्ट समय सीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए दोहराया गया था।

सात वृत्तों में प्रतिदाय मामलों की संवीक्षा के दौरान लेखापरीक्षा ने पाया कि 40 प्री–ऑटोमेशन में से ₹ 0.28 करोड़ की राशि के 22 प्री–ऑटोमेशन के प्रतिदाय मामले में राज्य प्राधिकरण ने स्वीकृत प्रतिदाय आदेश केन्द्रीय कर अधिकारियों को 4 से 46 दिनों तक के विलंब से अग्रेषित किया। विवरण **परिशिष्ट 4.2.3** में दिया गया है। विलंब से संबंधित प्रेक्षणों का आयुवार विश्लेषण **तालिका 4.2.6** में उल्लिखित है।

तालिका 4.2.6: समकक्ष कर प्राधिकरण को प्रतिदाय आदेश संप्रेषित करने में विलंब का आयुवार विश्लेषण

क्र. सं.	प्रतिदाय के लिए आवेदन का वर्ष	प्रतिदाय के मामलों की संख्या जिनमें विलंब देखी गई
1.	2017–18	00
2.	2018–19	12
3.	2019–20	10
कुल		**22**

इस प्रकार, जाहिर तौर पर विभाग ने बोर्ड[11] द्वारा निर्धारित समय सीमा का पालन नहीं किया और छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर (सीजीजीएसटी) अधिनियम की धारा 56 के तहत स्वीकार्य ब्याज का भुगतान दावेदारों (जुलाई 2021) को नहीं किया गया।

4.2.9.2 अधिनियम/नियमों का पालन न करने के कारण अतिरिक्त प्रतिदाय

छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर (सीजीजीएसटी) नियमावली 2017 के नियम 89(5) में इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के कारण अप्रयुक्त इनपुट टेक्स क्रेडिट (आईटीसी) की अधिकतम प्रतिदाय के लिए सूत्र निर्धारित किया गया है। नियम के अनुसार, नेट आईटीसी में प्रासंगिक अवधि के दौरान केवल इनपुट पर प्राप्त इनपुट टैक्स क्रेडिट शामिल होता है और इसमें इनपुट सेवाओं पर प्राप्त क्रेडिट शामिल नहीं होता है। इसके अलावा, सीजीजीएसटी नियमावली, 2017 के नियम 89(4) में सूत्र निर्धारित है जिसके अनुसार वस्तुओं या सेवाओं की जीरो रेटेड सप्लाई के मामले में प्रतिदाय दिया जाएगा। सूत्र में, "नेट आईटीसी" का अर्थ प्रासंगिक अवधि के दौरान इनपुट और इनपुट सेवाओं पर प्राप्त इनपुट टैक्स क्रेडिट है। इस प्रकार, पूंजीगत वस्तुओं पर प्राप्त आईटीसी शामिल नहीं किया जाएगा।

सीबीआईसी परिपत्र (मार्च 2018) के अनुसार, जीएसटी बीजक में घोषित वस्तुओं के मूल्य और संबंधित शिपिंग बिल/निर्यात बिल में मूल्य की जाँच की जानी चाहिए और मूल्यों में जो भी कम हो, उसे प्रतिदाय के रूप में स्वीकृत किया जाना चाहिए। अधिसूचना में यह विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि अधिसूचना में दिए गए निर्देश 1 जुलाई 2017 को या उसके बाद किए गए निर्यात पर लागू होते हैं।

उपरोक्त वैधानिक प्रावधानों के आधार पर लेखापरीक्षा टिप्पणियों का विवरण नीचे दिया गया है:

4.2.9.2 (i) नेट इनपुट टैक्स क्रेडिट में सेवाओं पर क्रेडिट को त्रुटिपूर्ण शामिल करने के कारण अधिक प्रतिदाय

छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) अधिनियम 2017 की धारा 54 (3) के अनुसार एक पंजीकृत व्यक्ति किसी भी कर अवधि के अंत में किसी भी अप्रयुक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट[12] (आईटीसी) के प्रतिदाय का दावा कर सकता है, जहाँ इनपुट पर कर की दर आउटपुट आपूर्तियों पर कर की दर की तुलना में (अर्थात इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर) अधिक होने के कारण क्रेडिट संग्रहित हो गया हो। इसके अलावा, सीजीजीएसटी नियम 2017 के नियम 89 (5) में इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के कारण अप्रयुक्त आईटीसी की अधिकतम प्रतिदाय के लिए सूत्र निर्धारित किया गया है। नियम के अनुसार, नेट आईटीसी में प्रासंगिक अवधि के दौरान केवल इनपुट पर प्राप्त इनपुट टैक्स क्रेडिट शामिल है और इसमें इनपुट सेवाओं पर प्राप्त क्रेडिट शामिल नहीं है।

अभिलेखों की नमूना जाँच के दौरान, यह पाया गया कि चार वृत्तों के 57 प्रतिदाय मामलों (27 प्री– ऑटोमेशन और 30 पोस्ट– ऑटोमेशन के प्रतिदाय मामले) में से आठ प्रतिदाय मामलों में, करदाताओं द्वारा दावा की गई राशि में इनपुट सेवाओं पर प्राप्त आईटीसी शामिल है जिसे प्रतिदाय दावे की गणना करते समय पृथक रखा जाना चाहिए। हालांकि, प्रतिदाय दावे की गणना करते समय विभाग ने नेट आईटीसी की

---

[11] केन्द्रीय उत्पाद और परिपत्र 24/24/2017– जीएसटी, दिनांक 21 दिसम्बर 2017

[12] इनपुट टैक्स क्रेडिट वह क्रेडिट है जो आउटपुट टैक्स चुकाने के लिये सेट ऑफ के लिए उपलब्ध होता है। सरल शब्दों में, आईटीसी खरीददारी के समय किसी व्यक्ति द्वारा भुगतान किये गये कर पर प्रतिदाय है।

गणना में इनपुट सेवाओं को शामिल किया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 81.67 लाख के प्रतिदाय का अनियमित भुगतान हुआ। विवरण **तालिका 4.2.7** में दिखाया गया है।

लेखापरीक्षा ने चार वृत्तों में 57 प्रतिदाय मामलों के नमूना जाँच के दौरान देखा कि नेट इनपुट टैक्स क्रेडिट में सेवाओं पर क्रेडिट को गलत तरीके से शामिल करने के कारण आठ प्रतिदाय मामलों में अधिक प्रतिदाय किया गया था, जिनमें से पाँच प्रतिदाय के मामले राशी स्टील एंड पावर लिमिटेड से संबंधित हैं। राशी स्टील एंड पावर लिमिटेड के पाँच मामलों में से एक का उदाहरण नीचे दिया गया है:

फरवरी 2019 के महीने के लिए राशी स्टील एंड पावर लिमिटेड (GSTN-22AAECR6450Q1Z0 और पावती रसीद संख्या (ARN–AA2209190006938) का प्रतिदाय मामला यह है कि नेट आईटीसी में इनपुट सेवाओं की ₹ 0.42 करोड़ की राशि शामिल है। उपर्युक्त नियम के अनुसार, नेट आईटीसी में इनपुट सेवाओं पर प्राप्त क्रेडिट शामिल नहीं होती है। अनुलग्नक–बी और फॉर्म जीएसटीआर–3बी के अनुसार ₹ 1.27 करोड़ के उपलब्ध आईटीसी से ₹ 0.42 करोड़ को अस्वीकार करने के बाद नेट आईटीसी ₹ 0.85 करोड़ होता है, जबकि माल और सेवाओं की ऐसी इनवर्टेड रेटेड आपूर्ति पर देय कर ₹ 0.92 करोड़ है, जो नेट इनपुट टैक्स क्रेडिट से अधिक है। इसलिए ₹ 0.35 करोड़ के प्रतिदाय की पूरी राशि अस्वीकार्य है।

तालिका 4.2.7: इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर प्रतिदाय के मामलों का विवरण जिसमें नेट आईटीसी में इनपुट सेवाएं शामिल हैं

(₹ लाख में)

वृत्त का नाम	करदाताओं के नाम	जीएसटी पंजीकरण क्रमांक	पावती रसीद क्रमांक	राशि
बिलासपुर 3	राशि स्टील एंड पावर लिमिटेड	22AAECR6450Q1Z0	AA221217158220R	3.26
			AA2212182189943	14.30
			AA2207172774307	0.01
			AA2211180915657	13.87
			AA2209190006938	35.27
रायपुर 2	यूनम एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड	22AACCU0922C1Z3	AA220619007235H	0.26
रायपुर 3	मेसर्स महेष नेभानी	22ABHPN7881L1Z5	AA220518006456E	0.03
अम्बिकापुर	मैसर्स दुर्गेश सोलर एजेंसियां	22AJAPG7746A1ZT	AA221219003483N	14.67
कुल				**81.67**

इंगित किए जाने पर सहायक आयुक्तों ने आश्वस्त किया कि वे तथ्यों और आंकड़ों की जाँच के उपरांत आवश्यक कदम उठाएंगे, जबकि रायपुर वृत्त–3 के सहायक आयुक्त ने ब्याज सहित पूरी राशि वसूल कर ली थी।

4.2.9.2 (ii) नेट इनपुट टैक्स क्रेडिट में पूंजीगत वस्तुओं पर क्रेडिट को गलत तरीके से शामिल करने के कारण अधिक प्रतिदाय

सीजीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 54 (3) के अनुसार किसी भी कर अवधि के अंत में एक पंजीकृत व्यक्ति द्वारा अप्रयुक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के प्रतिदाय का दावा किया जा सकता है।

सीजीजीएसटी नियमावली, 2017 का नियम 89(4) सूत्र निर्धारित करता है जिसके अनुसार वस्तुओं या सेवाओं की जीरो–रेटेड आपूर्ति के मामले में प्रतिदाय दिया जाएगा। सूत्र में, "नेट आईटीसी" का अर्थ प्रासंगिक अवधि के दौरान इनपुट और इनपुट सेवाओं

पर प्राप्त इनपुट टैक्स क्रेडिट है। इस प्रकार, पूंजीगत वस्तुओं पर प्राप्त आईटीसी पर विचार नहीं किया जाएगा।

सीजीजीएसटी नियमावली 2017 के नियम 89(5) में इनवर्टेड डयूटी स्ट्रक्चर के कारण अप्रयुक्त आईटीसी की अधिकतम वापसी के लिए सूत्र निर्धारित किया गया है। नियम के अनुसार, नेट आईटीसी में प्रासंगिक अवधि के दौरान केवल इनपुट पर प्राप्त इनपुट टैक्स क्रेडिट शामिल है और इसमें इनपुट सेवाओं और पूंजीगत वस्तुओं पर प्राप्त क्रेडिट शामिल नहीं है। इस प्रकार, पूंजीगत वस्तुओं पर प्राप्त आईटीसी पर विचार नहीं किया जाएगा।

लेखापरीक्षा ने पाया कि तीन वृत्तों में चार प्रतिदाय के दावों में पूंजीगत माल पर प्राप्त आईटीसी की राशि को प्रतिदाय राशि ज्ञात करने के लिए 'नेट आईटीसी' की गणना में शामिल किया गया था। इसके परिणामस्वरूप प्रतिदाय की गणना के दौरान पूंजीगत वस्तुओं को शामिल करने के कारण ₹ 47,006 के प्रतिदाय की अधिक स्वीकृति हुई, जो सीजीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 73 के अनुसार ब्याज सहित वसूली योग्य है। विवरण **तालिका 4.2.8** में दिखाया गया है।

तालिका 4.2.8: प्रतिदाय मामलों का विवरण जिसमें नेट आईटीसी में पूंजीगत माल शामिल है

(₹ में)

वृत्त का नाम	करदाताओं के नाम और जीएसटी क्रमांक	पावती रसीद क्रमांक	राशि
बिलासपुर 2	आनंद प्लास्टिक इंडिया जीएसटी क्रमांक– 22AAZPG3018K1ZL	AA2208171512691	8640
रायपुर 6	श्री साईनाथ उद्योग प्रा. लिमिटेड जीएसटी क्रमांक– 22AALCS6148P1ZR	AA2209190052890	3661
राजनांदगांव	खेतानी बोर्ड	AA220719002771E	24320
	सनटेक जियोटेक्सटाइल प्रा. लिमिटेड जीएसटी क्रमांक– 22AATCS5208C1ZJ	AA220319193179Y	10385
कुल			**47006**

इंगित किये जाने पर सहायक आयुक्त, राज्य कर विभाग, राजनांदगांव वृत्त ने ₹ 9,880 के ब्याज के साथ ₹ 34,705 वसूल किया तथा शेष दो वृत्तों के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि राशि ब्याज सहित वसूल की जाएगी।

4.2.9.2 (iii) प्रासंगिक अवधि अनुच्छेद का पालन न करने के कारण अधिक प्रतिदाय

सीजीजीएसटी नियम 89(4) और (5) सूत्र निर्धारित करते हैं जिसके अनुसार वस्तुओं या सेवाओं की जीरो–रेटेड सप्लाई और इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के मामले में प्रतिदाय दिया जाएगा। सूत्र के अनुसार प्रासंगिक अवधि का मतलब वह अवधि है जिसके लिए प्रतिदाय का दावा दाखिल किया गया है।

आगे, केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड और सीमा शुल्क परिपत्र क्रमांक 59/33/2018–जीएसटी दिनांक 4 सितंबर 2018 के क्रम सं. 2.3 में कहा गया है कि प्रतिदाय के दावेदारों को हो रही कठिनाइयों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि दावेदार को प्रासंगिक अवधि जिसके लिए प्रतिदाय का दावा किया गया है, के लिए

फॉर्म जीएसटीआर–2ए के प्रिंट–आउट के साथ प्रतिदाय दावा संलग्न करना होगा। सक्षम अधिकारी, फॉर्म जीएसटीआर–2ए को उस आपूर्ति, जिसके संबंध में दावेदार द्वारा इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त किया गया है, के आपूर्तिकर्ता द्वारा लेखांकन के साक्ष्य के रूप में स्वीकार करेगा। कुछ मामलों में इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित सभी बीजकों का विवरण प्राप्त नहीं किया जा सकता है, संभवतः क्योंकि आपूर्तिकर्ता का फॉर्म जीएसटीआर–1 देरी से दाखिल किया गया था या दाखिल नहीं किया गया था। ऐसे मामले में, सक्षम अधिकारी ऐसे चालानों की हार्ड कॉपी की मांग कर सकता है यदि वह प्रतिदाय के दावे की जाँच के लिए इसे आवश्यक समझता है।

दो वृत्तों[13] में 50 प्रतिदाय मामलों की नमूना जाँच के दौरान यह पाया गया कि छः प्रतिदाय मामलों में प्रतिदाय की राशि स्वीकृत करते समय प्रासंगिक अवधि अनुच्छेद पर विचार नहीं किया गया था। इसका विवरण **तालिका 4.2.9** में दिखाया गया है

तालिका 4.2.9: प्रतिदाय के मामलों का विवरण जिसमें प्रासंगिक अवधि अनुच्छेद का पालन नहीं किया गया था

(₹ लाख में)

वृत्त का नाम	करदाताओं के नाम और जीएसटी क्रमांक	पावती रसीद क्रमांक	अधिक प्रतिदाय की राशि	कारण
रायपुर– वृत्त –7	मैसर्स ठाकुर पेट्रोकेमिकल्स जीएसटी क्रमांक– 22ADLPT9120C1ZQ	AA2206190062320	6.11	जून 2018 से अगस्त 2018 के लिए प्रतिदाय लागू किया गया था लेकिन समायोजित कुल टर्नओवर और नेट इनपुट टैक्स क्रेडिट की गणना जुलाई 2017 से अगस्त 2018 तक की गई थी
बिलासपुर –वृत्त –2	आनंद प्लास्टिक इंडिया जीएसटी क्रमांक– 22AAZPG3018K1ZL	AA2208171512691	0.48	प्रासंगिक अवधि अगस्त 2017 के विरुद्ध जुलाई, 2017 के चालानों पर आईटीसी का लाभ उठाया गया
	उजाला रबर उद्योग जीएसटी क्रमांक– 22ABLPK7698A1ZK	AA220917175588L	0.78	प्रासंगिक अवधि सितंबर, 2017 के विरुद्ध अगस्त, 2017 के चालानों पर आईटीसी का लाभ उठाया गया।
		AA221218231333Q	0.98	प्रासंगिक अवधि अक्टूबर 2018 से दिसंबर 2018 के विरुद्ध सितंबर, 2018 के चालानों पर प्राप्त आईटीसी
		AA2203181757047 (प्रासंगिक अवधि जनवरी 2019से मार्च 2019)	1.79	जनवरी 2019 से मार्च 2019 की प्रासंगिक अवधि के विरुद्ध नवंबर–दिसंबर, 2018 के चालानों पर आईटीसी का लाभ उठाया गया।
	एक्मे प्लास्टिक उद्योग जीएसटी क्रमांक– 22AIYPD9181F1ZZ	AA2203180198l4D	0.32	जनवरी 2018 से मार्च 2018 की प्रासंगिक अवधि के विरुद्ध अक्टूबर–दिसंबर, 2017 के चालानों पर प्राप्त आईटीसी
कुल			**10.46**	

यह इंगित किये जाने पर सहायक आयुक्तों ने आश्वस्त किया कि तथ्यों और आंकड़ों के सत्यापन के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

4.2.9.3 अनियमित प्रतिदाय

छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर (सीजीजीएसटी) अधिनियम, 2017 की धारा 54(6) निर्धारित करती है कि 90 प्रतिशत की राशि का अनंतिम (प्रोविजनल) प्रतिदाय केवल उन करदाताओं को दिया जाएगा जो वस्तुओं और सेवाओं की जीरो–रेटेड आपूर्ति करते

[13] रायपुर, वृत्त– 7 एवं बिलासपुर, वृत्त– 2

हैं। परिपत्र संख्या 45/19/2018–जीएसटी दिनांक 30.05.2018 के अनुसार यह स्पष्ट किया गया था कि बॉन्ड/लेटर ऑफ अंडरटेकिंग के तहत की गई जीरो–रेटेड आपूर्ति के कारण क्षतिपूर्ति उपकर की संचित आईटीसी का प्रतिदाय उपलब्ध है और पंजीकृत व्यक्ति क्षतिपूर्ति उपकर के प्रतिदाय का दावा कर सकता है।

इसके अलावा, सीजीजीएसटी नियम, 2017 के नियम 86 (4ए) के अनुसार, जहाँ एक पंजीकृत व्यक्ति ने कर के रूप में भुगतान की गई किसी भी राशि की प्रतिदाय का दावा किया है, लेकिन उसे गलत तरीके से भुगतान किया गया था या अधिक भुगतान किया गया था, जिसके लिए इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर से डेबिट किया गया है, उक्त राशि, यदि स्वीकार्य पाई जाती है, तो फॉर्म जीएसटी पीएमटी–03 में किए गए आदेश द्वारा सक्षम अधिकारी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट बहीखाता में फिर से जमा की जाएगी।

उपरोक्त वैधानिक प्रावधानों के आधार पर लेखापरीक्षा टिप्पणियों को नीचे दर्शाया गया है:

4.2.9.3 (i) अनंतिम (प्रोविजनल) प्रतिदाय का अनियमित भुगतान

सीजीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 54(6) के अनुसार, पंजीकृत व्यक्तियों द्वारा वस्तुओं या सेवाओं या दोनों की जीरो–रेटेड आपूर्ति के कारण प्रतिदाय के किसी भी दावे के मामले में, दावा किए गए प्रतिदाय का 90 प्रतिशत अनंतिम आधार पर स्वीकृत किया जा सकता है। उसके बाद आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के उचित सत्यापन के बाद प्रतिदाय दावे के अंतिम निपटान के लिए उप धारा (5) के तहत एक आदेश जारी किया जायेगा। इस प्रकार, वस्तुओं और/या सेवाओं की जीरो–रेटेड आपूर्ति पर ही अनंतिम प्रतिदाय की अनुमति दी जाती है तथा अन्य वर्गों में नहीं।

अभिलेखों की नमूना जाँच के दौरान, तीन वृत्तों (27 प्री–ऑटोमेशन मामले और 25 पोस्ट–ऑटोमेशन मामले) में 52 प्रतिदाय मामलों में से सात प्रतिदाय मामलों में विभाग ने उन मामलों में अनंतिम प्रतिदाय जारी किया था जो वस्तु या सेवाओं की जीरो–रेटेड सप्लाई की श्रेणी में नहीं आते हैं। इस प्रकार, इन मामलों में अनंतिम प्रतिदाय के भुगतान के परिणामस्वरूप ₹ 26.17 लाख के अनंतिम प्रतिदाय का अनियमित भुगतान हुआ। विवरण **तालिका 4.2.10** में दिखाया गया है।

तालिका 4.2.10: वस्तुओं और सेवाओं की जीरो–रेटेड आपूर्ति के अलावा प्रतिदाय मामलों का विवरण जिसमें अनंतिम प्रतिदाय स्वीकृत किया गया था

(₹ लाख में)

वृत्त का नाम	करदाताओं के नाम और जीएसटी क्रमांक	पावती रसीद क्रमांक	राशि	अनंतिम प्रतिदाय आदेश की स्वीकृति की तिथि
रायपुर 03	एम/एस महेश नेभानी एंड कंपनी जीएसटी क्रमांक –22BHPN7881L1Z5	AA220318007923G	0.12	25/05/2019
		AA221118088909S	0.10	25/05/2019
		AA220518006456E	0.08	25/05/2019
	रिच फाइटो केयर प्रा. लिमिटेड जीएसटी क्रमांक –22AACCR8543G1ZH	AA220219126530P	0.90	22/07/2019
रायपुर 09	एस्क्योर फुड एण्ड वेपरेजेस जीएसटी क्रमांक –22ANCA8045R1Z3	AA220119103527L	8.85	01/04/2019
		AA221118087175A	10.05	01/04/2019
भाटापारा	क्वालिटि बैग मेकर्स जीएसटी क्रमांक –22AAAFQ5093M1Z2	AA2211180878034	06.07	04/05/2018
कुल			**26.17**	

इंगित किए जाने पर सहायक आयुक्तों ने उत्तर दिया कि संबंधित मामले जीएसटी दौर के प्रारंभिक काल के हैं और जीएसटी के प्रारंभिक चरण में सहायक आयुक्तों को उचित प्रशिक्षण नहीं दिया गया था।

4.2.9.3 (ii) क्षतिपूर्ति उपकर के मामले में अनियमित प्रतिदाय

परिपत्र सं. 45/19/2018–जीएसटी दिनांक 30.05.2018 द्वारा यह स्पष्ट किया गया था कि बॉन्ड/लेटर ऑफ अंडरटेकिंग के तहत की गई जीरो–रेटेड आपूर्ति के कारण क्षतिपूर्ति उपकर के संचित आईटीसी की वापसी उपलब्ध है, भले ही निर्यातित उत्पाद उपकर के आरोपण के अधीन न हो। इस परिपत्र के जारी होने के बाद पंजीकृत व्यक्ति जुलाई 2017 से मई 2018 के महीनों में उपयोग किए गए इनपुट पर भुगतान किए गए क्षतिपूर्ति उपकर के प्रतिदाय का दावा अगले महीनों में कर सकता है। ऐसे मामले में, क्षतिपूर्ति उपकर के प्रतिदाय को अधिकतम प्रतिदाय के सूत्र के अनुसार वस्तु की जीरो–रेटेड सप्लाई के मामले में पुनर्गणना की जानी है और यदि क्षतिपूर्ति उपकर के प्रतिदाय की पुनर्गणना की राशियों का योग उस महीने जिसमें वास्तव में दावा किया गया है, के संबंध में गणना की गई क्षतिपूर्ति उपकर के पात्र प्रतिदाय से कम या बराबर है तो संबंधित महीनों के क्षतिपूर्ति उपकर की पुनर्गणना की कुल राशि स्वीकार्य होगी।

अभिलेखों की नमूना जाँच के दौरान दो वृत्तों में 21 प्रतिदाय मामलों में से (10 प्री–ऑटोमेशन और 11 पोस्ट–ऑटोमेशन मामले), दो मामले क्षतिपूर्ति उपकर की वापसी से संबंधित थे। लेखापरीक्षा ने पाया कि क्षतिपूर्ति उपकर के प्रतिदाय की पुनर्गणना की गई कुल राशि उस महीने जिसमें वास्तव में इसका दावा किया गया था, के संबंध में गणना की गई क्षतिपूर्ति उपकर के पात्र प्रतिदाय से अधिक थी। इसलिए ₹ 1.25 करोड़ की क्षतिपूर्ति उपकर की वापस की गई राशि अस्वीकार्य थी। प्रतिदाय के मामलों का विवरण **तालिका 4.2.11** में दिखाया गया है।

तालिका 4.2.11: प्रतिदाय मामलों का विवरण जिसमें क्षतिपूर्ति उपकर की अनियमित अनुमति देखी गई थी

(₹ करोड़ में)

वृत्त का नाम	करदाताओं के नाम और जीएसटी क्रमांक	एआरएन	राशि
रायगढ़ 2	मोनेट इस्पात एंड एनर्जी लिमिटेड जीएसटी क्रमांक– 22AAACM0501D1ZK	AA220719008102P	1.20
दुर्ग 3	जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड जीएसटी क्रमांक– 22AAACJ6715G2ZW	AA220719001037L	0.05
कुल			**1.25**

इस ओर इंगित किये जाने पर सहायक आयुक्त, रायगढ़ वृत्त–2 ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय दिनांक 27 अप्रैल, 1993 के अनुसार क्षतिपूर्ति उपकर का प्रतिदाय स्वीकार्य है। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि निर्णय पूर्व–जीएसटी अवधि से संबंधित है।

4.2.9.3 (iii) इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर के स्थान पर बैंक खाते में अनियमित प्रतिदाय

सीजीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 54 (3) में कहा गया है कि एक पंजीकृत व्यक्ति किसी भी कर अवधि के अंत में किसी भी अप्रयुक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट के प्रतिदाय का दावा कर सकता है बशर्ते अप्रयुक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट का कोई प्रतिदाय इन मामलों के अलावा किसी अन्य मामलों में नहीं किया जाएगा– (i) जीरो–रेटेड सप्लाई और (ii) जहाँ इनपुट पर कर की दर आउटपुट आपूर्ति पर कर की दर से

अधिक होने के कारण क्रेडिट जमा हो गया है (शून्य–रेटेड या पूरी तरह से छूट वाली आपूर्ति के अलावा)।

इसके अलावा, नियम 86 (4ए), सीजीजीएसटी नियम, 2017 के अनुसार जहाँ एक पंजीकृत व्यक्ति ने गलत तरीके से भुगतान किए गए या अधिक भुगतान किए गए कर के रूप में भुगतान की गई किसी भी राशि की वापसी का दावा किया है, जिसके लिए इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर से डेबिट किया गया है, उक्त राशि, यदि स्वीकार्य पाया गया, तो सक्षम अधिकारी द्वारा फॉर्म जीएसटी पीएमटी–03 में किए गए आदेश द्वारा इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में फिर से जमा किया जाएगा।

अभिलेखों की जाँच के दौरान लेखापरीक्षा ने पाँच प्रतिदाय मामलों में पाया कि विभाग ने करदाताओं के बैंक खाते में प्रतिदाय की अनुमति दी थी, जिसे करदाता के इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में जमा किया जाना था। उपर्युक्त नियम का पालन नहीं किये जाने से प्रक्रियात्मक चूक के कारण ₹ 49.05 लाख की अनियमित प्रतिदाय हुआ। इसके अलावा, अनियमित प्रतिदाय के परिणामस्वरूप करदाताओं को अनुचित लाभ हुआ जिससे करदाता की कार्यशील/परिचालन पूंजी का प्रवाह बढ़ गया। इसका विवरण नीचे **तालिका 4.2.12** में दिया गया है।

तालिका 4.2.12: प्रतिदाय मामलों का विवरण जहाँ आईटीसी को बैंक खाते में वापस किया गया था

(₹ लाख में)

वृत्त का नाम	करदाताओं के नाम	जीएसटीआईएन	पावती रसीद क्रमांक	राशि
जगदलपुर 1	मे. ऊर्जा प्रापर्टीज प्रा. लि.	22AABCU6244N1Z6	AA220319203621Q AA220219126461M	38.20
जगदलपुर 1	मे. भवर लाल जैन	22ACKPJ2062P1ZH	AA220420002181C	0.06
जगदलपुर 2	अरिहंत एजेंसी	22BVBPS7954N1ZY	AA220720003638M	6.98
जगदलपुर 1	में. बाबा जनरल स्टोर	22AVXPS7197Q1Z4	AA2207190028267	3.81
कुल				**49.05**

इसे इंगित किए जाने पर सहायक आयुक्त ने आश्वस्त किया कि इसे लागू ब्याज सहित वसूल किया जाएगा।

4.2.9.4 गणना में त्रुटि के कारण प्रतिदाय का अधिक/कम भुगतान

सीजीजीएसटी नियमावली, 2017 का नियम 89(5) इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के मामले में अधिकतम प्रतिदाय का सूत्र निर्धारित करता है। सूत्र के अनुसार, नेट आईटीसी में पूंजीगत वस्तुओं और इनपुट सेवाओं पर प्राप्त आईटीसी शामिल नहीं है।

सीजीजीएसटी नियमावली, 2017 का नियम 89(4) उस सूत्र को निर्धारित करता है जिसके अनुसार वस्तुओं या सेवाओं की जीरो–रेटेड आपूर्ति के मामले में प्रतिदाय की जाती है। सूत्र के अनुसार, नेट आईटीसी में पूंजीगत वस्तुओं पर प्राप्त आईटीसी शामिल नहीं है।

इसके अलावा, एडजस्टेड टोटल टर्नओवर का अर्थ है किसी राज्य या केन्द्र शासित प्रदेश में टर्नओवर, जैसा कि धारा 2 के खंड (112) के तहत परिभाषित किया गया है, प्रासंगिक अवधि के दौरान शून्य–रेटेड आपूर्ति के अलावा अन्य छूट वाली आपूर्ति के मूल्य को छोड़कर।

उपरोक्त वैधानिक प्रावधानों के आधार पर लेखापरीक्षा टिप्पणियों को नीचे दर्शाया गया है।

4.2.9.4 (i) इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के मामले में गणना में त्रुटि के कारण अधिक/कम प्रतिदाय

सीजीजीएसटी नियमावली, 2017 के नियम 89(5) के अनुसार इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के कारण प्रतिदाय के मामले में, इनपुट टैक्स क्रेडिट का प्रतिदाय निर्धारित सूत्र[14] के अनुसार दिया जाएगा।

चार वृत्तों में 55 प्रतिदाय मामलों (27 प्री–ऑटोमेशन और 30 पोस्ट–ऑटोमेशन के मामले) की नमूना जाँच के दौरान यह पाया गया कि दो प्रतिदाय मामलों में प्रासंगिक अवधि के दौरान वस्तु और सेवाओं की इनवर्टेड रेटेड आपूर्ति पर देय कर नेट इनपुट टैक्स क्रेडिट की तुलना में अधिक था।

इसके अतिरिक्त, छः प्रतिदाय मामलों में प्रतिदाय की गणना में त्रुटि थी। इस प्रकार, इनपुट टैक्स क्रेडिट के प्रतिदाय के सूत्र का पालन नहीं करने के परिणामस्वरूप ₹ 121.43 लाख का अधिक भुगतान हुआ।

हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड से संबंधित पाँच मामलों में से एक जिसमें गणना में त्रुटि के कारण अतिरिक्त प्रतिदाय स्वीकृत किया गया था (देय कर नेट आईटीसी से अधिक था) नीचे दर्शाया गया है:

जुलाई से मार्च (2017–18) की कर अवधि के लिए हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड (GSTN-22AAACH1201R1ZX और ARN-AA220318001451X) के प्रतिदाय मामले में करदाता ने ₹ 62.89 करोड़ की नेट आईटीसी जिसमें इनपुट सेवाएं शामिल हैं, पर ₹ 24.61 करोड़ के प्रतिदाय का आवेदन किया था। इनपुट सेवाओं को अस्वीकार करने के बाद नेट आईटीसी की राशि ₹ 1.81 करोड़ होती है जो कि इनवर्टेड रेटेड के देय कर (₹ 38.22 करोड़) से कम है। अतः ₹ 0.90 करोड़ का संपूर्ण प्रतिदाय अस्वीकार्य है।

इसके अलावा, दो वृत्तों के 12 प्रतिदाय मामलों (11 प्री–ऑटोमेशन और एक पोस्ट–ऑटोमेशन) में से 02 प्रतिदाय मामलों में गणना में त्रुटि के कारण ₹ 5.89 लाख कम भुगतान किया गया था। प्रतिदाय के अधिक तथा कम भुगतान का विवरण **तालिका 4.2.13** में दर्शाया गया है।

तालिका 4.2.13: इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर प्रतिदाय मामलों का विवरण जिसमें गणना में त्रुटि के कारण अधिक/कम प्रतिदाय स्वीकृत किया गया था

(₹ लाख में)

वृत्त का नाम	करदाताओं के नाम और जीएसटी क्रमांक	पावती रसीद क्रमांक	राशि	कारण
अधिक भुगतान				
रायपुर वृत्त–5	लेवेन्ट सोलर प्राइवेट लिमिटेड जीएसटी क्रमांक–22AADCL2329R1ZB	AA220719005563C	0.14	देय कर नेट आईटीसी से अधिक है।
रायगढ़–वृत्त –2	मैसर्स हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड जीएसटी क्रमांक–2AAACH1201R1ZX	AA220318001451X	90.36	देय कर नेट आईटीसी से अधिक है।
दुर्ग वृत्त –4	कोठारी इंजिनियरिंग वर्क्स जीएसटी क्रमांक–22AETPK2294K1Z3	AA220919006402H	0.23	स्टेटमेंट 1 के अनुसार नेट आईटीसी और जीएसटी आरएफडी 01 बनाम खरीद रजिस्टर में बेमेल होने के कारण।
		AA220819004652C	0.52	

[14] (अधिकतम प्रतिदाय राशि = {(प्रासंगिक अवधि के दौरान माल और सेवाओं की इनवर्टेड रेटेड आपूर्ति का टर्नओवर) x प्रासंगिक अवधि का नेट आईटीसी ÷ प्रासंगिक अवधि का समायोजित कुल टर्नओवर} – प्रासंगिक अवधि के दौरान माल और सेवाओं की इनवर्टेड रेटेड आपूर्ति पर देय कर। नोट– नेट आईटीसी में इनपुट सेवाएं शामिल नहीं हैं।)

दुर्ग वृत्त –3 (पोस्ट–ऑटोमेशन के बाद के)	मेसर्स कोठारी केमिकल्स लिमिटेड जीएसटी क्रमांक – 22AETPK2241N1ZA	AA221219002744K	11.52	बुक के अनुसार नेट आईटीसी 0.398 करोड़ था लेकिन जीएसटी आरएफडी 01 में 1.32 करोड़ के रूप में लिया गया
दुर्ग वृत्त –4 (पोस्ट–ऑटोमेशन के बाद के)	कोठारी इंजिनियरिंग वर्क्स जीएसटी क्रमांक – 22AETPK2294K1Z3	AA220420001789L	5.19	स्टेटमेंट 1 के अनुसार नेट आईटीसी और (खरीद रजिस्टर) बनाम जीएसटी आरएफडी 01 में मेल नहीं होने के कारण।
		AA221119012426O	4.57	
		AA221019000917J	8.90	
कुल			**121.43**	
कम भुगतान				
रायगढ़ वृत्त–1	मेसर्स अग्रवाल ब्रिक्स उद्योग जीएसटी क्रमांक – 22ADZPA6983C1ZE	AA2209170057547	2.41	प्रतिदाय को बिना किसी वैध कारण के अस्वीकार कर दिया गया था।
भाटापारा वृत्त	क्वालिटी बैग मेकर्स जीएसटी क्रमांक – 22AAAFQ5093M1Z2	AA2203180878034	3.48	नियमों की गलत व्याख्या और गणना में गलती के कारण।
कुल			**5.89**	

इंगित किए जाने पर सहायक आयुक्तों ने आश्वस्त किया कि सत्यापन के पश्चात् आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा, सहायक आयुक्त, रायगढ़ वृत्त ने DRC–03 (8 नवंबर 2021) के माध्यम से ₹ 90.36 लाख की वसूली की और भाटापारा वृत्त ने करदाता को ₹ 0.03 करोड़ का प्रतिदाय दिया था।

4.2.9.4 (ii) बिना कर भुगतान के निर्यात के मामले में गणना में त्रुटि के कारण अधिक/कम वापसी

सीजीजीएसटी नियमावली, 2017 का नियम 89(4) सूत्र[15] निर्धारित करता है जिसके अनुसार वस्तुओं या सेवाओं की जीरो–रेटेड आपूर्ति के मामले में प्रतिदाय दिया जाएगा। एडजस्टेड टोटल टर्नओवर का अर्थ धारा 2 के अनुच्छेद (112) के तहत परिभाषित राज्य या केन्द्र शासित प्रदेश में टर्नओवर जो प्रासंगिक अवधि के दौरान जीरो रेटेड सप्लाई के अलावा छूट वाली सप्लाई के मूल्य को छोड़कर है।

रायपुर वृत्त–6 के श्री साईनाथ इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड (जीएसटी क्रमांक–22AALCS6148P1ZR) के प्रतिदाय दावे की नमूना जाँच के दौरान लेखापरीक्षा ने पाया कि प्रतिदाय दावों की गलत गणना के कारण अधिक/कम प्रतिदाय किया गया है। विवरण **तालिका 4.2.14** में दिखाया गया है।

[15] प्रतिदाय = (वस्तुओं के जीरो रेटेड आपूर्ति का टर्नओवर + सेवाओं के जीरो रेटेड आपूर्ति का टर्नओवर) x नेट आईटीसी ÷ समायोजित कुल टर्नओवर

तालिका 4.2.14: बिना कर भुगतान निर्यात के मामलों का विवरण जिनमें गणना में त्रुटि के कारण अधिक/कम प्रतिदाय स्वीकृत किया गया था

(₹ लाख में)

पावती रसीद क्रमांक	राशि	कारण
अधिक भुगतान		
AA2208181019918	0.06	₹ 581958 की जावक कर योग्य आपूर्ति को शामिल नहीं किया गया था।
AA2209180024958	7.95	प्रारंभ में ₹ 34.31 लाख के प्रतिदाय का दावा किया और ₹ 26.36 लाख का संशोधित दावा प्रस्तुत किया। तथापि, विभाग ने ₹ 26.36 लाख के संशोधित दावे के स्थान पर ₹ 34.31 लाख वापस कर दिए। इस प्रकार, ₹ 7.95 लाख की राशि अधिक वापस की गई।
कुल	**8.01**	
कम भुगतान		
AA2209190052890	0.59	समायोजित कुल टर्नओवर में छूट/नगन्य रेटेड आपूर्ति लेने के बाद गणना की गई।
कुल	**0.59**	

इस ओर इंगित किये जाने पर रायपुर वृत्त–6 के सहायक आयुक्त ने उत्तर दिया कि तथ्यों एवं आँकड़ों का सत्यापन कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

4.2.9.5 भिन्न–भिन्न कर शीर्षो से प्रतिदाय का दावा किया गया

केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के परिपत्र संख्या 59/33/2018–जीएसटी दिनांक 04.09.2018 के क्र.सं. 3.2 में कहा गया है कि कम से कम तीन राशियों की गणना करने के बाद, जैसा कि उक्त परिपत्र के क्र.सं. 3.1 में, विस्तार से दिया गया है, समतुल्य राशि को दावेदार के इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर से निम्नलिखित क्रम में डेबिट किया जाना है:–

क) एकीकृत कर, उपलब्ध शेष राशि की सीमा तक।

ख) केन्द्रीय कर और राज्य कर/संघ राज्य क्षेत्र कर, समान रूप से उपलब्ध शेष राशि की सीमा तक और किसी विशेष इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर (जैसे कि केन्द्रीय कर) में उपलब्ध शेष राशि में कमी की स्थिति में, अंतर राशि को अन्य इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर (अर्थात इस मामले में राज्य कर/केन्द्र शासित प्रदेश कर) से डेबिट किया जाना है।

तीस वृत्तों की लेखापरीक्षा में पाया गया कि रायपुर वृत्त–7 के दो प्रतिदाय प्रकरणों में ₹ 0.03 करोड़ एवं ₹ 0.15 करोड़ के अधिकतम प्रतिदाय क्रमशः फरवरी 2019 और जून 2019 में एसजीएसटी के विरूद्ध किए गए, हालांकि आईजीएसटी और सीजीएसटी में क्रेडिट उपलब्ध था। यह इंगित किए जाने पर उत्तर अभी भी प्रतीक्षित हैं।

4.2.9.6 उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना प्रतिदाय को अस्वीकार कर दिया गया

सीजीजीएसटी नियम के नियम 92(3) में कहा गया है कि जहाँ सक्षम अधिकारी लिखित रूप में दर्ज किए जाने वाले कारणों से संतुष्ट है, कि प्रतिदाय के रूप में दावा की गई पूरी या आंशिक राशि स्वीकार्य नहीं है या आवेदक को देय नहीं है, वह आवेदक को एक नोटिस जारी करेगा, जिसमें उसे इस तरह के नोटिस[16] की प्राप्ति के 15 दिनों की अवधि के भीतर जवाब[17] देने की आवश्यकता होगी और उत्तर पर विचार करने के बाद,

[16] फॉर्म जीएसटी आरएफडी– 08

[17] फॉर्म जीएसटी आरएफडी– 09

पूर्ण या आंशिक रूप से प्रतिदाय की राशि को स्वीकृत करने या उक्त प्रतिदाय को अस्वीकार करने का आदेश[18] देगा और उक्त आदेश आवेदक को इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध कराया जाएगा और उप–नियम (1) के प्रावधान, यथोचित परिवर्तनों सहित, स्वीकृत प्रतिदाय की सीमा तक लागू होंगेः

बशर्ते कि आवेदक को सुनवाई का अवसर दिए बिना प्रतिदाय के लिए कोई भी आवेदन अस्वीकृत नहीं किया जाएगा।

लेखापरीक्षा ने देखा कि रायपुर के वृत्त–8 के पाँच प्रतिदाय मामलों में से दो प्रतिदाय मामलों में (दो प्री–ऑटोमेशन और तीन पोस्ट–ऑटोमेशन के मामले) सहायक दस्तावेजों की अनुपलब्धता के कारण डिफिशिएंसी मेमो (जीएसटी आरएफडी–03) तथा कारण बताओ ज्ञापन जारी किये बिना प्रतिदाय दावा अस्वीकृत कर दिया गया था।

इस संबंध में सहायक आयुक्त का उत्तर प्रतीक्षित (दिसम्बर 2022) है।

4.2.9.7 सामान्य पोर्टल के माध्यम से पावती/डिफिशिएंसी ज्ञापन जारी न करना

सीजीजीएसटी नियम, 2017 के नियम 90(1), (2) और (3) में प्रावधान है कि प्रतिदाय के आवेदन की तिथि से 15 दिनों के भीतर आवेदक को एक पावती/डिफिशिएंसी ज्ञापन उपलब्ध कराया जाएगा।

बिलासपुर वृत्त– 2 और बिलासपुर वृत्त–3 के 38 प्रतिदाय मामलों (18 प्री–ऑटोमेशन और 20 पोस्ट–आटोमेशन के मामले) में से 16 प्रतिदाय मामलों में लेखापरीक्षा ने देखा कि आवेदक को पावती/डिफिसिएंसी ज्ञापन उपलब्ध नहीं कराया गया था। इसका विवरण **परिशिष्ट 4.2.4** में दिया गया है।

यह इंगित किए जाने पर सहायक आयुक्तों ने इसका कोई विशेष कारण तो नहीं बताया परंतु आश्वस्त किया कि ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी।

4.2.9.8 ₹ 1000 की न्यूनतम प्रारंभिक सीमा का अनुपालन नहीं करने के कारण अधिक प्रतिदाय

सीजीजीएसटी अधिनियम की धारा 54(14) में कहा गया है कि यदि आवेदक की राशि ₹ 1000 से कम है तो उसे कोई प्रतिदाय नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा, यह स्पष्ट किया जाता है कि ₹ 1000 की सीमा प्रत्येक कर मद के लिए पृथक से लागू होगी और संचयी रूप से नहीं– कंडिका 60 सीबीआई और सी परिपत्र संख्या 125/44/2019–जीएसटी दिनांक 18 नवंबर 2019।

अभिलेखों की संवीक्षा में पाया गया कि विभाग ने दो मामलों में ₹ 1000 प्रति मद की उपर्युक्त प्रारंभिक सीमा का अनुपालन नहीं किया था। इसका विवरण **तालिका 4.2.15** में दिखाया गया है।

तालिका 4.2.15: प्रतिदाय के मामलों का विवरण जिनमें न्यूनतम सीमा पर विचार किए बिना राशि वापस की गई थी।

(₹ में)

वृत्त का नाम	करदाताओं के नाम	जीएसटीआईएन	पावती रसीद क्रमांक	सीजीएसटी	एसजीएसटी
जगदलपुर वृत्त –1	मे. दीपक कुमार दीवान	22ACVPD1425B1Z8	AA220620008811V	814	814
	मे. संदीप साजावत	22ACSFS3667B1Z1	AA2206200052318	991	991

[18] फॉर्म जीएसटी आरएफडी– 06

यह इंगित किए जाने पर सहायक आयुक्त ने आश्वस्त किया कि इसे ब्याज सहित वसूल किया जाएगा।

4.2.9.9 जीएसटी परिपत्र क्रमांक 135/05/2020– जीएसटी दिनांक 31/03/2020 का अनुपालन न करने के कारण अतिरिक्त प्रतिदाय

जीएसटी परिपत्र संख्या 135/05/2020–जीएसटी दिनांक 31/03/2020 के क्रमांक 5 में कहा गया है कि परिपत्र संख्या 125/44/2019–जीएसटी दिनांक 18.11.2019 के पैरा 36 के अनुसार आईटीसी का प्रतिदाय फॉर्म जीएसटीआर–2ए में नहीं दर्शाए गए बीजकों के संबंध में भी स्वीकार्य था और ऐसे बीजकों की प्रतियां अपलोड करने की आवश्यकता थी। हालांकि, अधिसूचना संख्या 49/2019–जीएसटी दिनांक 9 अक्टूबर 2019 के तहत सीजीजीएसटी नियम, 2017 के नियम 36 में उप–नियम (4) को शामिल करने के मद्देनजर बीजकों पर प्राप्त आईटीसी के प्रतिदाय जो आवेदक के फॉर्म जीएसटीआर–2ए में नहीं दिख रहे हैं, की स्वीकार्यता के संबंध में क्षेत्रीय कार्यालयों से विभिन्न संदर्भ प्राप्त हुए हैं।

मामले की सीबीआईसी द्वारा जाँच की गई और यह निर्णय लिया गया कि संचित आईटीसी की वापसी उन बीजकों के अनुसार आईटीसी तक सीमित होगी, जिसका विवरण आपूर्तिकर्ता द्वारा फॉर्म जीएसटीआर–1 में अपलोड किया गया है और आवेदक का फॉर्म जीएसटीआर–2ए में परिलक्षित होता है। तदनुसार, परिपत्र संख्या 125/44/2019–जीएसटी, दिनांक 18 नवंबर 2019 के पैरा 36 को उस सीमा तक संशोधित किया गया है।

रायपुर वृत्त–7 के अभिलेखों की नमूना जाँच के दौरान प्रतिदाय के 30 प्रकरणों (20 प्री–ऑटोमेशन और 10 पोस्ट–ऑटोमेशन के मामले) में से तीन प्रतिदाय मामले में यह देखा गया कि नेट आईटीसी में जीएसटीआर–2ए के आंकड़ों के साथ–साथ बीजकों के आंकड़ें भी शामिल हैं जो जीएसटीआर–2ए में अपलोड नहीं किए गए थे। अतः सहायक आयुक्त ने ₹ 27.93 लाख की अधिक स्वीकृति दी। विवरण **तालिका 4.2.16** में दिखाया गया है।

तालिका 4.2.16: प्रतिदाय मामलों का विवरण जिसमें जीएसटी परिपत्र 135/05/2020 का अनुपालन नहीं किया गया

(₹ करोड़ में)

वृत्त का नाम	करदाताओं के नाम	जीएसटी पंजीकरण क्रमांक	एआरएन	राशि
रायपुर 7	रेडिएंट ऑफशोर कंसल्टेंसी एलएलपी	22AATFR5203M1ZY	AA220620000498P	0.84
	सनफ्लैग एग्रोटेक	22ALVPA2615H1ZE	AA220520005365X	0.85
	जिनकुशल इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड	22AAACZ3367N1Z0	AA220620003385V	26.24
कुल				**27.93**

यह इंगित किए जाने पर सहायक आयुक्त ने जवाब दिया कि वे तथ्यों और आंकड़ों की जाँच के बाद आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

4.2.9.10 अभिलेखों को प्रस्तुत न करना

पाँच वृत्तों की लेखापरीक्षा के दौरान 43 प्री–ऑटोमेशन प्रतिदाय मामलों में से 19 प्री–ऑटोमेशन प्रतिदाय मामलों के पूर्ण अभिलेख लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराए

गए थे। इन अभिलेखों के अभाव में लेखापरीक्षा इन मामलों में राज्य कर विभाग के प्रदर्शन का सत्यापन नहीं कर सका। ऐसे मामलों का विवरण **परिशिष्ट 4.2.5** में दिया गया है

इसके अलावा, केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड और सीमा शुल्क परिपत्र संख्या 125/44/2019–जीएसटी दिनांक 18 नवंबर, 2019 के **अनुलग्नक ए** के अनुसार, बयान/घोषणा/वचन/प्रमाण पत्र और अन्य सहायक दस्तावेजों को प्रतिदाय आवेदन के साथ अपलोड करना आवश्यक है। इसका विवरण **तालिका 4.2.17** में दिखाया गया है।

तालिका 4.2.17: प्रतिदाय आवेदन के साथ प्रदान किए जाने वाले सभी विवरणों/घोषणाओं/उपक्रमों/प्रमाणपत्रों और अन्य सहायक दस्तावेजों की सूची

क्र. सं.	प्रतिदाय के प्रकार	घोषणा/विवरण/अंडरटेकिंग/प्रमाणपत्र जिसे ऑनलाइन भरा जाना है	अतिरिक्त रूप से अपलोड किए जाने वाले सहायक दस्तावेज
1.	इनवर्टेड टैक्स स्ट्रक्चर के कारण संचित होने से अप्रयुक्त आईटीसी का प्रतिदाय	(क) धारा 54(3) के दूसरे और तीसरे प्रावधान के तहत घोषणा। (ख) धारा 54(3)(ii) के तहत घोषणा धारा 16(2)(सी) और धारा 42(2) के संबंध में (ग) नियम 89(5) के तहत विवरण 1 में दर्ज चालानों की स्व–प्रमाणित प्रतियां। (घ) नियम 89(2)(एच) के तहत विवरण 1ए । (ङ) नियम 89(2)(एल) के तहत स्व–घोषणा यदि दावा की गई राशि दो लाख रुपये से अधिक नहीं है, अन्यथा नियम 89(2)(एम) के तहत प्रमाणीकरण	(क) प्रासंगिक अवधि के जीएसटीआर–2ए की प्रति। (ख) चालान का विवरण (अनुबंध–बी)। (ग) अनुलग्नक–बी में दर्ज चालानों की स्व–प्रमाणित प्रतियां जिनका विवरण प्रासंगिक अवधि के जीएसटीआर–2ए में नहीं मिलता है।
2.	कर भुगतान के बिना निर्यात के कारण अप्रयुक्त आईटीसी का प्रतिदाय	(क) धारा 54(3) के दूसरे और तीसरे प्रावधान के तहत घोषणा। (ख) धारा 42(2) और 16(2)(सी) अनुभागों के संबंध में वचनबद्धता (ग) नियम 89(2)(बी) और नियम 89(2)(सी) के तहत विवरण 3 (घ) नियम 89(4) के तहत विवरण 3ए	(क) प्रासंगिक अवधि के जीएसटीआर–2ए की प्रति। (ख) चालान का विवरण (अनुबंध–बी) (ग) अनुलग्नक–बी में दर्ज चालानों की स्व–प्रमाणित प्रतियां जिनका विवरण प्रासंगिक अवधि के जीएसटीआर–2ए में नहीं मिलता है (घ) सेवाओं के निर्यात के मामले में बैंक वसूली प्रमाणपत्र (बीआरसी)/विदेशी आवक विप्रेषण प्रमाणपत्र (एफआईआरसी) और वस्तु के मामले में शिपिंग बिल (केवल गैर–इलेक्ट्रॉनिक डेटा इंटरचेंज (ईडीआई) बंदरगाहों के माध्यम से किए गए निर्यात के मामले में)।
3.	कर भुगतान के साथ की गई सेवाओं के निर्यात पर कर का प्रतिदाय किया गया	(क) धारा 54(3) के दूसरे और तीसरे प्रावधान के तहत घोषणा (ख) धारा 42(2) और 16(2)(सी) अनुभागों के संबंध में वचनबद्धता (ग) नियम 89(2)(सी) के तहत विवरण 2	(क) बीआरसी/एफआईआरसी/सेवाओं की विक्रय आय की प्राप्ति का संकेत देने वाला कोई अन्य दस्तावेज। (ख) प्रासंगिक अवधि के जीएसटीआर–2ए की प्रति। (ग) चालान का विवरण (अनुबंध–बी)।

			(घ) अनुबंध–ए में दर्ज चालानों की स्व–प्रमाणित प्रतियां जिनका विवरण प्रासंगिक अवधि के जीएसटीआर–2ए में नहीं मिलता है। (ङ) सीजीएसटी नियम के नियम 91 के उप–नियम (1) के तहत अस्थायी प्रतिदाय प्राप्त करने के लिए गैर–अभियोजन के संबंध में स्व–घोषणा।
4.	कर के भुगतान के बिना एसईजेड ईकाइयों/ विकासकर्ताओं को की गयी आपूर्ति पर अप्रयुक्त आईटीसी का प्रतिदाय	(क) धारा 54(3) के तीसरे प्रावधान के तहत घोषणा। (ख) नियम 89(2)(डी) और नियम 89(2)(ई) के तहत विवरण 5। (ग) नियम 89(4) के तहत विवरण 5ए। (घ) नियम 89(2)(एफ) के तहत घोषणा। (ङ) धारा 42(2) और 16(2)(सी) के अनुभागों के संबंध में उपक्रम। (च) नियम 89(2)(एल) के तहत स्व–घोषणा यदि दावा की गई राशि दो लाख रुपये से अधिक नहीं है, तो नियम 89(2)(एम) के तहत प्रमाणीकरण अन्यथा।	(क) प्रासंगिक अवधि के जीएसटीआर–2ए की प्रति (ख) चालान का विवरण (अनुबंध–बी) (ग) अनुलग्नक–बी में दर्ज चालानों की स्व–प्रमाणित प्रतियां जिनका विवरण प्रासंगिक अवधि के जीएसटीआर–2ए में नहीं मिलता है। (घ) नियम 89(1) के दूसरे प्रावधान के तहत अधिकृत संचालन के लिए वस्तु/सेवाओं की प्राप्ति के संबंध में एसईजेड के निर्दिष्ट अधिकारी से अनुमोदन

चौबीस वृत्तों में 139 पोस्ट–ऑटोमेशन नमूने प्रतिदाय मामलों की लेखापरीक्षा के दौरान देखा गया कि 40 प्रतिदाय मामलों में आवश्यक दस्तावेज जैसे जीएसटीआर–2ए, बीजकों का विवरण आदि छत्तीसगढ़ जीएसटी के वेब पोर्टल पर प्रतिदाय के आवेदन के साथ अपलोड नहीं पाये गये। पच्चीस प्रतिदाय मामलों में, नेट आईटीसी की गणना के लिए आवश्यक दस्तावेज करदाता द्वारा अपलोड नहीं किए गए थे और 15 प्रतिदाय मामलों में प्रतिदाय की राशि की डेबिट प्रविष्टि दिखाने वाली इलेक्ट्रॉनिक कैश लेजर की प्रति अपलोड नहीं की गई थी, जैसा कि **परिशिष्ट 4.2.6** में वर्णित है। इस प्रकार, लेखापरीक्षा संभावित अधिक/अनियमित वापसी के मामलों का पता नहीं लगा सका।

4.2.9.11 आंतरिक नियंत्रण तंत्र

विभाग का आंतरिक लेखापरीक्षा विंग आंतरिक नियंत्रण तंत्र का एक महत्वपूर्ण अंग है और इसे आम तौर पर सभी नियंत्रणों के नियंत्रण के रूप में परिभाषित किया जाता है ताकि संगठन स्वयं को यह आश्वस्त कर सके कि निर्धारित प्रणालियां यथोचित रूप से कार्य कर रही हैं।

केन्द्रीय उत्पाद और सीमा शुल्क बोर्ड परिपत्र संख्या 17/17/2017–जीएसटी दिनांक 15 नवंबर 2017 ने जीरो रेटेड सप्लाई के प्रतिदाय के मैनुअल प्रसंस्करण की प्रक्रिया को विस्तृत रूप से निर्धारित किया। परिपत्र, अन्य बातों के साथ–साथ, निर्धारित करता है कि मैनुअल रूप से संसाधित प्रतिदाय आवेदनों की प्री–ऑडिट तब तक आवश्यक नहीं है जब तक कि बोर्ड द्वारा पृथक विस्तृत दिशानिर्देश जारी नहीं किए जाते हैं, चाहे इसमें कितनी भी राशि शामिल हो। हालांकि, यह स्पष्ट किया गया था कि मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार प्रतिदाय आदेश का पोस्ट ऑडिट जारी रहेगा।

लेखापरीक्षा के दौरान यह इंगित किये जाने पर विभाग ने कहा कि विभाग की आंतरिक लेखापरीक्षा करने के लिए 42 अधिकारियों को मिलाकर 10 लेखापरीक्षा दलों के साथ आंतरिक लेखापरीक्षा विंग का गठन किया गया है। हालांकि, विभाग द्वारा जुलाई 2017 से जुलाई 2020 तक की अवधि के लिए प्रतिदाय मामलों की न तो आंतरिक लेखापरीक्षा की गई और न ही पोस्ट ऑडिट के लिए कोई नमूना मामले भेजे गए।

इस प्रकार, आंतरिक लेखापरीक्षा और पोस्ट ऑडिट के साथ प्रतिवेदन में इंगित व्यापक रूप से फैली हुई तंत्रात्मक कमियां एक उचित संकेत है कि आंतरिक नियंत्रण तंत्र कमजोर है।

4.2.10 निष्कर्ष

छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित 01 जुलाई 2017 से 31 जुलाई 2020 की अवधि के 292 नमूना प्रतिदाय दावों की जाँच से पता चला कि दावों के निपटान में विलंब (651 दिनों तक) हुआ था। विभाग ने इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर के स्थान पर करदाताओं के बैंक खाते में प्रतिदाय स्वीकृत किया जो करदाता की कार्यशील/परिचालन पूंजी के प्रवाह में अनुचित लाभ को दर्शाता है। विशिष्ट निर्देशों के बावजूद प्रतिदाय दावों का पोस्ट ऑडिट नहीं किया गया था। पूंजीगत माल से प्राप्त इनपुट टैक्स क्रेडिट को नेट आईटीसी में गलत तरीके से शामिल करने और कर अवधि के प्रतिबंधों का पालन न करने, क्षतिपूर्ति उपकर की अनियमित अनुमति के कारण अतिरिक्त प्रतिदाय किया गया था। आगे, करदाताओं द्वारा अपलोड किए जाने के लिए आवश्यक पूर्ण दस्तावेज या तो अपलोड नहीं किए गए थे या लेखापरीक्षा दल को इसकी पहुंच नहीं दी गई थी।

4.2.11 अनुशंसाएं

1. *ब्याज के भुगतान की देनदारी से बचने के लिए विभाग को समयबद्ध तरीके से प्रतिदाय मामलों से निपटने के लिए एक कार्य योजना तैयार करनी चाहिए।*
2. *प्रतिदाय के अधिक/अनियमित भुगतान से बचने के लिए नेट आईटीसी की गणना करते समय विभाग को सीबीआईसी और राज्य सरकार द्वारा जारी प्रासंगिक अधिनियमों/नियमों/परिपत्र का सख्ती से पालन करना चाहिए।*
3. *विभाग को संबंधित अधिनियमों/नियमों/परिपत्रों का सख्ती से पालन करना चाहिए ताकि प्रतिदाय के भुगतान में अनियमितताओं और प्रक्रियात्मक चूक से बचा जा सके।*
4. *विभाग को वार्षिक लेखापरीक्षा योजना बनानी चाहिए और प्रतिदाय के मामलों की लेखापरीक्षा करनी चाहिए।*

4.3 वाणिज्यिक कर विभाग की अनुपालन लेखापरीक्षा

4.3.1 परिचय

छत्तीसगढ़ राज्य में मूल्य संवर्धित कर, केन्द्रीय विक्रय कर एवं प्रवेश कर का आरोपण, निर्धारण एवं संग्रहण क्रमशः छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 एवं प्रवेश कर अधिनियम, 1976 के द्वारा प्रशासित किया गया। मूल्य संवर्धित कर एक बहु–स्तरीय कर है जो मूल्यवर्धन श्रृंखला के प्रत्येक स्तर पर इस प्रावधान के साथ आरोपित किया जाता है कि पूर्व में भुगतान किए गए कर पर इनपुट कर छूट की अनुमति होगी जिसका उपयोग बाद के विक्रय पर मूल्य संवर्धित कर/केन्द्रीय विक्रय कर की देनदारी हेतु किया जा सकेगा।

छत्तीसगढ़ राज्य में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 01 जुलाई 2017 से लागू किया गया। इसके लागू होने के पूर्व छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005, केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 एवं प्रवेश कर अधिनियम, 1976 लागू थे। जीएसटी के लागू होने के बाद भी पेट्रोलियम उत्पाद और मानव सेवन के लिए शराब जैसे कुछ वस्तुओं पर अभी भी मूल्य संवर्धित कर तथा केन्द्रीय विक्रय कर लागू है।

चूंकि वस्तु एवं सेवा कर 01 जुलाई 2017 से प्रभाव में आ चुका है इसलिए मूल्य संवर्धित कर प्रणाली से संबंधित लंबित कर निर्धारण प्रकरणों का निस्तारण जैसे परंपरागत मुद्दों का समाधान वरीयता के आधार पर करना होगा। पुरानी कर प्रणाली (2017–18 की प्रथम तिमाही) के प्रकरणों का कर निर्धारण अभी भी लंबित हैं। तथापि, इस संबंध में विभाग द्वारा जारी अधिसूचना से यह स्पष्ट है कि वर्ष 2017–18 के प्रथम तिमाही के पुराने कर निर्धारण प्रकरणों के निस्तारण हेतु मई 2022 तक का समय तय किया गया है।

4.3.2 संगठनात्मक संरचना

प्रमुख सचिव, वाणिज्यिक कर विभाग शासन स्तर पर विभागीय प्रशासनिक प्रमुख होता है। आयुक्त, वाणिज्यिक कर इस विभाग का प्रमुख होता है और तीन अपर आयुक्त, 12 उपायुक्त, 26 सहायक आयुक्त, 72 वाणिज्यिक कर अधिकारी, 121 सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी एवं 174 वाणिज्यिक कर निरीक्षक ऐसे कार्य, जो इन्हें अधिनियम के अंतर्गत निहित किए गए हैं, उनके निष्पादन में इनकी सहायता करते हैं। वर्तमान में विभाग में उपरोक्त स्वीकृत पदों पर 10 उपायुक्त, 20 सहायक आयुक्त, 54 वाणिज्यिक कर अधिकारी, 71 सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी तथा 115 वाणिज्यिक कर निरीक्षक कार्यरत हैं।

संगठनात्मक संरचना



4.3.3 लेखापरीक्षा उद्देश्य

अनुपालन लेखापरीक्षा यह सुनिश्चित एवं मूल्यांकन करने के लिए किया गया कि क्या:

- मूल्य संवर्धित कर, केन्द्रीय विक्रय कर एवं प्रवेश कर के अंतर्गत करों का निर्धारण निर्धारित प्रक्रियानुसार तथा कर की लागू दरें अधिरोपित करते हुए किया गया;
- कर निर्धारण प्राधिकारी द्वारा प्रदान की गई छूट/रियायत वैध घोषणा फार्म से समर्थित थे, एवं
- दाखिल की गई कर विवरणी की प्रारंभिक जाँच करने में कर निर्धारण प्राधिकारी ने यथोचित प्रयास किया।

4.3.4 लेखापरीक्षा मानदंड

निम्नलिखित अधिनियमों, नियमों एवं परिपत्रों/अधिसूचनाओं के प्रावधानों को लेखापरीक्षा मानदंड के रूप में प्रयोग किया गया:

- छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005
- छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर नियम, 2006
- केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956
- केन्द्रीय विक्रय कर नियम, 1957

- छत्तीसगढ़ प्रवेश कर अधिनियम, 1976
- छत्तीसगढ़ प्रवेश कर नियम, 1976
- विभाग तथा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए नियम, परिपत्र, छूट की अधिसूचना तथा निर्देश।

4.3.5 लेखापरीक्षा का कार्य क्षेत्र एवं पद्धति

अनुपालन लेखापरीक्षा हेतु राज्य की कुल 50 ईकाइयों (30 वाणिज्यिक कर अधिकारी एवं 20 सहायक आयुक्त) में से 16 ईकाइयों (आठ वाणिज्यिक कर अधिकारी एवं आठ सहायक आयुक्त) का चयन किया गया। इन चयनित 16 ईकाइयों में से आठ वाणिज्यिक कर अधिकारी की ईकाइयों का चयन सरल यादृच्छिक नमूनाकरण बिना प्रतिस्थापन विधि के आधार पर किया गया जो कुल वाणिज्यिक कर अधिकारी की ईकाइयों का 25 प्रतिशत है तथा शेष आठ सहायक आयुक्त की ईकाइयों का चुनाव आठ चयनित वाणिज्यिक कर अधिकारी जो इन्हीं सहायक आयुक्तों के क्षेत्राधिकार में हैं, से स्वतः ही हो गया। कुल 14[19] ईकाइयों (सात वाणिज्यिक कर अधिकारी एवं सात सहायक आयुक्त) में वित्त वर्ष 2014–17 के लिए निर्धारण वर्ष 2018–22 के दौरान कर निर्धारण अधिकारियों द्वारा निर्धारित किए गए मामलों की अनुपालन लेखापरीक्षा नवंबर 2020 से सितंबर 2021 के बीच संचालित की गई।

4.3.6 राजस्व की प्रवृत्ति

वर्ष 2014–15 से 2016–17 के दौरान मूल्य संवर्धित कर, केन्द्रीय विक्रय कर तथा प्रवेश कर के अंतर्गत बजट अनुमान तथा वास्तविक प्राप्तियों का विवरण **तालिका 4.3.1** में दर्शाया गया है।

तालिका 4.3.1: बजट अनुमान तथा वास्तविक प्राप्तियाँ

(₹ करोड़ में)

वर्ष	पंजीकृत व्यवसायियों की संख्या	बजट अनुमान	वास्तविक प्राप्तियाँ				बजट अनुमान और वास्तविक प्राप्तियों में भिन्नता/भिन्नता प्रतिशत
			मूल्य संवर्धित कर	केन्द्रीय विक्रय कर	प्रवेश कर	कुल	
2014–15	72468	9800.00	7495.75	932.36	768.44	9196.55	(–)603.45/6.15
2015–16	73495	10998.00	7971.08	911.32	743.51	9625.91	(–)1372.09/12.48
2016–17	80358	11928.37	9000.77	914.25	1294.16	11209.18	(–)719.19/6.03

(स्त्रोतः छत्तीसगढ़ शासन के वित्त लेखे)

उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट है कि मूल्य संवर्धित कर/केन्द्रीय विक्रय कर/प्रवेश कर से प्राप्त राजस्व वर्ष 2014–15 से वर्ष 2016–17 के दौरान बढ़ गया है। वर्ष 2014–17 के दौरान प्राप्त कुल राजस्व में सिर्फ मूल्य संवर्धित कर से प्राप्त राजस्व का हिस्सा 80 प्रतिशत से भी अधिक था। मूल्य संवर्धित कर एवं पंजीकृत व्यवसायियों की संख्या की दर में वृद्धि होने के कारण वर्ष 2015–16 की तुलना में वर्ष 2016–17 में राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि हुई।

[19] कोविड–19 के कारण दो ईकाइयों (वाणिज्यिक कर अधिकारी–2, दुर्ग एवं सहायक आयुक्त–2, दुर्ग) को पूरा नहीं किया जा सका।

4.3.7 लेखापरीक्षा निष्कर्ष

4.3.7.1 कर की गलत दर का अनुप्रयोग

मूल्य सवंर्धित कर के कम दर के अनुप्रयोग से कर की राशि ₹ 6.50 करोड़ का कम आरोपण/अनारोपण

छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम की धारा 8 अधिनियम से संलग्न अनुसूचियों में नियत दर पर माल के वर्गीकरण के आधार पर कर के आरोपण का प्रावधान करता है। साथ ही छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 की अनुसूची II के भाग IV की प्रविष्टि संख्या 1 के अनुसार ऐसे सभी माल जो अनुसूची I, अनुसूची II के भाग–I (1 प्रतिशत), भाग–II (5 प्रतिशत) तथा भाग–III (25 प्रतिशत) में शामिल नहीं हैं, पर 14/14.5 प्रतिशत की दर से कर आरोपणीय है।

लेखापरीक्षा ने 10[20] ईकाइयों में 9,356 (स्व–कर निर्धारण–3,047 एवं कर निर्धारण–6,309) में से 2,138 (स्व–कर निर्धारण–1,152 एवं कर निर्धारण–986) प्रकरणों के कर निर्धारण अभिलेखों की नमूना जाँच में पाया कि 25 प्रकरणों (स्व–कर निर्धारण–17 एवं कर निर्धारण–8) में कर की राशि ₹ 649.50 लाख का कम आरोपण हुआ, जिसका विवरण इस प्रकार है:

(अ) स्व–कर निर्धारण के 17 प्रकरणों में व्यवसायियों ने अपने कर विवरणियों में या तो कर की लागू दर 5/7 तथा 14/14.5 प्रतिशत के बजाय कर की शून्य, दो तथा पाँच प्रतिशत की रियायती दर/गलत दर प्रयुक्त किया या घोषणा फॉर्म[21] के समर्थन के बिना ही करमुक्त विक्रय का दावा किया। व्यवसायियों द्वारा उनके विवरणियों में दी गई जानकारी की सत्यता तथा संपूर्णता की प्रारंभिक जाँच करने में कर निर्धारण प्राधिकारी असफल रहे। यद्यपि, विवरणियों के साथ संलग्न किए गए दस्तावेजों (क्रय/विक्रय विवरण) के प्रति–परीक्षण में लेखापरीक्षा ने पाया कि मालों के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के कारण कर की गलत दर का आरोपण हुआ तथा घोषणा प्रमाणपत्र के बिना ही कर मुक्त विक्रय की अनुमति दी गई। इसके परिणामस्वरूप कर की राशि ₹ 516.34 लाख का कम आरोपण हुआ।

(ब) लेखापरीक्षा ने पाँच ईकाइयों के आठ कर निर्धारण प्रकरणों में पाया कि मालों के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण जैसे मछली की औषधि को मछली का भोजन, सौर बैटरी को सौर ऊर्जा उपकरण, पानी के पम्प सेट एवं मोटर पुर्जे को सबमर्सिबल पम्प तथा स्टील ट्रंक को टिन ट्रंक के रूप में वर्गीकृत करने के कारण कर की राशि ₹ 133.16 लाख का कम आरोपण हुआ।

उपरोक्त प्रकरणों का विवरण **परिशिष्ट 4.3.1** में दिया गया है। इनमें से ₹ 85.19 लाख के कर प्रभाव के एक प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है:

सौर बैटरी को सौर ऊर्जा उपकरण के रूप में त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण करने के कारण मूल्य संवर्धित कर का कम आरोपण

छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 की अनुसूची II के भाग IV के अनुसार, ''वर्ष 2013–14 के लिए ऐसे सभी अन्य वस्तुओं जो अनुसूची I तथा अनुसूची II के भाग–I, II एवं III में सूचीबद्ध नहीं हैं, पर 14 प्रतिशत की दर से कर आरोपणीय था''। तदनुसार, सभी अवशिष्ट वस्तुओं पर 14 प्रतिशत की दर से कर आरोपणीय था।

---

[20] वाणिज्यिक कर अधिकारी–1, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–2, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–3, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–4, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–6, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–7, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–9, रायपुर; सहायक आयुक्त–1, रायपुर; सहायक आयुक्त –2, रायपुर तथा सहायक आयुक्त–9, रायपुर

[21] अधिसूचना संख्या एफ–10/128/2007/वा.क./पाँच (42) दिनांक अक्टूबर 2007 के अनुसार

राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एफ–10/15/2012/वा.क./पाँच (20) दिनांक 31.03.2012 के अनुसार अवधि 01.04.2012 से 31.03.2015[22] के लिए सौर ऊर्जा उपकरण एवं पुर्जों को कर से छूट प्रदान किया गया था।

अभिलेखों की जाँच में लेखापरीक्षा ने पाया कि सहायक आयुक्त, वाणिज्यिक कर, वृत्त–1, रायपुर के एक कर निर्धारण प्रकरण में एक व्यवसायी ने वर्ष 2013–14 में सौर ऊर्जा उपकरण एवं सौर बैटरी का विक्रय किया तथा इस पर करमुक्त माल के रूप में छूट प्राप्त किया। व्यवसायी ने सौर बैटरी का क्रय किया तथा किसी कर का भुगतान किए बिना सौर ऊर्जा उपकरण के साथ इनका विक्रय कर दिया। लेखापरीक्षा ने पाया कि अधिसूचना क्रमांक 20 दिनांक 31 मार्च 2012 के तहत सौर बैटरी के विक्रय को सौर ऊर्जा उपकरण एवं पुर्जा के अंतर्गत करमुक्त विक्रय मानते हुये कर निर्धारण प्राधिकारी ने किसी कर का आरोपण नहीं किया। हालांकि आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग छत्तीसगढ़ ने अपने आदेश दिनांक 24.02.2014 में मेसर्स पैनेशिया डिस्ट्रीब्यूटर के प्रकरण में यह स्पष्ट किया है कि 'सौर बैटरी' अधिसूचना संख्या एफ–10/15/2012/वा.क./पाँच (20) दिनांक 31.03.2012 (जो सौर ऊर्जा उपकरण एवं पुर्जों पर कर से छूट प्रदान करता है) में तथा छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 की अनुसूची II के भाग– I, II एवं III में सूचीबद्ध अन्य प्रविष्टियों में शामिल नहीं है। अतः यह अवशिष्ट वस्तुओं के रूप में 14 प्रतिशत की दर से करारोपणीय था।

इस प्रकार, सौर बैटरी के लिए करमुक्त माल का छूट दिए जाने के कारण सौर बैटरी के विक्रय पर मूल्य संवर्धित कर की राशि ₹ 85.19 लाख का अनारोपण हुआ।

इंगित किए जाने (अक्टूबर 2021) पर शासन ने उत्तर दिया (मई 2022) कि छः प्रकरणों में राशि ₹ 1.93 करोड़ की माँग हेतु नोटिस जारी की गई है और 16 प्रकरणों में व्यवसायियों को पुनर्निर्धारण हेतु नोटिस जारी किया गया है। शेष तीन प्रकरणों, जिनमें तीन व्यवसायी शामिल हैं, के संबंध में शासन का उत्तर **तालिका 4.3.2** में वर्णित है:

तालिका 4.3.2: शासन का उत्तर

ईकाई का नाम	परिशिष्ट 4.3.1 के सरल क्रमांक का संदर्भ	शासन का विस्तृत उत्तर	लेखापरीक्षा का प्रत्युत्तर
वाणिज्यिक कर अधिकारी, वृत्त–4, रायपुर (यूनिस्टोन पैनल्स प्राइवेट लिमिटेड टिन–22801406624)	8	एल्युमिनियम कम्पोजिट पैनल (एसीपी) एल्युमिनियम उत्पाद के अंतर्गत आता है। अतः पाँच प्रतिशत की दर से कर आरोपणीय है।	शासन का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि एसीपी एक कम्पोजिट पदार्थ है जिसमे एल्युमिनियम की दो पतली परत के बीच थर्मोप्लास्टिक पॉलिथीन कोर और अग्निरोधी कोर को दबाकर बनाया जाता है तथा एल्युमिनियम उत्पाद की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। अतः एसीपी अवशिष्ट माल की श्रेणी में आता है और इस प्रकार यह 14 प्रतिशत की दर से करारोपणीय है। साथ ही आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग, कर्नाटक ने अपने स्पष्टीकरण में दिनांक 26.01.2012 को यह स्पष्ट किया कि एसीपी मूल्य संवर्धित कर के अंतर्गत 14 प्रतिशत की दर से करारोपणीय है।
वाणिज्यिक कर अधिकारी, वृत्त–4, रायपुर (पर्ल इंटरप्राइजेज टिन–22091406287)	9	छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम की अनुसूची I की प्रविष्टि संख्या 23	शासन का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम की अनुसूची II की प्रविष्टि संख्या 41 के अनुसार "सब्जी मशरूम" पाँच प्रतिशत की दर से करारोपणीय है। साथ ही माल की विशिष्ट

[22] अधिसूचना संख्या 07 तथा 44 दिनांक 22.03.2013 तथा 04.03.2014 के अनुसार प्रतिस्थापित आंकड़ा 2013 एवं 2014

		के अंतर्गत मशरूम और स्वीटकॉर्न ताजी सब्जी और फल हैं, अतः करमुक्त हैं।	प्रविष्टि को सामान्य प्रविष्टि पर वरीयता प्राप्त है। अतः मशरूम अधिनियम में उल्लेखित निर्धारित दर से करारोपणीय है।
वाणिज्यिक कर अधिकारी, वृत्त–3, रायपुर (सूर्याधन, टिन–22861307942)	10	सौर बैटरी, सौर ऊर्जा उपकरण एवं पुर्जे के अंतर्गत करमुक्त है।	मेसर्स पैनेशिया डिस्ट्रीब्यूटर के प्रकरण में आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग, छत्तीसगढ़ के स्पष्टीकरण दिनांक 24.02.2014 के अनुसार शासन का उत्तर स्वीकार्य नहीं है जहाँ यह स्पष्ट किया गया है कि 'सौर बैटरी' अधिसूचना संख्या एफ– 10/15/2012/वा.क./पाँच (20) दिनांक 31.03.2012 (जो सौर ऊर्जा उपकरण एवं पुर्जों पर मूल्य सवंर्धित कर से छूट प्रदान करता है) के अंतर्गत शामिल नहीं है और तदनुसार, 14 प्रतिशत की दर से करारोपणीय है।

4.3.7.2 प्रवेश कर के गलत दर का अनुप्रयोग

स्थानीय क्षेत्र के बाहर से वस्तुओं के प्रवेश पर कर के गलत दर के अनुप्रयोग से प्रवेश कर की राशि ₹ 2.65 करोड़ की कम प्राप्ति/अप्राप्ति

छत्तीसगढ़ प्रवेश कर अधिनियम, 1976 की धारा 3 के अनुसार यदि कोई व्यापारी अपने व्यापार के दौरान प्रत्येक स्थानीय क्षेत्र में खपत, उपयोग या विक्रय हेतु वस्तुएं लाता है तो वह अनुसूची–II में विनिर्दिष्ट दर से प्रवेश कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है। साथ ही यदि अनुसूची–III में विनिर्दिष्ट वस्तुओं को स्थानीय क्षेत्र में खपत या उपयोग हेतु परंतु विक्रय हेतु नहीं, लाया जाता है तो इन पर उल्लिखित दर से प्रवेश कर आरोपणीय है। आगे, छत्तीसगढ़ प्रवेश कर अधिनियम की धारा 4–अ यह प्रावधान करती है कि राज्य सरकार के द्वारा अधिसूचित ऐसी वस्तुओं जिनका उपयोग या खपत ऐसे स्थानीय क्षेत्र या क्षेत्रों में विशेष रूप से अन्य वस्तुओं के विनिर्माण में या पैकिंग सामग्री के रूप में किया जाता है, पर बढ़ी हुई दर से कर आरोपणीय है।

लेखापरीक्षा ने 11[23] ईकाइयों के 9,119 (स्व–कर निर्धारण–2,678 एवं कर निर्धारण–6,441) में से 2,278 (स्व–कर निर्धारण–1,221 एवं कर निर्धारण–1,057) प्रकरणों की नमूना जाँच में पाया कि 27 व्यवसायियों के 30 प्रकरणों (स्व–कर निर्धारण–17 एवं कर निर्धारण–13) में कर निर्धारण प्राधिकारियों/व्यवसायियों ने कर निर्धारण करते समय/विवरणी प्रस्तुत करते समय छत्तीसगढ़ प्रवेश कर अधिनियम, 1976 की अनुसूची–II एवं III तथा अधिसूचनाओं में निर्धारित प्रवेश कर की उचित दर का आरोपण नहीं किया। फलस्वरूप, प्रवेश कर की राशि ₹ 203.70 लाख का अनारोपण एवं राशि ₹ 61.51 लाख का कम आरोपण हुआ, जिसका विवरण **परिशिष्ट 4.3.2** में दिया गया है।

इंगित किए जाने (अक्टूबर 2021) पर शासन ने उत्तर दिया (मई 2022) कि सात प्रकरणों में कर की राशि ₹ 36.16 लाख की माँग हेतु नोटिस जारी की गई है तथा एक प्रकरण में राशि ₹ 5.61 लाख की वसूली की गई है। तेईस प्रकरणों में व्यवसायियों को पुनर्निर्धारण नोटिस जारी की गई है।

[23] वाणिज्यिक कर अधिकारी–1, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–2, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–3, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–4, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–6, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–7, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–9, रायपुर; सहायक आयुक्त–2, रायपुर; सहायक आयुक्त–3, रायपुर; सहायक आयुक्त–4, रायपुर एवं सहायक आयुक्त–7, रायपुर

4.3.7.3 घोषणा फॉर्म के बिना केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अंतर्गत अंतर्राज्यीय विक्रय पर कर की रियायती दर प्रदाय किया

घोषणा फॉर्म 'सी' की प्रस्तुति सुनिश्चित किए बिना कर निर्धारण प्राधिकारी द्वारा कर की दर में रियायत प्रदान करने के फलस्वरूप केन्द्रीय विक्रय कर की राशि ₹ 1.80 करोड़ का कम आरोपण हुआ

केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 फॉर्म 'सी' में वस्तुओं के अंतर्राज्यीय विक्रय पर की गई घोषणा के विरूद्ध टर्नओवर के दो प्रतिशत अथवा संबंधित राज्य में लागू कर की दर में से जो भी कम हो, की दर से कर के आरोपण का प्रावधान करता है जो जून 2008 से प्रभावशील होगा। फॉर्म 'सी' के अभाव में व्यवसायी उस वस्तु के लिए छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 में विनिर्दिष्ट दरों पर कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है।

लेखापरीक्षा ने 11[24] ईकाइयों के 8,850 (स्व–कर निर्धारण–2,628 एवं कर निर्धारण–6,222) में से 2,140 (स्व–कर निर्धारण–1,144 एवं कर निर्धारण–996) प्रकरणों की नमूना जाँच में पाया कि 22 व्यवसायियों के 24 स्व–कर निर्धारण प्रकरणों एवं एक कर निर्धारण प्रकरण में अंतराज्यीय विक्रय राशि ₹ 48.43 करोड़ के समर्थन में फॉर्म 'सी' प्रस्तुत नहीं किए गए। फॉर्म 'सी' के अभाव में व्यवसायियों को कर की रियायती दर शून्य/दो प्रतिशत के स्थान पर पाँच या 14/14.5 प्रतिशत की दर से कर का भुगतान करना था। कर निर्धारण प्राधिकारियों को फॉर्म 'सी' समर्थित अंतर्राज्यीय लेनदेन के नियमों के अनुसार कर की रियायती दर की अनुमति देनी चाहिए थी। हालांकि, उपरोक्त प्रकरणों में व्यवसायियों ने केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अंतर्गत सी–फॉर्म के बिना कर की रियायती दर शून्य/दो प्रतिशत का लाभ उठाया। फलस्वरूप, कर की राशि ₹ 179.91 लाख की कम प्राप्ति हुई, जिसका विवरण **परिशिष्ट 4.3.3** में दिया गया है।

इंगित किए जाने (अक्टूबर 2021) पर शासन ने उत्तर दिया (मई 2022) कि पाँच प्रकरणों में राशि ₹ 11.13 लाख की माँग हेतु नोटिस जारी की गई हैं तथा एक प्रकरण में राशि ₹ 0.99 लाख की वसूली की गई है। साथ ही यह भी बताया गया कि 20 प्रकरणों में व्यवसायियों को पुनर्निर्धारण नोटिस जारी की गई हैं।

4.3.7.4 पारगमन विक्रय के लिए वैधानिक फॉर्म के बिना केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अंतर्गत कर में छूट की अनुमति प्रदान की गई

वैधानिक फॉर्म 'ई–I तथा सी' प्रस्तुत किए बिना कर निर्धारण प्राधिकारियों द्वारा कर की राशि ₹ 1.07 करोड़ की छूट दी गई

केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956, पारगमन विक्रय पर कर में छूट का प्रावधान करता है। छूट के दावे के लिए व्यवसायियों को ऐसे विक्रय के समर्थन में फॉर्म 'ई–I/II' और फॉर्म 'सी' प्रस्तुत करना होता है। ई–I/सी फॉर्म के अभाव में इन वस्तुओं पर छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 तथा केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 में विनिर्दिष्ट दरों पर कर आरोपणीय है।

लेखापरीक्षा ने चार[25] ईकाइयों में 924 प्रकरणों (स्व–कर निर्धारण–463 एवं कर निर्धारण–461) में से 546 प्रकरणों (स्व–कर निर्धारण–322 एवं कर निर्धारण–224) की

[24] वाणिज्यिक कर अधिकारी–2, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–3, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–4, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–7, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–9, रायपुर; सहायक आयुक्त–1, रायपुर; सहायक आयुक्त–2, रायपुर; सहायक आयुक्त–3, रायपुर; सहायक आयुक्त–4, रायपुर; सहायक आयुक्त–7, रायपुर एवं सहायक आयुक्त–9, रायपुर

[25] सहायक आयुक्त–3, रायपुर; सहायक आयुक्त–4, रायपुर; सहायक आयुक्त–7, रायपुर

नमूना जाँच में पाया कि सात स्व–कर निर्धारण प्रकरणों में व्यवसायियों ने केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पारगमन विक्रय के समर्थन में 'ई–I' / 'सी' फॉर्म प्रस्तुत किए बिना पारगमन विक्रय राशि ₹ 23.04 करोड़ पर कर के भुगतान से छूट का दावा किया था। वैधानिक फॉर्म के अभाव में व्यवसायियों को दो / चार / पाँच या 14 प्रतिशत की दर से कर का भुगतान करना था। व्यवसायियों द्वारा अपने विवरणी के साथ वैधानिक फॉर्म को संलग्न किये बिना कर से छूट के गलत दावे के फलस्वरूप कर की राशि ₹ 107.16 लाख की कम प्राप्ति हुई जिसका विवरण **परिशिष्ट 4.3.4** में दिया गया है।

इंगित किए जाने (अक्टूबर 2021) पर शासन ने उत्तर दिया (मई 2022) कि तीन प्रकरणों में राशि ₹ 55.96 लाख की माँग हेतु नोटिस जारी की गई है तथा चार प्रकरणों में व्यवसायियों को पुनर्निर्धारण नोटिस जारी की गई है।

4.3.7.5 भंडार अंतरण हेतु वैधानिक फॉर्म के बिना केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अंतर्गत कर में छूट की अनुमति प्रदान की गई

वैधानिक फॉर्म 'एफ' प्रस्तुत किए बिना कर निर्धारण प्राधिकारियों द्वारा कर की राशि ₹ 2.35 करोड़ की छूट की अनुमति दी गई

केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956, वस्तुओं के शाखा अंतरण पर कर में छूट का प्रावधान करता है। छूट के दावे के लिए व्यवसायियों को ऐसे शाखा अंतरण के समर्थन में फॉर्म 'एफ' प्रस्तुत करना पड़ता है। फॉर्म 'एफ' के अभाव में इन वस्तुओं पर छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 में विनिर्दिष्ट दरों पर कर आरोपणीय है।

लेखापरीक्षा ने छः[26] ईकाइयों में 5,849 (स्व–कर निर्धारण–1,366 एवं कर निर्धारण–4,483) में से 1,142 (स्व–कर निर्धारण–639 एवं कर निर्धारण–503) प्रकरणों की नमूना जाँच में पाया कि नौ व्यवसायियों के 11 स्व–कर निर्धारण प्रकरणों में केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 के अंतर्गत राशि ₹ 18.07 करोड़ के शाखा अंतरण के समर्थन में कोई भी 'एफ' फॉर्म प्रस्तुत नहीं किया गया परंतु व्यवसायियों / करदाताओं द्वारा इस लेनदेन पर कर के भुगतान से छूट का दावा किया गया। वैधानिक फॉर्म के अभाव में व्यवसायियों को पाँच या 14 / 14.5 प्रतिशत की दर से कर का भुगतान करना था। व्यवसायियों / करदाताओं द्वारा घोषणा फॉर्म संलग्न किये बिना कर से छूट के गलत दावे के फलस्वरूप कर की राशि ₹ 235.33 लाख का कम आरोपण हुआ जिसका विवरण **परिशिष्ट 4.3.5** में दिया गया है।

इंगित किए जाने (अक्टूबर 2021) पर शासन ने उत्तर दिया (मई 2022) कि दो प्रकरणों में राशि ₹ 160.13 लाख की माँग हेतु नोटिस जारी की गई है तथा नौ प्रकरणों में व्यवसायियों को पुनर्निर्धारण नोटिस जारी की गई है।

4.3.8 अन्य महत्वपूर्ण प्रकरण

4.3.8.1 पारगमन विक्रय के लिए नकली फॉर्म प्रस्तुत किया जाना

पारगमन विक्रय के लिए नकली 'ई–I' फॉर्म प्रस्तुत किये जाने से कर की राशि ₹ 1.42 लाख का अपवंचन हुआ

केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 की धारा 6(2), माल के पारगमन विक्रय के समर्थन में फॉर्म 'सी' तथा 'ई– I' में घोषणा करने पर कर के आरोपण से छूट का प्रावधान करता है।

[26] वाणिज्यिक कर अधिकारी–3, रायपुर; वाणिज्यिक कर अधिकारी–7, रायपुर; सहायक आयुक्त–1, रायपुर; सहायक आयुक्त–2, रायपुर; सहायक आयुक्त–3, रायपुर एवं सहायक आयुक्त–9, रायपुर

सहायक आयुक्त, वाणिज्यिक कर, वृत्त–1, रायपुर के कर निर्धारण अभिलेखों की नमूना जाँच में लेखापरीक्षा ने पाया (दिसंबर 2020) कि छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 21(5) के अंतर्गत लौह एवं इस्पात के पारगमन विक्रय की राशि ₹ 35.81 करोड़ के समर्थन में ई– I/सी फॉर्म प्रस्तुत करने पर कर निर्धारण प्राधिकारी ने अपने कर निर्धारण आदेश दिनांक दिसंबर 2019 में कर से छूट की अनुमति प्रदान की। केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 की धारा 6(2) के अंतर्गत व्यवसायी को इस विक्रय पर सम्पूर्ण कर से छूट की अनुमति दी गई और तदनुरूप व्यवसायी ने छत्तीसगढ़ (विक्रेता व्यवसायी) का 'ई–I' फॉर्म तथा छत्तीसगढ़ के बाहर (क्रेता व्यवसायी) का 'सी' फॉर्म भी प्रस्तुत किया। 'ई–I' फॉर्म की संवीक्षा में पाया गया कि प्रकरण के साथ प्रस्तुत किये गए राशि ₹ 70.77 लाख के छः 'ई–I' फॉर्म की छपाई का प्रारूप तथा कागज की गुणवत्ता की बनावट अन्य 'ई–I' फॉर्म से भिन्न थी। ये 'ई–I' फॉर्म, छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर विभाग के जारी करने वाले वृत्त (वृत्त–5, रायपुर) से सत्यापित कराये गए तथा लेखापरीक्षा ने पाया कि उपरोक्त 'ई–I' फॉर्म नकली/जाली हैं क्योंकि जारी करने वाले वृत्त ने बताया कि ये फॉर्म उनके द्वारा जारी नहीं किये गए हैं। फलस्वरूप कर की राशि ₹ 1.42 लाख (₹ 70.77 लाख का दो प्रतिशत) का अपवंचन हुआ। छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 54 के अंतर्गत कर का अपवंचन होने पर ₹ 7.10 लाख की शास्ति भी आरोपणीय है।

इंगित किए जाने (अक्टूबर 2021) पर शासन का कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है (दिसंबर 2022)।

4.3.9 निष्कर्ष

वाणिज्यिक कर अधिकारियों तथा सहायक आयुक्तों के क्षेत्राधिकार की 14 ईकाइयों के नमूना जाँच के माध्यम से वाणिज्यिक कर विभाग के अनुपालन लेखापरीक्षा से मालों के गलत वर्गीकरण के कारण मूल्य संवर्धित कर तथा प्रवेश कर की गलत दर के अनुप्रयोग से मूल्य संवर्धित कर की राशि ₹ 6.50 करोड़ तथा प्रवेश कर की राशि ₹ 2.65 करोड़ के कम आरोपण के प्रकरण उजागर हुए। करदाता द्वारा वैधानिक फॉर्म प्रस्तुत किए बिना कर निर्धारण प्राधिकारियों ने केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अंतर्गत अंतर्राज्यीय विक्रय/शाखा विक्रय/पारगमन विक्रय पर कर की रियायती दर/कर से छूट की अनुमति दी जिसके फलस्वरूप ₹ 5.22 करोड़ कर की कम वसूली हुई।

भाग 3– सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

अध्याय 5

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की अनुपालन लेखापरीक्षा

अध्याय 5

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की अनुपालन लेखापरीक्षा

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस निगम लिमिटेड

5.1 ब्याज से आय की हानि

ऑटो स्वीप सुविधा के लिए असामान्य रूप से उच्च थ्रेसहोल्ड सीमा मान्य कर निजी बैंक को अनुचित लाभ देने के परिणामस्वरूप ₹ 3.82 करोड़ के ब्याज से आय की हानि हुई

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस निगम लिमिटेड (कम्पनी) द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के अधीन प्राप्त धन को जमा करने के लिए विभिन्न बैंकों[1] में 36 अलग–अलग बैंक खाते (31 मार्च 2019 तक) खोले गये थे। कंपनी अपने बैंक खातों के लिए ऑटो स्वीप सुविधा का लाभ उठाती है, जिसके अधीन चालू बैंक खातों में एक विशेष न्यूनतम शेष राशि (अर्थात् न्यूनतम थ्रेसहोल्ड सीमा) से अधिक धनराशि को स्वतः ही सावधि जमा (एफडी) में परिवर्तित कर देती है जिस पर सावधि जमा पर प्रचलित ब्याज दर पर भुगतान किया जाता है।

लेखापरीक्षा ने पाया (फरवरी 2020) कि उक्त 36 बैंक खातों में से, कंपनी ने फरवरी 2017 से दिसंबर 2017 के दौरान एक्सिस बैंक में पाँच बैंक खाते खोले। एक्सिस बैंक में पहला बैंक खाता अगस्त 2016 में प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर खोला (फरवरी 2017) गया था तथा शेष चार बैंक खाते सितंबर 2017 से दिसंबर 2017 के दौरान बिना किसी नये प्रस्ताव के खोले गए थे। 2017–18 से 2019–20 की अवधि के दौरान अन्य बैंकों की न्यूनतम थ्रेसहोल्ड सीमा ₹ 2.00 लाख से ₹ 10.00 लाख के बीच थी, जबकि एक्सिस बैंक के लिए ऑटो स्वीप सुविधा का लाभ उठाने के लिए थ्रेसहोल्ड सीमा ₹ 15.00 करोड़ थी।

असामान्य रूप से उच्च थ्रेसहोल्ड सीमा होने के कारण एक्सिस बैंक के केवल एक खाते ने ₹ 8.84 लाख की राशि का ब्याज अर्जित किया और शेष चार बैंक खातों ने ऑटो स्वीप सुविधा पर कोई ब्याज अर्जित नहीं किया। इस प्रकार, अनुचित वित्तीय प्रबंधन के कारण कंपनी ने एक्सिस बैंक के इन पाँच खातों में जमा अपने अधिशेष कोषों पर ₹ 3.82 करोड़[2] (**परिशिष्ट 5.1** देखें) की राशि का ब्याज[3] अर्जित करने का अवसर खो दिया। कंपनी द्वारा इन तथ्यों से अवगत (सितंबर 2018) होने के बाद भी बैंक पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई जैसे कि बैंक के साथ बातचीत या बैंक खातों को बंद करना, बल्कि बैंक से थ्रेसहोल्ड सीमा घटाकर ₹ 5.00 लाख या ₹ 10.00 लाख करने का अनुरोध किया था (फरवरी 2019), जिस पर बैंक ने कोई ध्यान नहीं दिया।

सरकार ने कहा (सितंबर 2022) कि कंपनी ने सुधारात्मक कार्रवाई करते हुए दो अपरिचालित बैंक खातों सहित एक्सिस बैंक में संचालित सभी सात बैंक खातों को बंद कर दिया है।

---

1 यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एक्सिस बैंक ऑफ इंडिया, इंडसइंड बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक एवं देना बैंक

2 न्यूनतम थ्रेसहोल्ड सीमा ₹ 10.00 लाख मानते हुए

3 प्रचलित ब्याज दर के आधार पर गणनीत

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि अन्य बैंकों की तुलना में कंपनी ने एक्सिस बैंक के मामले में निर्धारित असाधारण उच्च थ्रेसहोल्ड सीमा की अनदेखी की और अपने वित्तीय हितों की रक्षा करने में विफल रही, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी खजाने को ₹ 3.82 करोड़ की ब्याज से होने वाली आय की हानि हो गई। इसके अलावा, लेखापरीक्षा (फरवरी 2020) द्वारा बताए जाने के बाद, कंपनी ने मार्च 2020 में एक्सिस बैंक में संचालित सभी बैंक खातों को बंद कर दिया।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड

5.2 देयकों को पारित करने में समुचित सावधानी का अभाव

वित्तीय अनौचित्य और समुचित सावधानी की कमी के परिणामस्वरूप सीजीएसटी अधिनियम के तहत अपंजीकृत ठेकेदार को ₹ 10.36 करोड़ का जीएसटी भुगतान हुआ

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (कंपनी) ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना के अधीन बिलासपुर क्षेत्र के लिए सामग्री की आपूर्ति और लाइनों और सबस्टेशनों के निर्माण के लिए मेसर्स फेडर्स लॉयड कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली (ठेकेदार) को ₹ 202.97 करोड़[4] का कार्यादेश जारी (दिसंबर 2016) किया।

कार्यादेश जारी होने के बाद, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) अधिनियम और सीजीएसटी नियम, 2017 क्रमशः 1 जुलाई 2017 और 22 जून 2017 से प्रभावी हुए। सीजीएसटी अधिनियम और सीजीएसटी नियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने सामग्री/उपकरण और निर्माण की शेष आपूर्ति के लिए मूल आदेश में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों (टी एंड सी) के साथ जीएसटी को सम्मिलित करते हुए ₹ 204.34 करोड़ का अनंतिम कार्यादेश जारी किया (सितंबर 2017)। तदानुसार, ठेकेदार ने जीएसटी पंजीकरण नंबर जो कि 01 जुलाई 2017 से प्रभावशील था, के साथ बिल प्रस्तुत करना प्रारंभ कर दिया। यद्यपि, 03 जुलाई 2017 को जीएसटी विभाग द्वारा ठेकेदार के जीएसटी पंजीकरण नंबर को स्व–प्रेरणा के आधार पर रद्द कर दिया गया था एवं ठेकेदार ने 05 अक्टूबर 2020 को नया जीएसटी पंजीकरण नंबर प्राप्त किया जिसकी देयता तिथि 14 अगस्त 2019 से प्रभावशील थी।

लेखापरीक्षा ने पाया (अक्टूबर 2020) कि कार्यादेश के नियम एवं शर्तों के अनुसार, ठेकेदार को चल खाता देयकों के साथ करों के भुगतान के संबंध में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना आवश्यक था; अन्यथा करों के समतुल्य राशि को देयक पास करते समय कंपनी द्वारा रोक लिया जाना था। यद्यपि, ठेकेदार ने जीएसटी देयक प्रस्तुत करना जारी रखा तथा कंपनी को करों के भुगतान के दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए बिना ही दो वर्ष से अधिक समय तक अनाधिकृत रूप से जीएसटी एकत्र किया और कंपनी भी नियम एवं शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने में विफल रही और उसके द्वारा सीजीएसटी अधिनियम के अधीन पंजीकृत नहीं होने के बाद भी ठेकेदार को 04 जुलाई 2017 और 13 अगस्त 2019 के दौरान जमा किए गए चल खाता देयकों पर ₹ 10.36 करोड़ (**परिशिष्ट 5.2**) के जीएसटी का भुगतान किया गया।

सरकार ने कहा (जून 2022) कि यद्यपि कार्यादेश के नियम एवं शर्तों के अनुसार देयकों के भुगतान के समय करों के भुगतान का दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किया जाना चाहिये था जिसका अनुपालन नहीं किया गया, चूंकि ठेकेदार द्वारा प्रारंभ में एक वैध जीएसटी पंजीकरण नंबर प्रदान किया गया था इस कारण करयुक्त देयकों की सत्यता पर विश्वास करते हुए जीएसटी की राशि का भुगतान किया गया एवं प्रत्येक देयक के साथ पंजीकरण की वैधता की जांच संभव नहीं है। अधिनियम क्रेता पर ऐसा कोई

[4] सामग्री/उपकरण की आपूर्ति के लिए ₹ 149.97 करोड़ एवं निर्माण के लिए ₹ 53.00 करोड़

कर्त्तव्य/उत्तरदायित्व नहीं डालता है और कर भुगतान का उत्तरदायित्व देयक जारी करने वाले व्यक्ति का होता है। इसके अलावा, अगस्त 2020 में सहायक आयुक्त (राज्य कर) से ठेकेदार के जीएसटी पंजीकरण के निरस्त होने की सूचना लंबित देयकों के भुगतान को रोकने की सलाह के साथ प्राप्त हुई थी। सहायक आयुक्त (राज्य कर) से स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात् ही ठेकेदार को लंबित भुगतान नए जीएसटी नंबर के तहत जारी किया गया था। पुरानी अवधि का जीएसटी वसूल नहीं हो सका क्योंकि ठेकेदार के खिलाफ दिवाला एवं दिवालियापन संहिता (आईबीसी) के तहत कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) 14 अगस्त 2019 को प्रारम्भ हो गई थी तथा इस तिथि के पश्चात् अधिनियम के प्रावधान के अनुसार ठेकेदार से पुराने कर की वसूली संभव नहीं थी।

उत्तर तथ्यात्मक रूप से गलत है क्योंकि जीएसटी पंजीकरण की वैध प्रति ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई थी अपितु केवल देयक में जीएसटी नंबर दर्शाया गया था और कंपनी ने ठेकेदार से न तो जीएसटी पंजीकरण की प्रति मांगी और न ही भुगतान करते समय प्रथम जीएसटी देयक के प्रसंस्करण हेतु समुचित सावधानी बरती, जैसा कि कार्यादेश के नियम व शर्तों के अनुपालन हेतु अनिवार्य था। कंपनी द्वारा ठेकेदार से संबंधित विभाग को उसके द्वारा किये गये करों के भुगतान के संबंध में कोई भी दस्तावेजी साक्ष्य नहीं मांगा गया और जीएसटी के रूप में उसे ₹ 10.36 करोड़ का भुगतान कर दिया गया, इसके परिणामस्वरूप सरकारी खजाने को उक्त राजस्व की पूर्ण हानि हो गई। इसके अलावा, पुरानी अवधि हेतु भुगतान किया गया जीएसटी भी वसूल नहीं हो सका।

रायपुर
दिनांकः 19 जून 2023

(यशवंत कुमार)
प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा)
छत्तीसगढ़

प्रतिहस्ताक्षरित

नई दिल्ली
दिनांकः 21 जून 2023

(गिरीश चंद्र मुर्मू)
भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक

परिशिष्ट

परिशिष्ट 1.1

(कंडिका 1.6.1 में संदर्भित)

लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों एवं कंडिकाओं का विभागवार विवरण (सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र)

विभाग	30 सितम्बर 2021 की स्थिति में लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों/कंडिकाओं की संख्या	
	निरीक्षण प्रतिवेदन	कंडिका
उच्च शिक्षा	142	534
तकनीकी शिक्षा	50	203
स्कूल शिक्षा	568	2797
श्रम विभाग	33	118
सामान्य प्रशासन	136	655
जनसंपर्क विभाग	28	95
संसदीय कार्य विभाग	16	61
राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग	81	291
कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग	104	339
खेल एवं युवा कल्याण विभाग	16	57
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	560	4537
जेल विभाग	51	149
गृह विभाग	144	501
विधि एवं विधायी कार्य विभाग	77	186
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग	166	1830
आवास एवं पर्यावरण विभाग	18	99
संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग	12	84
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग	3	41
पर्यटन विभाग	6	77
लोक निर्माण विभाग	453	2437
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग	241	1418
जल संसाधन विभाग	490	2429
कृषि विभाग	235	1002
उद्यानिकी विभाग	94	670
पशु पालन विभाग	94	494
रेशम विभाग	65	238
मत्स्य विभाग	42	114
सहकारिता विभाग	51	141
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग	170	761
चिकित्सा शिक्षा विभाग	45	428
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग	369	2584
पुनर्वास विभाग	9	29
समाज कल्याण विभाग	96	516
अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग	145	1186
महिला एवं बाल विकास विभाग	362	1769
योग	**5172**	**28870**

परिशिष्ट 1.2

(कंडिका 1.6.1 में संदर्भित)

लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों एवं कंडिकाओं का विभागवार विवरण (पीएसयू)

विभाग	30 सितम्बर 2021 की स्थिति में लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों/कंडिकाओं की संख्या	
	निरीक्षण प्रतिवेदन	कंडिका
वित्त विभाग	4	11
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग	5	72
राज्य आबकारी विभाग	4	24
सामाज कल्याण विभाग	2	13
गृह विभाग	1	7
कृषि विकास, किसान कल्याण एवं जैव–प्रौद्योगिकी विभाग	4	56
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग	13	66
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग	2	22
लोक निर्माण विभाग	1	9
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग	4	21
खनिज संसाधन विभाग	4	16
ऊर्जा विभाग	201	798
वाणिज्य और उद्योग विभाग	9	70
योग	**254**	**1185**

परिशिष्ट 2.1.1

(कंडिका 2.1.9 में संदर्भित)

चयनित जिलों की सूची

स. क्र.	जिला	स. क्र.	जिला
1.	रायपुर	11.	कोरबा
2.	दुर्ग	12.	रायगढ़
3.	बिलासपुर	13.	सूरजपुर
4.	बलौदाबाजार	14.	जांजगीर
5.	धमतरी	15.	महासमुंद
6.	राजनांदगांव	16.	बेमेतरा
7.	कांकेर	17.	सरगुजा
8.	कोरिया	18.	कवर्धा
9.	जशपुर	19.	मुंगेली
10.	बालोद	20.	बीजापुर

परिशिष्ट 2.2.1

(कंडिका 2.2.7.2 में संदर्भित)

विभिन्न जिलों में डीबीटी भुगतान में देरी की सीमा

जिला	क्र. सं.	माह	अंतरण की देय तिथि	जिले से निधि की प्राप्ति	जिला कार्यालय द्वारा निधि अंतरण में विलंब	संचालनालय द्वारा खाते में अंतरण की तिथि	विलंब (दिनों में)
1	2	3	4	5	6	7	8
बलौदाबाजार	1	जनवरी–2020	07–02–2020	उपलब्ध नहीं है	सुनिश्चित नहीं	30–04–2020	83
बलौदाबाजार	2	फरवरी–2020	07–03–2020	उपलब्ध नहीं है	सुनिश्चित नहीं	30–04–2020	54
बलौदाबाजार	3	मार्च–2020	07–04–2020	उपलब्ध नहीं है	सुनिश्चित नहीं	30–04–2020	23
बलौदाबाजार	4	अप्रैल–2020	07–05–2020	13–05–2020	6	13–05–2020	6
बलौदाबाजार	5	मई–2020	07–06–2020	उपलब्ध नहीं है	सुनिश्चित नहीं	10–06–2020	3
बलौदाबाजार	6	जून–2020	07–07–2020	उपलब्ध नहीं है	सुनिश्चित नहीं	15–07–2020	8
बलौदाबाजार	7	जुलाई–2020	07–08–2020	05–08–2020	कोई विलंब नहीं	13–08–2020	6
बलौदाबाजार	8	अगस्त–2020	07–09–2020	16–09–2020	9	22–09–2020	15
बलौदाबाजार	9	सितंबर–2020	07–10–2020	उपलब्ध नहीं है	सुनिश्चित नहीं	03–01–2021	88
बलौदाबाजार	10	अक्टूबर–2020	07–11–2020	उपलब्ध नहीं है	सुनिश्चित नहीं	03–01–2021	57
बलौदाबाजार	11	नवम्बर–2020	07–12–2020	28–12–2020	21	03–01–2021	27
बलौदाबाजार	12	दिसंबर–2020	07–01–2021	21–01–2021	14	19–02–2021	43
बलौदाबाजार	13	जनवरी–2021	07–02–2021	03–03–2021	24	19–03–2021	40
बलौदाबाजार	14	फरवरी–2021	07–03–2021	23–04–2021	47	28–04–2021	52
बलौदाबाजार	15	मार्च–2021	07–04–2021	07–05–2021	30	18–05–2021	41
बलौदाबाजार	16	अप्रैल–2021	07–05–2021	07–05–2021	कोई विलंब नहीं	18–05–2021	11
बलौदाबाजार	17	मई–2021	07–06–2021	07–06–2021	कोई विलंब नहीं	23–06–2021	16
बलौदाबाजार	18	जून–2021	07–07–2021	08–07–2021	1	13–07–2021	6
बलौदाबाजार	19	जुलाई–2021	07–08–2021	04–08–2021	कोई विलंब नहीं	10–08–2021	3
बलौदाबाजार	20	अगस्त–2021	07–09–2021	27–09–2021	20	28–09–2021	21
बलौदाबाजार	21	सितंबर–2021	07–10–2021	01–11–2021	25	04–11–2021	28
बलौदाबाजार	22	अक्टूबर–2021	07–11–2021	23–11–2021	16	25–11–2021	18
बलौदाबाजार	23	नवम्बर–2021	07–12–2021	उपलब्ध नहीं है	सुनिश्चित नहीं	25–12–2021	18
बिलासपुर	1	जनवरी–2020	07–02–2020	उपलब्ध नहीं है	सुनिश्चित नहीं	21–02–2020	14
बिलासपुर	2	फरवरी–2020	07–03–2020	06–03–2020	कोई विलंब नहीं	11–03–2020	4
बिलासपुर	3	मार्च–2020	07–04–2020	उपलब्ध नहीं है	सुनिश्चित नहीं	27–04–2020	20
बिलासपुर	4	अप्रैल–2020	07–05–2020	26–05–2020	19	30–05–2020	23
बिलासपुर	5	मई–2020	07–06–2020	उपलब्ध नहीं है	सुनिश्चित नहीं	16–06–2020	9
बिलासपुर	6	जून–2020	07–07–2020	06–07–2020	कोई विलंब नहीं	10–07–2020	3
